CMYK

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 25°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, सोमवार 29 सितम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 45 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 6 रबी उल सानी 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




बरेली में बवालियों की तलाश में दबिश जारी मौलाना तौकीर समेत 11 भेजे जा चुके जेल पेज 2



मिथुन मन्हास बने बीसीसीआई अध्यक्ष, ओझा, आरपी सिंह टीम की चयन समिति में शामिल खेल टाइम्स



स्वच्छ ऊर्जा की दौड़ में चीन का बढ़ता वर्चस्व सम्पादकीय



यूएन में भारत की जिम्मेदारी बढ़ाने का चीन व रूस ने किया समर्थन पेज 12

### मुजफ्फरनगर में एक लाख का इनामी नईम मुठभेड़ में ढेर

**मुजफ्फरनगर।** खालापार निवासी एक लाख का इनामी नईम मीरापुर व जानसठ पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया। उसका एक साथी फरार हो गया। मीरापुर थाने में तैनात दीवान कालूराम हाथ में गोली लगने से घायल हुआ है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। एसपी देहात आदित्य बंसल ने बताया कि रविवार को दोनों थानों की पुलिस ने एक सूचना के आधार पर भूम्मा नहर पुल की तरफ से जा रहे दो बाइकों पर दो संदिग्ध लोगों को रोकना चाहा, तो उन्होंने पुलिस पर गोली चलाई। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश नईम पुत्र यूसूफ गोली लगने से घायल हो गया। उसका साथी जंगल में भाग गया। कुछ देर बाद ही घायल बदमाश नईम की मौत हो गई। वह मुजफ्फरनगर के थाना खालापार के मोहल्ला खालापार का रहने वाला है।

### ईडी जल्द कुछ एक्टर- क्रिकेटर की संपत्ति जब्त करेगी

**नई दिल्ली।** ईडी जल्द ही कुछ खिलाड़ी और अभिनेताओं की करोड़ों की संपत्तियां जब्त करने जा रहा है। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत ऑनलाइन बेटिंग एप 1यूबेट के प्रमोशन मामले में होगी। ऑफिशियल सोर्स ने बताया कि 1यूबेट एप से मिले एडवर्टाइजमेंट पैसों का इस्तेमाल कुछ सेलिब्रिटीज ने अलग-अलग तरह की संपत्ति खरीदने में किया है। ऐसे में इन्हें प्रोसीड्स ऑफ क्राइम यानी अपराध से कमाई गई संपत्ति माना गया है। ईडी जल्द ही सेलिब्रिटीज की इन चल-अचल संपत्तियों को जब्त करने का आदेश जारी करेगी। कुछ सेलिब्रिटीज की संपत्तियां संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे देशों में भी हैं। फिलहाल इनकी कीमत और मूल्यांकन किया जा रहा है।

### कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा पर दो घुसपैठिए मारे गए

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सुरक्षा बलों ने रविवार को घुसपैठ की एक कोशिश को नाकाम करते हुए दो घुसपैठियों को मार गिराया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि यह घटना तब हुई जब सैनिकों ने नियंत्रण रेखा के पास वन क्षेत्र में संदिग्ध हलचल देखी। वहां तैनात सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें रुकने की चेतावनी दी, लेकिन उन्होंने इसे अनसुना करते हुए गोलीबारी शुरू कर दी। इसके जवाब में सुरक्षा बलों ने भी गोलीबारी की, जिसमें दोनों घुसपैठिए मारे गए।

### बिहार विस चुनावों के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने आगामी बिहार विधानसभा चुनावों और कुछ राज्यों में होने वाले विधानसभा उपचुनावों के लिए 470 अधिकारियों को केन्द्रीय पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त करने का फैसला किया है। चुनाव आयोग की रविवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इन अधिकारियों में 320 आईएएस, 60 आईपीएस तथा 90 आईआरएस, आईआरएएस और आईसीएएस के अधिकारी हैं, जो इस समय विभिन्न राज्यों में कार्यरत हैं।

# एशिया कप: टीम इंडिया की फिरकी में उलझा पाक

## भारत को दिया 147 रनों का टारगेट



**दुबई।** एशिया कप के फाइनल में भारत को 147 रन का टारगेट मिला है। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में चल रहे इस मुकाबले में भारतीय गेंदबाजों ने पाकिस्तान को 19.1 ओवर में 146 रन पर आलआउट कर दिया।

कुलदीप यादव ने 4 विकेट लिए। उन्होंने अपने चौथे ओवर में 3 विकेट निकाले। साहिबजादा फरहान 38 गेंद पर 57 रन बनाकर आउट हुए। वरुण चक्रवर्ती ने उन्हें तिलक वर्मा के हाथों कैच कराया। कुलदीप यादव ने 13वें ओवर की पांचवीं गेंद पर सईम अय्यूब का विकेट लिया। सईम ने 11 गेंदों पर 14 रन बनाए। अक्षर पटेल ने मोहम्मद हारिस (0) को पवेलियन भेजा। फखर जमान का विकेट वरुण को मिला। जमान ने 35 गेंदों पर 46 रन बनाए। अक्षर ने हुसैन तलत (1) को संजू सैमसन के हाथों कैच कराया। पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा को कुलदीप यादव ने आउट किया। कुलदीप ने शाहीन शाह अफरीदी का विकेट भी लिया।

# ऑनर किलिंग: पिता-पुत्र ने युवती को उतारा मौत के घाट

शाह टाइम्स संवाददाता

**■ बंदर भगाने के बहाने छत पर ले जाकर गोली से उड़ाया**

**कांधला ( शामली )।** थाना क्षेत्र के गाव अम्बेहटा में पिता-पुत्र ने अवैध संबंधों के चलते अपनी पुत्री की गोली मारकर हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक युवती के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है।

पुलिस ने हत्या आरोपी पिता व पुत्र को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तमंचा बरामद किया है। थाना क्षेत्र के गांव अम्बेहटा निवासी जुल्फान की 18 वर्षीय पुत्री सना गांव में ही मदरसे में पढ़ाई करती है। रविवार को युवती को उसके पिता व भाई ने किसी युवक के साथ फोन पर बात करते हुए देख लिया था, जिससे पिता-पुत्र नाखुश थे। आरोप है कि पिता-पुत्र सना को बंदर भगाने के बहाने छत पर ले गए और गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। पिता-पुत्र ने -शेष पृष्ठ दो पर

# गजवा-ए-हिंद की कल्पना बन जाएगी नरक का टिकट: योगी

## बरेली बवाल के बाद 24 घंटे में यूपी सीएम का तीसरा अल्टीमेटम

बलरामपुर, वार्ता

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने बलरामपुर के दौरे पर बरेली बवाल को लेकर 24 घंटे में तीसरी बार दंगाइयों को अल्टीमेटम दिया। उन्होंने कहा कि यूपी में अराजकता और दंगा करने वालों को जहन्नुम का टिकट दूंगा।

गजवा-ए-हिंद की कल्पना पर नरक का टिकट मिलेगा। भारत में उन महान आत्माओं के आदर्श चलेंगे, जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपना बलिदान दिया। लोगों को संबोधित करते हुए सीएम ने एक बार फिर प्रदेश में अराजकता और दंगा फैलाने वालों को चेतावनी दी। सीएम योगी ने कहा कि यूपी में ऐसा करने की हिम्मत की, तो जहन्नुम का टिकट दूंगा। बरेली का हवाला देते हुए सबक लेने की नसीहत दी। उन्होंने छांगुर की कालनेमि राक्षस से तुलना करते हुए कहा कि विकास में बाधा डालने वाले राक्षसों का विनाश होगा। सपा और कांग्रेस के अराजकतत्वों से मिले होने की बात कही। सीएम ने कहा कि कुछ लोग भारत में रहते हैं, लेकिन गजवा-ए-हिंद का नारा लगाकर देश के भीतर राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं। भारत की धरती पर ये नहीं होगा। भारत की धरती महान आत्माओं की भूमि है। यहां उन महान आत्माओं के आदर्श चलेंगे, जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपना बलिदान दिया है। गजवा-ए-हिंद की कल्पना करना, इसके बारे में सपना देखना भी नरक का टिकट बन जाएगा। जो लोग ऐसी गतिविधियों में लगे हैं, वे कान खोलकर सुन लें। देर-सवेर उनका भी हश्र छांगुर जैसा ही होगा। सीएम ने आगे कहा कि किसी को प्रदेश का माहौल खराब करने की इजाजत नहीं हैं। कुछ लोग नए हथकंडे अपना रहे हैं। लेकिन, उन्हें याद रखना चाहिए कि हम उनकी सोच से कहीं ज्यादा तैयार हैं। उन्हें वैसे ही पीटा जाएगा जैसे बरेली में पीटा गया। ये मूर्ख यह भी नहीं जानते कि आस्था के प्रतीकों का सम्मान किया जाता है। आस्था कोई चौराहे पर दिखाने की चीज नहीं है।



### उप्र के मुख्यमंत्री ने कहा: यूपी में अराजकता और दंगा करने वालों को जहन्नुम का टिकट दूंगा

### ड्रोन-चोरी के नाम पर भय फैलाने वालों पर लगेगा गैंगस्टर एक्ट

**बलरामपुर।** ड्रोन के नाम पर चोरी और भय फैलाकर दहशत का माहौल बनाया जा रहा है। ऐसे लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी और उनकी संपत्ति जब्त की जाएगी। अगर आपके आसपास कोई दहशत फैला रहा है, तो पहले उसे रोको, समझाओ। वह न माने तो प्रशासन को बताइए। प्रशासन उन्हें ठोंकने का काम करेगा। लव-जिहाद, गोकशी जैसी गतिविधियों में कोई लिप्त है, तो आप पुलिस तक सूचना पहुंचाइए, बाकी का इंतजाम हम स्वयं कर लेंगे।

### योगी आदित्यनाथ ने किए मां पाटेश्वरी के दर्शन

**लखनऊ/बलरामपुर।** उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को मां पाटेश्वरी मंदिर के दर्शन-पूजन किए। दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को बलरामपुर पहुंचे श्री योगी आदित्यनाथ ने रात्रि विश्राम भी मंदिर में ही किया। इस दौरान मंदिर की व्यवस्थाओं एवं नवरात्र मेले की तैयारियों की जानकारी ली। श्री योगी ने रविवार सुबह तुलसीपुर में देवी शक्तिपीठ मां पाटेश्वरी मंदिर में दर्शन, पूजन-अर्चना की एवं मां की आरती उतारी। मुख्यमंत्री ने मां से सुखी, स्वस्थ व प्रसन्नचित्त उत्तर प्रदेश की कामना की।

### यूपी: 7 अक्टूबर को सार्वजनिक अवकाश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 7 अक्टूबर 2025 को पूरे राज्य में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। इस अवकाश की घोषणा महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर की गई है। यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस दिन को राज्य स्तर पर विशेष महत्व देने के लिए सरकारी अवकाश घोषित किया है। यह घोषणा श्रावस्ती से की गई। भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज ने महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश की मांग की थी। समाज के पदाधिकारी द्वारा सरकार से 7 अक्टूबर को सार्वजनिक छुट्टी घोषित करने को लेकर ज्ञापन भी सौंपे थे। वाल्मीकि समाज के अनुसार पहले इस दिन सरकारी अवकाश होता था बाद में इसे रद्द कर दिया गया था। 2025 से यह परंपरा पुन: शुरू की जा रही है।

# छात्राओं के यौन शोषण का आरोपी चैतन्यानंद आगरा से गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ पटियाला कोर्ट में हुई पेशी पांच दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा गया**

**■ चैतन्यानंद के पास से यूएन-ब्रिक्स के फर्जी विजिटिंग कार्ड मिले**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के वसंत कुंज स्थित श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट-रिसर्च के हेड स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थसारथी को दिल्ली पुलिस ने 27 सितम्बर की रात आगरा से गिरफ्तार किया।

चैतन्यानंद पर कई छात्राओं के यौन उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगा है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस चैतन्यानंद को मेडिकल जांच के लिए सफदरजंग अस्पताल दिल्ली लेकर आई। इसके बाद पटियाला कोर्ट में पेशी हुई। जहां से चैतन्यानंद को 5 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। चैतन्यानंद फरार था और उसकी आखिरी लोकेशन आगरा में मिली थी। दिल्ली पुलिस की कई टीमें लगातार छापेमारी कर रही थी। चैतन्यानंद को वसंत कुंज पुलिस स्टेशन लाया गया है, जहां पूछताछ जारी है। दिल्ली पुलिस ने चैतन्यानंद के पास से 2 फर्जी विजिटिंग कार्ड बरामद किए हैं। एक कार्ड में उसे संयुक्त राष्ट्र में स्थाई राजदूत और दूसरे में ब्रिक्स संयुक्त -शेष पृष्ठ दो पर

### भाजपा-आरएसएस के निशाने पर है लद्दाख: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा और आरएसएस पर हमला करते हुए रविवार को कहा कि लद्दाख के लोग, परंपरा और संस्कृति इनके निशाने पर हैं। कांग्रेस नेता ने प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा में चार लोगों के मारे जाने को 'हत्या' करार देते हुए कहा कि सोच समझकर लद्दाख की संस्कृति, परंपरा और वहां के लोगों की 'हत्या' की जा रही है। उन्होंने कहा कि लोगों की आवाज दबाई जा रही है इसलिए ही सोनम वांग्चुक को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है।

# एक्टर विजय की रैली में भगदड़: टीवीके नेताओं पर एफआईआर

**■ मरने वालों का आंकड़ा 40 तक पहुंचा**

**तमिलनाड।** एक्टर विजय की रैली में भगदड़ में रविवार को मरने वालों का आंकड़ा 40 तक पहुंच गया है। इनमें 16 महिलाएं और 10 बच्चे शामिल हैं। 95 लोग घायल हैं, 51 लोग आईसीयू में भर्ती हैं। मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है।

विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के नेताओं के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। उधर, पार्टी ने मद्रास हाईकोर्ट में इस मामले की जांच के लिए अपील की है। पार्टी ने कहा कि यह भगदड़ हादसा नहीं, साजिश है। हादसे के बाद गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार से मामले को लेकर रिपोर्ट मांगी है। एक्टर विजय ने पार्टी के एक्स हैंडल से एक पोस्ट किया है, जिसमें लिखा कि शनिवार को करूर में जो हुआ, उसका दुख बयां करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। मैं मृतकों के परिजन को 20 लाख और घायलों को 2 लाख की मदद देना चाहता हूं। दरअसल, एक्टर विजय ने 2 फरवरी 2024 को टीवीके पार्टी बनाई।

# पीएम ने की त्योहारों में स्वदेशी खरीदने की अपील

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मन की बात का 126वां एपिसोड**



**■ सागर परिक्रमा करने वाली दो अफसरों की चर्चा और छठ पूजा-दिवाली का जिक्र किया**

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने रविवार को अपने रेडियो शो मन की बात के 126वें एपिसोड में फेस्टिव सीजन, आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल पर बात की। पीएम ने कहा कि इस बार त्योहारों में स्वदेशी सामान ही खरीदें। ठान लीजिए, हमेशा के लिए, जो देश में तैयार हुआ है, वही खरीदेंगे।

इसके अलावा पीएम ने दशहरा और छठ पर्व पर भी बात की। मोदी ने कहा कि भारत सरकार छठ पर्व को यूनेस्को की लिस्ट में शामिल करने पर काम कर रही है। इसके बाद पूरी दुनिया में पर्व की भव्यता फैलेगी। पीएम ने कहा कि रविवार को लता मंगेशकर की जयंती है। भारतीय संस्कृति और संगीत में रूचि रखने वाला कोई भी उनके गीतों को सुनकर अभिभूत हुए बिना नहीं रह सकता। उनके गीतों में वो सब कुछ है, जो मानवीय संवेदनाओं को झकझोरता है। मराठी सुगम संगीत की महान हस्ती सुधीर फड़के जी ने सबसे पहले लता दीदी से मेरा परिचय कराया था। मैंने लता दीदी को कहा कि मुझे आपका गाया गाना ज्योति कलश छलके बहुत पसंद है। पीएम के कार्यक्रम में लता मंगेशकर का गाया गीत ज्योति कलश छलके भी सुनाया गया। अमर शहीद भगत सिंह, हर भारतवासी, विशेषकर देश के युवाओं के लिए एक प्रेरणापुंज है। निर्भीकता उनके स्वभाव में कूट-कूट कर भरी थी। देश के लिए फांसी के फंदे पर झूलने से पहले भगत सिंह जी ने अंग्रेजों को एक पत्र भी लिखा था। उन्होंने कहा था कि मैं चाहता हूं कि आप मुझे और मेरे साथियों से युद्धबंदी जैसा व्यवहार करें। इसलिए हमारी जान फांसी से नहीं, सीधा गोली मार कर ली जाए। यह उनके अदम्य साहस का प्रमाण है। पीएम ने कहा कि वोकल फॉर लोकल पर हम ठान लें कि इस बार त्योहार सिर्फ स्वदेशी चीजों से ही मनाएंगे, तो देखिएगा, हमारे उत्सव की रौनक कई गुना बढ़ जाएगी। वोकल फॉर लोकल को खरीदारी का मंत्र बना दीजिए। ठान लीजिए, हमेशा के लिए, जो देश में तैयार हुआ है, वही खरीदेंगे। जिसे देश के लोगों ने बनाया है, वही घर ले जाएंगे।

### प्रधानमंत्री ने करूर रैली के पीड़ितों के लिए अनुग्रह राशि की घोषणा की

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने तमिलनाडु के करूर में एक राजनीतिक रैली के दौरान भगदड़ में मारे गए लोगों के परिजनों के लिए रविवार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। इस घटना में घायल हुए लोगों को 50 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। श्री मोदी ने शनिवार को इस घटना पर दुख जताया था।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### आई लव मोहम्मद विवाद को यहीं रोका जाए: फिरंगी

**लखनऊ।** यूपी के लखनऊ में प्रसिद्ध इस्लामी विद्वान और इमाम-ए-ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने प्रदेश के मुसलमानों से अपील की है कि वे आगामी हिंदू पर्वों के दौरान सौहार्द्र और भाईचारा बनाए रखें। देश में चल रहे आई लव मोहम्मद विवाद को लेकर उन्होंने कहा कि इसको अब रोक देना चाहिए। इसी के साथ मौलाना ने कहा कि धार्मिक अवसरों पर सभी समुदायों को मिल-जुलकर शांति, अमन और आपसी सम्मान के साथ रहना चाहिए। लोगों को हिंसा और उपद्रव से बचने के सलाह भी दी है। देशभर में चल रहे आई लव मोहम्मद विवाद को लेकर मौलाना रशीद फिरंगी महली ने कहा कि जो भी चल रहा है वो काफी अफसोसनाक है, मेरी लोगों से यही अपील है कि इस मामले में पूरी तरह से शांति व्यवस्था कायम रखें। पैगंबर मोहम्मद के सिलसिले में कुछ अदाब हुआ करते हैं।

### बरेली हिंसा पर कांग्रेस का सीएम योगी पर निशाना


**लखनऊ।** कांग्रेस नेता उदित राज ने उत्तर प्रदेश के बरेली में उपद्रवियों पर हुए लाठीचार्ज का विरोध करते हुए मुख्यमंत्री योगी के बयान पर भी निशाना साधा, जिसमें उन्होंने कहा कि माहौल खराब करने वाले मौलाना की डेंटिंग पेंटिंग करना जरूरी था। उन्होंने कहा कि कई मौलाना भाजपा से मिले हुए हैं और हिंसा भाजपा की मिलीभगत से हो रही है। कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा कि कई मौलानाओं ने भाजपा से हाथ मिलाया हुआ है और ये उनके हित में है कि देश में हिंदू-मुस्लिम होता रहे। उन्होंने कहा कि आई लव मोहम्मद उसी तरह है, जिस तरह से बजरंग बली की जय हो और जय श्रीराम जैसे नारे हैं।

# भ्रामक ग्राफ और अपारदर्शी डेटा विश्लेषण गुमराह करने वाला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कुंदरकी विधानसभा उपचुनाव को लेकर हाल ही में प्रकाशित एक लेख और उसके ग्राफ़ों का निर्वाचन आयोग ने खंडन किया है और कहा है कि ये आयोग के आंकड़ों से मेल भी नहीं खाते हैं।

आयोग ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लेख के ग्राफ-3 को लेकर पोस्ट करते हुए कहा है कि यह ग्राफ़ नवंबर 2024 के उपचुनाव में मतदान प्रतिशत को अप्रैल 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के बूथ-वार वोट प्रतिशत से जोड़कर दिखाता है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, लोकसभा चुनावों में 128 बूथ ऐसे थे, जहां भाजपा को 10 प्रतिशत से कम वोट मिले थे। इनमें से 66 बूथों (50 प्रतिशत से अधिक) में उपचुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत 46 प्रतिशत से ऊपर था, जबकि लेख के ग्राफ़ में 0.10 प्रतिशत श्रेणी में ऐसा कोई डेटा दिखाई नहीं देता। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि लेख में दावा किया गया है कि कुंदरकी में मतदान प्रतिशत 67.7 प्रतिशत से गिरकर 57.8 प्रतिशत होने का कारण मुस्लिम मतदाताओं का दमन था, जो यह गलत है। उप्र की आठ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव में मतदान प्रतिशत लोकसभा चुनावों की तुलना में कम हुआ है।



■ कुंदरकी विस उपचुनाव को लेकर ईसी ने लेख का खंडन किया

उदाहरण के लिए, गाजियाबाद विधानसभा में मतदान लगभग 14.5 प्रतिशत घटा, जबकि वहां मतदाता दमन की कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई। लेख में मतदाता सूची से नाम हटाने को लेकर बहादरपुर गांव का उदाहरण दिया गया है। यहां पांच मतदान केंद्रों में कुल 3544 मतदाता हैं, जिनमें 3075 मुस्लिम हैं। लेख के अनुसार लोकसभा और उपचुनाव के बीच 124 नाम हटाए गए, जिनमें 110 मुस्लिम थे (लगभग 89 प्रतिशत) हैं, जबकि आयोग के मुताबिक बताए गए आंकड़े वास्तविकता से मेल नहीं खाते हैं। आयोग ने कहा है कि चुनाव आयोग धर्म-आधारित मतदाता डेटा सार्वजनिक नहीं करता है। लेख में जो पांच ग्राफ़ शामिल किए गए हैं, उनमें से तीन का आधार कथित निजी डेटा है। ऐसे में उसके निष्कर्षों की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। लेख ने सीएसडीएस सर्वेक्षण का हवाला देकर दावा किया है कि केवल दो प्रतिशत मुस्लिम मतदाताओं ने लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को वोट दिया। इस बावत आयोग का कहना है कि सर्वेक्षण हमेशा त्रुटिहीन नहीं होते और न ही यह माना जा सकता है कि भविष्य में भी यही अनुपात रहेगा।

# आई लव मोहम्मद से कोई दिक्कत नहीं

## बीजेपी नेता व पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह का बड़ा बयान

गोंडा, वार्ता

आई लव मोहम्मद पोस्टर विवाद के बाद उत्पन्न तनाव के बीच भारतीय जनता पार्टी के नेता और पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह की प्रतिक्रिया आई है। आई लव मुहम्मद नारे पर गोंडा में बीजेपी नेता बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि किसी को भी आई लव मुहम्मद से कोई दिक्कत नहीं है, क्योंकि हम सनातन धर्म के अनुयायी कृष्ण से भी प्रेम करते हैं और राधा से भी।

उन्होंने कहा कि इसलिए किसी को भी आई लव मुहम्मद से कोई दिक्कत नहीं, न ही होनी चाहिए, लेकिन अगर आई लव मुहम्मद के बहाने देश में सां. प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने और



किसी दूसरे समुदाय को नीचा दिखाने की कोशिश की जाए, तो यहीं से दिक्कत शुरू होती है। दूसरी ओर इस मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी के विधायक बाबा बालक नाथ ने इसे विरोधी पार्टियों का षड्यंत्र करार दिया। बाबा बालक नाथ ने कहा कि देश में अच्छ्छा माहौल है। आई लव मोहम्मद विवाद राजनीतिक पार्टियों द्वारा रचा गया षड्यंत्र है। प्रदेश सरकार इस तरह के मामलों से निपटने में पूरी तरह सक्षम है।

### सपा नेता अबू आजमी ने क्या कहा?

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अबू आजमी ने बरेली विवाद पर कहा कि कानपुर में गलत तरीके से एफआईआर दर्ज की गई, जिसके बाद इसके खिलाफ आंदोलन शुरू हो गया। उन्होंने कहा कि बरेली में अगर कुछ गलत हुआ था, तो केस दर्ज होना चाहिए था। पुलिस ने जिस तरह लाठीचार्ज किया, उसकी निंदा होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि ईद मिलादुन्नबी के मौके पर मुस्लिम समुदाय ने आई लव मोहम्मद कहकर अपने पैगंबर के प्रति प्रेम व्यक्त किया, लेकिन इस पर एफआईआर दर्ज कर दी गई।

# वोट चोरी के खिलाफ पांच करोड़ हस्ताक्षर कराएंगे

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने कहा है कि 'वोट चोरी' के खिलाफ पार्टी का देश भर में हस्ताक्षर अभियान चल रहा है और इसके तहत पांच करोड़ लोगों से हस्ताक्षर करवाए जाएंगे।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इस अभियान में शामिल होते हुए रविवार को कहा कि बड़े पैमाने पर 'वोट चोरी' और मतदाता सूची में हेराफेरी हो रही है और इसने हमारे गणतंत्र की बुनियाद में लोगों के विश्वास को हिलाकर रख दिया है। 'वोट चोरी' महज अपराध भर नहीं है, बल्कि यह हमारे संविधान पर एक बड़े हमले का हिस्सा है, यह हमारी अर्थव्यवस्था को कमज़ोर कर रहा है, सामाजिक अन्याय फैला रहा है और देश की अखंडता के लिए खतरा बन गया है। उन्होंने कहा कि हमारे राष्ट्रव्यापी 'वोट चोर, गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान और घर-घर



■ कांग्रेस महासचिव वेणुगोपाल अभियान में शामिल हुए

प्रचार अभियान के तहत, मैं आज केरल के अलप्पुझा स्थित अपने वार्ड कैथवना में इस आंदोलन में शामिल हुआ। पूरे भारत में, कांग्रेस लोकतंत्र पर इस ज़बरदस्त हमले के खिलाफ़ पांच करोड़ हस्ताक्षर एकत्र करेगी। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह एक जन आंदोलन के रूप में तेज़ी से गति पकड़ रहा है और उनकी पार्टी लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले प्रत्येक नागरिक से संविधान की रक्षा और भारत की आत्मा को बचाने के इस संघर्ष में शामिल होने का आह्वान करती है।

## मौलाना तौकीर समेत 11 भेजे जा चुके हैं जेल, ड्रोन से निगरानी की जा रही

# बरेली में बवालियों की तलाश में दबिश जारी

शह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** बरेली में बवाल के मामले में पुलिस ने अब तक 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें मौलाना तौकीर रजा समेत 11 को जेल भेज दिया गया है, जबकि एक आरोपी का अस्पताल में उपचार चल रहा है। करीब 50 लोगों को हिरासत में लिया गया है। मुकदमों में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने लगातार दबिश दे रही है।

डीएम अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य ने रविवार को बैठक की। इसके बाद शहर में भ्रमण कर हालात का जायजा लिया। शुक्रवार को हुए बवाल और मौलाना तौकीर की गिरफ्तारी के बाद अब शहर में हालात पूरी तरह सामान्य हैं। रविवार को सामान्य दिनों की तरह बाजार में चहल-पहल देखी गई। उधर



■ लोगों ने पुलिस पर बरसाए फूल, कहा- जलने से बचाया शहर

मौलाना तौकीर के आवास से लेकर आसपास के इलाकों में पुलिस का कड़ा पहरा है। ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है। पुलिस प्रशासन के अफसर भी लगातार भ्रमणशील हैं। इस मामले में पांच थानों में दस मुकदमे दर्ज किए गए हैं। इनमें 125 लोग नामजद हैं। करीब तीन हजार अज्ञात आरोपी हैं। जिन्हें पुलिस चिन्हित कर रही है। पुलिस ने शनिवार तड़के मौलाना तौकीर समेत आठ आरो. पियों को गिरफ्तार कर लिया।

### आई लव मोहम्मद को लेकर अलीगढ़ में अलर्ट

**अलीगढ़।** 'आई लव मोहम्मद' को लेकर 26 सितम्बर को बरेली में हुए घटनाक्रम के बाद प्रदेशभर में प्रतिक्रिया भी शुरू होने लगी है। इसके चलते प्रदेश के सांप्रदायिक शहरों में अलर्ट जारी किया गया है। इसी क्रम में अपने शहर में भी पुलिस सतर्कता बरत रही है।

शनिवार को भी पुलिस ने पुराने शहर में विशेष सतर्कता बरती व खुराफातियों व अफवाह उड़ाने वालों पर नजर रखी जा रही है। साथ में फ्लैगमार्च भी किया गया। कानपुर में हुए घटनाक्रम के बाद जुमे पर शहर में जुलूस निकालने का प्रयास हुआ था। मगर पुलिस प्रशासन ने जुलूस को रुकवा दिया। इसी बीच बरेली में दोपहर में घटनाक्रम हो गया। इसके बाद से प्रदेश में प्रतिक्रिया सामने आने लगी है। इसके चलते सभी संवेदनशील शहरों में अलर्ट जारी किया गया है। शनिवार को अपने शहर में भी सर्किल वार सतर्कता बरती गई। सभी संवे. दनशील व मिश्रित आबादी वाले इलाकों में फ्लैग मार्च किया गया। साथ में धर्मगुरुओं से अधिकारियों द्वारा लगातार संवाद किया जा रहा है। खुराफात करने व अफवाह उड़ाने वालों पर विशेष नजर रखी जा रही है। एसएसपी नीरज जादौन कहते हैं कि लोगों से लगातार संवाद जारी है। किसी को कानून हाथ में नहीं लेने दिया जाएगा।

डीएम अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य ने दोपहर में प्रेसवार्ता कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने सभी आठ आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मौलाना की गिरफ्तारी के बाद एहतियातन जिले में 29 सितम्बर की रात 12.30 बजे तक के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई। मौलाना तौकीर से दोस्ती में चक महमूद का पार्षद अनीस सकलैनी और फाइक एन्क्लेव निवासी बरातघर मालिक फरहत पुलिस के निशाने पर आ गए। दो मुकदमे दर्ज कर पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें से तीन को जेल भेजा गया है, जबकि चौथे का अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है।बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया कि पुलिस ने मौलाना तौकीर के करीबी बरातघर मालिक फरहत खां और उसके पुत्र मोईन अली को भी गिरफ्तार किया है। दोनों मौलाना के खास माने जाते हैं।



सेंसेक्स 81159.68
निफ्टी 24890.85



सोना रु. 115500
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 139900
प्रति किलो



# मौद्रिक नीति के बयान व आर्थिक आंकड़ों से तय होगी बाजार की दिशा

मुंबई, वार्ता

अमेरिका में एच1बी वीजा के शुल्क में बेतहाशा बढ़ोतरी के कारण बीते सप्ताहत शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के बयान और वृदह आर्थिक आंकड़ों पर रहेगी।

एमपीसी की बैठक 29 सितम्बर से शुरू होगी और 1 अक्टूबर को बयान जारी किया जाएगा। घरेलू और वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए इस बार नीतिगत ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती की उम्मीद है। इसके अलावा औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े 29 सितंबर को और विनिर्माण क्षेत्र के लिए पीएमआई के आंकड़े 01 अक्टूबर को जारी होने वाले हैं। वैश्विक कारकों के साथ इन तीनों कारकों का प्रभाव



निवेश धारणा पर पड़ेगा। घरेलू शेयर बाजारों के लिए पिछला सप्ताह विस्मरणीय रहा। सेंसेक्स 2,199.77 अंक (2.66 प्रतिशत लुढ़ककर) 80,426.46 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 672.35 अंक यानी 2.65 फीसदी की गिरावट में सप्ताहांत पर शुक्रवार को 24,654.70 अंक पर बंद हुआ। अमे. रिका में ट्रम्प प्रशासन ने एच1बी वीजा के शुल्क में बेतहाशा वृद्धि कर इसे एक लाख डॉलर करने का आद. ेश जारी किया है। एच1बी वीजा कंपनियों को अमेरिका में किसी खास विशेषज्ञता वाले कार्यबल की कमी की स्थिति में उसे अस्थाई रूप से विदेशियों को लाने की अनुमति देता है। अधिकतर भारतीय और दूसरे देशों की आईटी कंपनियों के अमे. रिका स्थिति कार्यालय में ज्यादातर विदेशी लोग की कार्यरत हैं। इस आदेश से आईटी कंपनियों के शेयरों में जबरदस्त गिरावट रही। मझौली और छोटी कंपनियों का और भी बुरा हाल रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक सप्ताह के दौरान कुल 4. 40 फीसदी और स्मॉल कैप.100 सूचकांक 5.10 फीसदी टूट गया। सेंसेक्स की 30 में से 27 कंपनियों में साप्ताहिक गिरावट देखी गई। टेक महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक 9.43 प्रतिशत टूटा।

### हरित ऊर्जा, स्मार्ट मोबिलिटी में भी सहयोग बढ़ाना चाहता है ताइवान

**नई दिल्ली।** ताइवान इलेक्ट्रानिक्स और सेमीकंडक्टर निर्माण क्षेत्र में भारत के साथ अपने व्यापारिक रिश्तों को और आगे बढ़ाते हुए हरित ऊर्जा और स्मार्ट मोबिलिटी के क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ाना चाहता है। गत सप्ताह भारत मंडपम में आयोजित ताइवान इंडिया प्रदर्शनी में शामिल होने आए ताइवान विदेश व्यापार विकास परिषद के कार्यकारी निदेशक ब्रायन ली ने यह बात कही।

उन्होंने भारत से सीमा शुल्क कम करने और बौद्धिक सम्पदा सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग करते हुए कहा कि भारत और ताइवान के मध्य व्यापार सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। पिछले साल द्विपक्षीय व्यापार ने रिकॉर्ड 10.6 अरब डॉलर का आंकड़ा छुआ था। उन्होंने कहा कि इसकी वजह यह है कि आईसीटी, मशीनरी और हरित समाधानों में ताइवान के उत्पाद, भारत की तेज़ी से बढ़ती ज़रूरतों से मेल खाते हैं। जब उनके पूछा गया कि दोनों देशों के द्विपक्षीय व्यापार का क्या भविष्य है, तो उन्होंने इसके उत्तर में कहा कि भारत 'डिजिटल इंडिया', 'मेक इन इंडिया' और 'इंडियाएआई' को आगे बढ़ा रहा है और ताइवान इन क्षेत्रों में एक विश्वसनीय भागीदार हो सकता है। वह सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक वाहनों और स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत से और अधिक सहयोग की आशा करता है।

# चावल-गेहूं नरम, चीनी हुई मजबूत खाद्य तेलों-दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव में नरमी रही। गेहूं में भी मंदी देखी गई। चीनी के भाव बढ़ गए जबकि खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव रहा। घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत छह रुपए घटकर सप्ताहांत पर 3,836.87 रुपए प्रति क्विंटल पर रही।

गेहूं 23 रुपए सस्ता होकर 2,839.85 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत भी छह रुपए घट गई और सप्ताहांत पर यह 3,317.28 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। बीते सप्ताह सरसों तेल की औसत कीमत 129 रुपए प्रति क्विंटल गिरी। मूंगफली तेल में भी 41 रुपए और सोया तेल में 50 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। सूरजमखी तेल 39 रुपए और पाम ऑयल सात रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। वनस्पति की कीमत भी 52 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत में 17 रुपए की साप्ताहिक तेजी दर्ज की गई। चना दाल की कीमत 34 रुपए और मूंग दाल की 31



रुपए प्रति क्विंटल घट गई। तुअर दाल 34 रुपए और उड़द दाल 61 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। गुड़-चीनी: सप्ताह के दौरान मीठे के बाजार में गुड़ के औसत भाव करीब दो रुपए प्रति क्विंटल घट गए। वहीं चीनी में छह रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। दाल-दलहन: दाल चना 7904.92 रुपए, मसूर काली 8123.58 रुपए, मूंग दाल 10100.53 रुपए, उड़द दाल 10405.89 रुपए, अरहर दाल 10528.57 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: गेहूं दड़ा 2839.85 रुपए और चावल 3836.87 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4321.94 रुपए और गुड़ 5013.98 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17809.41 रुपए, मूंगफली तेल 17664.41 रुपए, सूरजमुखी तेल 15507.15 रुपए, सोया रिफाइंड 13784.19 रुपए, पाम ऑयल 12425.19 रुपए और वनस्पति 14531. 71 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

### प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ऑनर किलिंग:...**

युवती की हत्या करने के बाद युवती के शव को कमरे में लाकर डाल दिया और शव के बराबर में ही तमंचा भी रख दिया। आरोपियों ने हत्या को आत्महत्या में बदलने का पूरा प्रयास किया, लेकिन पुलिस की शक्ति के आगे पिता-पुत्र टूट गए और सना की हत्या करना कबूल किया। पुलिस ने मृतक युवती के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, साथ ही पुलिस ने पिता व पुत्र को हिरासत में ले लिया है। उनके कब्जे से पुलिस ने तमंचा व कारतूस बरामद किया है। घटनास्थल का एनपी सिंह ने पहुंचकर निरीक्षण किया। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

**छात्राओं के...**

आयोग का सदस्य और भारत का विशेष दूत बताया गया है। आगरा के जिस होटल से स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती को गिरफ्तार किया गया था, उसके रिसेप्शनिस्ट भरत ने बताया कि चैतन्यानंद शनिवार शाम करीब 4 बजे वहां पहुंचे। उन्होंने बताया कि उनके ठहरने के दौरान उनसे मिलने कोई नहीं आया। भरत ने कहा कि नाइट शिफ्ट में काम करने वाले कर्मचारी ने उनकी एंट्री की थी। रात में लगभग 3:30 बजे दो पुलिसकर्मी आए जिन्होंने खुद को दिल्ली क्राइम ब्रांच का इंस्पेक्टर बताया। दोनों ने बाबा से उनके कमरे में 10 मिनट तक बात की और उन्हें अपने साथ ले गए। बाबा ने हमें अपना नाम पार्थ सारथी बताया था।

# उप्र में पोस्टर वॉर: सपा कार्यालय के बाहर लगे आई लव अखिलेश यादव के पोस्टर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** पंचायत चुनावों से पहले उत्तरप्रदेश की राजनीति एक बार फिर ध्रुवीकरण के मुहाने पर खड़ी हो गई है और राजनीतिक दलों के बीच पोस्टर वॉर शुरू हो गया है।

भाजपा की ओर से लगाए 'आई लव योगी आदित्यनाथ जी' के पोस्टर के जवाब में समाजवादी पार्टी कार्यालय के बाहर समा समर्थकों ने 'आई लव अखिलेश यादव' के पोस्टर लगाया है और अपनी एकजुटता दर्शाई है। उप्र में पोस्टर वॉर की शुरुआत लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की दो दिवसीय रायबरेली यात्रा के दौरान हुई थी। इस दौरान सपा के प्रदेश सचिव राहुल निर्मल बागी ने ब्रह्मा- विष्णु-महेश के पोस्टर लगा कर सनसनी फैला दी थी। पोस्टर में तेजस्वी, गांधी और यादव को भगवान का दर्जा दिया गया







भाजपा ने लगाए 'आई लव योगी आदित्यनाथ जी'

था। पोस्टर में लिखा था कि 'इंडिया की अंतिम आस, कलयुग के ब्रह्मा, विष्णु, महेश।' फोटो में तेजस्वी को भगवान ब्रह्मा का दर्जा और गांधी को भगवान विष्णु का दर्जा दिया गया था, जबकि श्री अखिलेश को भगवान महेश का अवतार बताया गया था। इसके बाद सीतापुर जेल से 23 माह बाद रिहा हुए समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता आजम खान के समर्थन में समर्थकों ने पार्टी कार्यालय के बाहर पोस्टर लगाकर अपनी निष्ठा जताई थी। सपा नेता मोहम्मद इकलाख की तरफ से लगाए गए इस पोस्टर में लिखा गया था कि 'आजम लौटे, ये एक नई सुबह की पहचान है, गौर से सुनो हवाओं में सरकार बदलने का ऐलान है।

वहीं पिछले दिनों कानपुर के रावतपुर इलाके में 'आई लव मोहम्मद' के पोस्टर को लेकर उठे विवाद ने राजनीतिक दलों के लिए बूस्टर डोज का काम किया है। बरेली में हुए प्रदर्शन को लेकर सरकार के सख्त रुख को देखते हुए पहले जहां आई लव महादेव के पोस्टर लग रहे थे, वही बीजेपी नेता व युवा मोर्चा के महामंत्री अमित त्रिपाठी ने 'आई लव योगी आदित्यनाथ जी' और 'आई लव बुलडोजर' लिखा कर सियासी गर्मी बघ दी है। इन पोस्टरों पर योगी आदित्यनाथ और त्रिपाठी की फोटो लगी है। बीच में बुलडोजर की भी फोटो छपी है। वहीं सपा कार्यालय के बाहर समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव विवेक सिंह यादव की तरफ से लगाए गए 'आई लव अखिलेश यादव जी' के पोस्टर में समाजवादी सरकार के दौरान हुए विकास कार्यों को दर्शाया गया है। पोस्टर में अखिलेश के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल रहे लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस व एक्सप्रेस पर लड़ाकू विमानों के उतरने व लैपटॉप योजना को जगह दिया गया है।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर सिरोसिस आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## एक नजर

### मन की बात कार्यक्रम को सुना



**नूरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल व भाजपा नेत्री ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान के नेतृत्व में मौहल्ला कबीरनगर ब्लॉक के सभागार में बूथ अध्यक्ष राजन कर्णवाल के आवास पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल ने कहा यह कार्यक्रम न केवल देशवासियों को जोड़ता है, बल्कि हमें नई ऊर्जा और दिशा भी प्रदान करता है। प्रधानमंत्री के विचार समाज सेवा, नवाचार स्वच्छता आत्मनिर्भरता और राष्ट्र निर्माण की राह पर हर व्यक्ति को प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर महामंत्री वीर प्रकाश सिंह, उपाध्यक्ष जीतू भुईयार, प्रदीप राणा, गुरविंदर सिंह, मंत्री विनोद, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अनिकेत घाघट, सतीश कुमार, हिमांशु, सतवीर सिंह चौहान, राशु चौहान, प्रमोद त्यागी, सरदार हरभजन सिंह, अंकित जोशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र जोशी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पथ संचलन का स्वागत



**नहटौर।** क्षेत्र के फुलसंदा आश्रम से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन शुरू हुआ। पथ संचलन आश्रम से प्रारंभ होकर फुलसंदा खाकम, फुलसंदा गंगदास, फुलसंदा हीरा से होते हुए आश्रम पर आकर संपन्न हुआ। करीब 12 स्थान पर पथ संचलन पर फूलों की वर्षा करते हुए स्वागत किया गया। पथ संचलन हरीश कुमार, मुकेश कुमार, सचिन कुमार, चिंतामणि सिंह, नेपाल सिंह कुलवीर सिंह, आकाश कुमार, प्रयांग आदि ने भाग लिया।

# स्योहारा को सुंदर व स्वच्छ बनाने में सहयोग करें नागरिक : विजेन्द्र सिंह



### स्वच्छता अभियान में जनसहयोग जरूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** स्योहारा पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी विजेन्द्र सिंह पाल ने स्वच्छता अभियान में नागरिकों से सहयोग का आह्वान करते हुए कहा कि बिना जन सहयोग के कोई भी अभियान कामयाब नहीं हो सकता है।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्योहारा नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी नगर को सुंदर व स्वच्छ बनाने के लिए अपनी टीम के साथ मिल कर हर संभव प्रयास कर रहे है। नगर में सफाई व्यवस्था काफी दुरुस्त हो गई है। नगर पालिकाकर्मियों के द्वारा सभी वार्डों में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। प्रतिदिन पालिका कर्मी कूड़ा उठा रहे है। अधिशासी अधिकारी विजेन्द्र सिंह पाल स्वयं अभियान की निगरानी कर रहे है। उन्होंने पालिकाकर्मियों को हिदायत दी है कि सफाई व्यवस्था में कही भी कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। इसका नतीजा सभी के सामने आ रहा है।

उन्होंने नगरवासियों से भी सफाई अभियान में सहयोग का आह्वान करते हुए कहा कि वह कूड़ा कचरा निश्चित स्थान पर ही डाले और प्रयास करें कि अपने घरों व प्रतिष्ठानों की सफाई पालिकाकर्मियों के द्वारा सफाई कार्य किए जाने से पूर्व ही कर लें। उन्होंने कहा कि नगर में अधिक से अधिक पौधे लगा कर उनका बच्चों की तरह पालन-पोषण किया जाए। जिससे नगर में चारों तरफ हरियाली दिखाई दे। उन्होंने पॉलीथिन का इस्तेमाल न करने का भी आह्वान करते हुए कहा कि अपने घरों से बाजार के लिए जाने के दौरान थैला पास में रखे। पॉलीथिन का इस्तेमाल गैर कानूनी है। इससे प्रदूषण फैलता है। उन्होंने करों की अदायगी भी समय से करने का आह्वान किया। साथ ही जन्म व मृत्यु का पंजीकरण भी निर्धारित समयावधि में करने का आह्वान किया। ताकि परेशानियों से बचा जा सके।

# नजीबाबाद में दो करोड़ की चोरी

## पुलिस अधिकारियों ने दौरा कर की खानापूर्ति

सोनू आदित्य

**नजीबाबाद।** नगर में बर्तन व्यापारी की दुकान से बीती रात लगभग दो करोड़ रुपए का माल चोरी कर लिया गया। जिससे व्यापारियों व आम आदमी में दहशत फैल गई है। पुलिस अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर सिर्फ खानापूर्ति की।



प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय चौक बाजार पर योगेश कुमार तायल की पुरानी बर्तनों की दुकान है। मौहल्ला बालकराम निवासी योगेश कुमार तायल पुराने बर्तन खरीदने व नए बर्तन बेचने का काम करते है। यहां पर बरसों से पुराने टूटे-फूटे बर्तनों को खरीदा जाता है। ग्रामीण क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में ग्राहक पुराने बर्तनों के बदले नए बर्तन लेने के लिए उनके पास आते है। क्षेत्र में उनका सबसे बड़ा कारोबार है। आज सुबह जब वह अपनी दुकान पर पहुंचे, तो उन्होंने छत के ऊपर जीने का दरवाजा कटा हुआ देखा। दुकान के अंदर सामान बिखरा पड़ा देखा। बताते है कि दुकान के अंदर सामान बिखरा पड़ा हुआ था। चोर आर्य समाज स्कूल की तरफ से गेट काट कर अंदर घुसे थे। सामान बिखरा देख कर उनका माथा ठनक गया और पैरों तले से जमीन निकल गई। दुकान मालिक योगेश कुमार तायल द्वारा पुलिस को दी गई जानकारी में बताया गया है कि दो से ढाई लाख रुपए नगद दुकान में रखे हुए थे। साथ ही बड़ी संख्या में जेवरात भी यहां पर रखे हुए थे। जिन्हें चोरी कर लिया गया। उनकी तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। जैसे ही उनकी दुकान में चोरी की खबर नगर में फैली, तो हर कोई दंग रह गया। वहां पर व्यापारियों व आम नागरिकों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। लगभग दो करोड़ रुपए की चोरी की जानकारी मिलते ही पुलिस के भी हाथ-पांव फूल गए। एसपी अभिषेक ने अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ मौके का निरीक्षण किया।

घटना के सफल अनावरण के लिए फॉरेंसिक टीम, सर्विलांस टीम, स्वाट टीम और लोकल पुलिस की टीमें लगी हुई है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

### ब्याज का काम भी बड़े पैमाने पर जारी

**बिजनौर।** लगभग दो करोड़ रुपए के सामान व जेवरात के चोरी हो जाने से जहां पुलिस व्यवस्था की पोल खुल गई है, वहीं यह बात भी सामने आ रही है कि इस सनसनीखेज वारदात में किसी परिचित का ही हाथ हो सकता है। क्योंकि पीड़ित व्यापारी बड़े पैमाने पर ब्याज का काम भी करते है। यह परिवार पुराना साहूकार है। जिसे यह पता होगा कि इस पुरानी दुकान में जेवरात भी रखे हुए है, उसके द्वारा ही वारदात को अंजाम दिया गया होगा। शातिर अपराधियों ने बड़े आराम के साथ वारदात को अंजाम दिया।

# मंदिर पर लूटपाट मामले में पुलिस खाली हाथ

## खुलासा न होने से नागरिकों में रोष





विशाल खटीक

**मंडावर।** मंदिर के पुजारी और उसके साथी सेवादार को बंधक बनाकर नकाबपोश बदमाशों द्वारा की गई लूटपाट की वारदात में पुलिस कोई खास दिलचस्पी नहीं दिखा रही हैं। पुलिस की लापरवाही के चलते नकाबपोश बदमाशों का अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है, जिससे लोगों में रोष व्याप्त हैं।

यहां कस्बे के दक्षिण पश्चिम में स्थित प्राचीन कालंद्री देवी मंदिर पर विगत दिनों पुजारी त्रिलोकीनाथ और सेवादार रामचंद्र को अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने शस्त्रों के बल पर सोते हुए उठाया। इस दौरान बदमाशों ने त्रिलोकी नाथ के साथ मारपीट की, जिससे वह लहूलुहान हो गया। बदमाशों ने मंदिर की दो देग, तीन टार्च, एक कीपैड मोबाइल, दोनों से 15 सौ-15 सौ रुपए व अन्य सामान लूट लिया। बदमाश त्रिलोकीनाथ और सेवादार रामचंद्र को नजदीक शिव मंदिर के कमरों में बंद कर गए। बदमाशों ने नकदी और जेवरात की खोजबीन के लिए घंटों सारे कमरे का एक-एक सामान खंगाला। बदमाश मंदिर के कीमती घंटे भी उतार कर ले जाना चाहते थे, किंतु उनमें मोटी लोहे की जंजीर रिपीट होने की वजह से नहीं ले जा सके। बहरहाल सुबह को जब पूजा अर्चना करने सोनू गोयल आदि मंदिर आए तो उन्होंने उन्हें कमरे से बाहर निकाला। मंदिर से जुड़े लोगों को जब इस घटना की खबर मिली तो वे तुरंत मंदिर पहुंचे। लहूलुहान पुजारी त्रिलोकी नाथ को देख कर सभी हतप्रभ रह गए। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष पवन कुमार शर्मा और पुलिस उपाधीक्षक गौतम राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने त्रिलोकी की तहरीर पर मामूली चोरी की धाराओं में मुकदमा दर्ज तो किया लेकिन पुलिस ने इस लूटपाट को खोलने का अभी तक कोई कार्य नहीं किया है। ऐसा लगता है कि जैसे इस घटना के बाद भी पुलिस हाथ पर हाथ रखे बैठी है। जिस कारण पुलिस को अभी तक कोई सुराग हाथ नहीं लग सका है।

आज पूर्व सभासद विपुल गुप्ता ने थाने पहुंच कर लिखी गई रिपोर्ट की चल चिक हासिल की और अभी तक बदमाशो तक न पहुंचने पर आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि अब नवागत थानाध्यक्ष सुमित राठी इस लूटपाट की घटना को खोल देंगे।

### लूट की घटना का खुलासा करना नए थानाध्यक्ष के लिए चुनौती



**मंडावर।** प्राचीन मंदिर में पुजारी व उसके साथी सेवादार को बंधक बना कर नकाबपोश बदमाशों के द्वारा लूटपाट करने की सनसनीखेज वारदात का खुलासा करना नए थानाध्यक्ष सुमित राठी के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। पुलिस वारदातों को रोकने की बजाए उसे छिपाने में दिलचस्पी लेती है। इससे उसकी फजीहत होती है। पुलिस आज तक मंदिर के पुजारी से की गई लूटपाट का खुलासा नहीं कर पाई है। जिससे श्रद्धालुओं में रोष देखा जा रहा है। अब देखना यह है कि नए थानाध्यक्ष सुमित राठी पुलिस की लाज बचा कर वारदात का खुलासा कर पाते है या नहीं।

# मोनू की हत्या का आरोपी रवि गिरफ्तार

## घटना में प्रयुक्त कम्बल भी बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** नगर के मौहल्ला पहाड़ी दरवाजा मनिहारी सराय में भाई को भाई के द्वारा मौत के घाट उतारने के मामले में पुलिस ने आरोपी भाई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। छोटे लाल पुत्र घसीटा ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि रवि कुमार पुत्र स्व. सुरेश ने उसके भतीजे मोनू की हत्या कर दी।

मामले में थाना धामपुर पुलिस ने मुकदमा संख्या 372/2025 धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत कर जांच शुरू की। रविवार को पुलिस टीम ने आरोपी रवि कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक कम्बल भी बरामद किया है।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक ब्रह्मपाल गिरी, उपनिरीक्षक देवेंद्र राठी, कांस्टेबल अजपाल और कांस्टेबल अमन कुमार शामिल रहे।

पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और अग्रिम कार्रवाई प्रचलित है।

# योगी के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने का आरोपी गिरफ्तार

## गलत ढंग से किया गया फोटो ऐडिट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने सीएम योगी आदित्यनाथ को लेकर इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में पैदा के शारिक को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार शहर कोतवाली के ग्राम पैदा निवासी शारिक पुत्र फुरकान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के फोटो को आपत्तिजनक तरीके से ऐडिट करते हुए इंस्टाग्राम पर उसे पोस्ट कर दिया। मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने उसकी जांच की। जांच में पता चला कि इंस्टाग्राम आईडी शारिक की है।

पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 830/2025 धारा 353 (1)सी, 353 (2)बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया। पुलिस ने शारिक को गिरफ्तार कर लिया है और उसके पास से मोबाइल भी बरामद किया है।

गौरतलब है कि आज कल सोशल मीडिया का कुछ ज्यादा ही दुरुपयोग किया जा रहा है। युवा सोशल मीडिया पर अनाप-सनाप पोस्ट करते है, जिसकी वजह से वह फंस जाते है। अभिभावकों के द्वारा उन पर नजर नहीं रखी जाती है।

## एक नजर

### दीपक जिलाध्यक्ष निर्वाचित

**बिजनौर।** संयुक्त स्वास्थ्य आउटसोर्सिंग/ संविदा कर्मचारी संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन व चुनाव पर्यवेक्षक सुजीत कुमार, मुख्य चुनाव अधिकारी टीकम सिंह सेंगर, सहायक चुनाव अधिकारी डॉ. विशाल कुमार एवं रोबिन कुमार की देखरेख में सीएमओ कार्यालय परिषर में स्थित संघ भवन में हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से दीपक कुमार जिलाध्यक्ष, अनुज पाठक जिला महामंत्री ध्यान सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रवि कुमार सैनी व श्रीमती रजनी सैनी उपाध्यक्ष, सुमित सैनी संगठन मंत्री तथा राहुल कुमार कोषाध्यक्ष चुने गए।

### चांदपुर में शौहर सहित खुशबू अरेस्ट

**बिजनौर।** चांदपुर पुलिस ने ग्राम खेड़की निवासी खुशबू चौधरी व उसके शौहर मुरसलीन पुत्र सलाउद्दीन को गिरफ्तार किया है। वादिनी ने 27 सितम्बर को चांदपुर थाने में तहरीर दी थी कि खुशबू चौधरी पत्नी मुरसलीन ने षड्यंत्र करके उसे नींद की गोली खिलाई और इसके बाद मुरसलीन ने उसके साथ गलत काम किया। खुशबू के द्वारा अभियुक्त रौनक व शबनम निवासीगण स्याऊ के साथ मिल कर उसके बच्चों को लेने का प्रयास किया गया। विरोध करने पर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने धारा 123, 64 (1), 115 (2), 352, 351 (3), 61 (2) में अभियोग पंजीकृत किया था। विवेचना के दौरान धारा 64 (1) व 61 (2) बीएनएस को हटा दिया गया और धारा 70 (1) की वृद्धि की गई। पुलिस ने खूशबु चौधरी व उसके शौहर मुरसलीन को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य अभियुक्तों की तलाश जारी है।

### पेयजल को तरस रहे ग्रामीण



**अफजलगढ़।** ग्राम पंचायत इस्लाम नगर के अन्तर्गत भिक्कावाला के ग्रामीण काफी लम्बे समय से पेयजल को तरस रहे हैं। 80-85 वर्ष की बुजुर्ग महिलाएं नहाने और पीने के लिए काफी दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। ग्रामीणों को अपने सिर पर घडा एवं डिब्बों में पानी ढोते देखा जा रहा है। इस्लाम नगर में अनेक ऐसे आवास भी हैं, जिनका निर्माण हुए 15-20 वर्ष बीत चुके हैं। अजय नेगी, विपिन नेगी, रवि भूषण, मंदीप रौतेला, गिरीश बुडाकोटी, राकेश काला, साकेन्द्र बिष्ट, अजय बिष्ट, बॉर्बी, दीपा गौड़, तारा जुयाल, विनोद नेगी आदि ग्रामीणों ने पेयजल की समस्या के निराकरण हेतु आवाज उठाई है। उन्होंने कहा कि अगर समस्या का समाधान नहीं होता है, तो प्रदर्शन किया जाएगा।

### मॉडल युवा ग्राम सभा में युवाओं की भागीदारी



**बुढ़नपुर।** राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रीय प्रशिक्षण में उत्तर प्रदेश के मंडल मुरादाबाद से मुरादाबाद शहर के प्रसिद्ध युवा कवि एवं मंच संचालक ईशांत शर्मा ने मॉडल युवा ग्राम सभा पर आयोजित प्रशिक्षण में उत्तर प्रदेश की तरफ से प्रतिभाग किया। जिसमें उन्होंने ग्राम के विकास में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और युवा ग्राम सभाओं का नेतृत्व करने विषय पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। ईशांत शर्मा इससे पूर्व भी राष्ट्रीय स्तर के कई प्रशिक्षण में प्रतिभाग कर चुके है।

# पटाखा फैक्ट्री में धमाके के साथ लगी आग

## चार मजदूर बुरी तरह झुलसे, क्षेत्र में दहशत का माहौल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नहटौर।** क्षेत्र के ग्राम सीकरी खुर्द में लाइसेंसी पटाखा फैक्ट्री में बैरक नम्बर दो में बारूद छानने के दौरान निकली चिंगारी से आग लगने पर तेज धमाके से क्षेत्र दहल उठा। कई किलोमीटर तक धमाके की आवाज सुनाई दी गई। चार लोगों के घायल होने की पुष्टि हो चुकी है और भी घायल बताए जा रहे हैं। फायर बिग्रेड ने मौके पर पहुंचकर हल्के से निकल रहे धुएं को बुझाया। सूचना पर एएसपी पूर्वी मौके पर पहुंचे हैं।









प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के गांव सीकरी खुर्द में स्थित लाइसेंसी पटाखा फैक्ट्री में आज सुबह करीब 7:30 बजे अचानक तेज धमाका होने पर क्षेत्र दहल गया। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री के बैरक नम्बर एक में बारूद मिलाने के बाद बैरक नम्बर दो में मिली हुई बारूद में केमिकल मिलाने के बाद बैरक नम्बर तीन में राख मिलाने पर उसे छाना जा रहा था। बारूद छानने के दौरान बारूद में हल्की सी चिंगारी निकलने के बाद आग लग गई और आग लगने के बाद तेज धमाके से फैक्ट्री का टीन सेट आदि उड़ गए। फैक्ट्री से निकला धुंआ कई किलोमीटर तक देखा गया। आग लगने के दौरान श्रमिकों ने भागकर अपनी जान बचाई। करीब 2 से 3 किलोमीटर तक तेज धमाके की आवाज सुनी गई है। फैक्ट्री में धमाके के बाद भगदड़ मच गई कई लोग गिरकर भी घायल हुए हैं। फैक्ट्री संच. ालक आग लगने के बाद झुलसे लोगों को वहां से ले गए। गांव किशनपुर भोगन के आशीष पुत्र पूरन सिंह, गांव जरीफपुर चतर के रतीराम उर्फ छोटे पुत्र रूपचंद के अलावा अरुण व बालेश घायल होने का पता चला है। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है। एएसपी पूर्वी अमित श्रीवास्तव, सीओ धामपुर अभय कुमार पांडेय, एसडीएम धामपुर स्मृति मिश्रा ने फैक्ट्री पहुंचकर निरीक्षण किया। फैक्ट्री में करीब 100 लोग काम कर रहे थे, जिस दौरान यह हादसा हुआ है।

उधर पटाखा फैक्ट्री में आग लगने पर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने पटाखा फैक्ट्री को बंद कराए जाने की मांग की। थाना क्षेत्र में सात पटाखा फैक्ट्री संचालित है। एक पटाखा फैक्ट्री आबादी क्षेत्र में आने के बाद एक माह पूर्व बंद हो चुकी है और एक निर्माणाधीन है।

अग्निशमन विभाग समय समय पर स्कूलों आदि में आग से बचाव व बुझाने के लिए जागरूक करता है। लेकिन इन फैक्ट्री श्रमिकों को कोई ट्रेनिंग या जागरूक करने के लिए कोई कदम नहीं उठाता है।

### बारूद छानने के दौरान हुआ हादसा

**नहटौर।** पटाखा फैक्ट्री में पटाखा बनाने की प्रक्रिया को पांच चरणों में रखा जाता है। फैक्ट्री में श्रमिकों के लिए पांच बैरकों में विभाजित किया जाता है। पहली बैरक में बारूद के मिलाने के बाद, बैरक नम्बर दो में केमिकल और बैरक नम्बर तीन में राख मिलाने के बाद उससे छानकर चौथे बैरक में पटाखा बनाने के लिए महिला श्रमिकों को बांट दिया जाता है। पां. चवे नम्बर में पटाखा तैयार किया जाता है। सीकरी खुर्द फैक्ट्री में बैरक नम्बर तीन में बारूद छानने के दौरान आग लगने के बाद धमाका हुआ।

### 15 दिन में तीन फैक्ट्रियों में हादसे

**नहटौर।** नहटौर थाना क्षेत्र में पिछले 15 दिन में तीन फैक्ट्रियों में हादसे हो चुके है। तीन फैक्ट्रियों में आग लगने पर फैक्ट्री संचालकों का लाखों रूपए का नुकसान हुआ है। पूर्व पटाखा कारोबारियों के मुताबिक अधिकांश श्रमिकों को फैक्ट्री में लगाने से पूर्व कोई ट्रेनिंग नहीं दी जाती। सस्ते श्रमिकों के लालच में अकुशल श्रमिकों से काम कराया जा रहा है, जिससे छोटी-छोटी चूक होने के कारण घटनाएं हो रही है।

# मण्डावर में झोलाछाप ने ली बच्चे की जान

## सफेदपोशों ने मामला दबाया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** मण्डावर में टू इन वन झोलाछाप ने गलत इलाज कर बच्चे की जान ले ली। खास बात यह है कि सफेदपोशों ने झोलाछाप की जान बचाने के लिए मामले को दबा दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार कस्बा मंडावर में एक झोलाछाप ने बच्चे का गलत इलाज कर दिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और हायर सेंटर ले जाने से पूर्व ही उसकी मौत हो गई। जैसे ही उसकी मौत की खबर झोलाछाप को मिली, तो वह जान बचाने के लिए सफेदपोशों की शरण में पहुंच गया। उसने अपनी पृष्ठभूमि और उम्र का वास्ता देते हुए मदद मांगी। जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच फैसला करा दिया गया। पूरा मामला दबा दिया गया। झोलाछाप इसके बाद फिर डंके की चोट पर अपना क्लीनिक खोल कर बैठ गया है। कस्बे में झोलाछाप चिकित्सकों की भरमार है। मण्डावर की जनता को यह झोलाछाप चिकित्सक लूट रहे हैं। यह अपने आप को स्पेशलिस्ट बताते हुए बड़ी से बड़ी बीमारी का इलाज करने का दावा करते है। इन्होंने लूट मचा रखी है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इन झोलाछाप चिकित्सकों के खिलाफ न तो थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते है और न ही इनके अवैध क्लीनिक व नर्सिंग होम सील करते है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी बड़ी संख्या में झोलाछाप चिकित्सक मौजूद है। जो नोडल अधिकारी को मालामाल कर रहे है। यहां पर नोडल अधिकारी बनने के लिए मारामारी रहती है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

## एक नजर


### विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**बढ़ापुर।** नगीना थाना क्षेत्र के ग्राम काजीवाला निवासी पूरन सिंह की पुत्री कालिंद्री उर्फ सोनी (34 वर्ष) की शादी लगभग 12 वर्ष पहले क्षेत्र के ग्राम कुंजैटा निवासी सिविल कुमार पुत्र लालू के साथ हुई थी। रविवार की दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि कालिंद्री की रात्रि दो बजे मृत्यु हो गई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मृत्यु का गले में फांसी लगाकर प्रतीत हो रहा है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। विवाहिता का पति कश्मीर में रहकर मजदूरी करता है। उसको सूचना दे दी गई है। मृतका के तीन बेटे है।

### तीन क्लीनिक किए सील

**कोतवाली देहात।** नगीना तहसील के नोडल अधिकारी डॉ. प्रमोद देशवाल ने ग्राम पूरनपुर में डॉक्टर परवीन सिंह के क्लीनिक पर छापा मारा। डॉ. परवीन सिंह के पास से दवाइयां भी बरामद की गई। कोई भी प्रमाण पत्र न दिखाने पर क्लीनिक को सील कर दिया गया। इसके बाद ग्राम भोगली में डॉ. रोहित कुमार के क्लीनिक पर छापेमारी की गई। प्रमाण पत्र न दिखाने पर कीलनिक को सील कर दिया गया। ग्राम कमालपुर भोगा में डॉ. संजीव कुमार के क्लीनिक पर छापेमारी की गई। डॉ. संजीव कुमार भी कोई प्रमाण पत्र नहीं दिखा पाए। डॉ.प्रमोद देशवाल ने बताया कि तीन कीलनिक को सील किया गया है। तीनों चिकित्सकों को नोटिस जारी कर दिया गया है। प्रमाण पत्र न दिखाएं जाने पर प्राथमिक की दर्ज कराई जाएगी।

### आबिद अध्यक्ष व प्रदीप महासचिव बने





**किरतपुर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल को किरतपुर में तगड़ा झटका लगा है। अब पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल से संबद्ध समस्त व्यापारियों एंव पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन में विलय कर लिया है। दोनों संगठनों के व्यापारियों की बैठक में सर्वसम्मति से मौ. आबिद को अध्यक्ष एवं प्रदीप अग्रवाल को महासचिव बनाया गया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की नवगठित कमेटी में मौ. आबिद अध्यक्ष, संजय कुमार जैन, अंकुश जैन, मौहम्मद रफी, राजीव अग्रवाल, प्रमोद कालरा, सुलेमान अंसारी, आकाश जैन उपाध्यक्ष, प्रदीप अग्रवाल महासचिव, अंशुल देव राजपूत, आमिर सिद्दीकी, नाजिम अंसारी, जगदीश पाल, मलखान सिंह, राहुल शर्मा सचिव, वसीम राजा, शुभम कालरा, जावेद अली, उशांक चड्ढा, सोनू तोमर, मयंक अग्रवाल, संजीव वर्मा, सौरभ कक्कड़, जोगिंदर पाल, फाहद खान संगठन मंत्री, एड. तलहा मकरानी, एड. हनुमान चौहान, एड. अशरफ जमील कानूनी सलाहकार एवं वरिष्ठ पत्रकार सचिन अग्रवाल व मौहम्मद याकूब को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। नवगठित कमेटी में अरविंद कुमार जैन, सफदर नवाज खान, अरुण अग्रवाल, नरेश कालरा, सुंदर गोयल, मुकुल अग्रवाल, मुकेश गोयल, अशोक गुप्ता को संरक्षक बनाया गया। युवा का नगराध्यक्ष राकिब अंसारी को बनाया गया है।

### मंचन देख भाव विभोर हुए श्रद्धालु



**बिजनौर।** श्री रामलीला सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित रात की रामलीला का शुभारंभ गणेश वंदना कर किया गया। श्री कंठस्थ कला केंद्र दिल्ली द्वारा राम विवाह का सुंदर मंचन किया गया, जिसमें श्री राम अपने भाइयों के साथ घोड़े पर सवार होकर पहुंचे। राम व उनके भाइयों का जनकपुरी वासियों ने आरती उतार कर स्वागत किया तथा जगह-जगह फूलों की वर्षा की गई। अंत में सीता की विदाई देख दर्शक भावुक हो गए। राम लीला कमेटी के पदाधिकारी मुख्य संरक्षक संजीव बबली, संजय गुप्ता एडवोकेट, राहुल शर्मा, प्रदीप कौशिक, बंटी, अंकुर गौतम, संदीप चौधरी, विनय राणा, राजेंद्र गौतम, विनीत अग्रवाल, विनय अग्रवाल, वरुण अग्रवाल, कपिल चौधरी एडवोकेट आदि ने भगवान की आरती की।

### हादसे में पत्नी की मौत, पति घायल

**हल्दौर।** थाना नगीना क्षेत्र के गांव जलालपुर बांगर निवासी धर्मेंद्र कुमार अपनी पत्नी पूनम (40) के साथ बिजनौर से बाइक पर घर लौट रहे थे। इसी दौरान गांव बिलाई के निकट उनकी बाइक सामने से आ रहे दूध टैंकर से टकरा गई। हादसे में पूनम की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई, जबकि धर्मेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं राहगीरों की मदद से घायल धर्मेंद्र को नहटौर सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए निजी चिकित्सक के पास ले गए। पुलिस ने घटनास्थल से दूध टैंकर को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है।

### पुराने वाहनों की नीलामी

**नगीना।** थाना परिसर में मोटर अधिनियम के तहत जब्त पुराने वाहनों की नीलामी की गई। यह नीलामी थाना प्रभारी अवनीत मान, सीओ डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी कुमार और उपजिलाधिकारी नितिन कुमार की देखरेख में संपन्न हुई। 31 दोपहिया वाहनों की नीलामी से सरकार को कुल 106000/- एक लाख छः हजार रूपये की आमदनी हुई है। उसके बाद थाने के अंदर जगह भी खाली हो चुकी है। नीलामी प्रक्रिया में कुल 31 दुपहिया वाहन शामिल किए गए थे, जिन्हें दो लोगों ने खरीदा। 24 दोपहिया वाहनो जिनका अनुमानित आधार मूल्य 58500/- निर्धारित किया गया था की नियमानुसार नीलामी की कार्यवाही की गई। नीलामी में वाहनों की सर्वोच्च बोली अवनीश कुमार पुत्र पीताम्बर सिंह निवासी ग्राम मौजम्मपुर जैतरा थाना धामपुर द्वारा 75,000/-रूपये में लगाई गई तथा अन्य 07 दोपहिया वाहनों जिनका अनुमानित आधार मूल्य 17100/- निर्धारित किया गया था की नियमानुसार नीलामी की कार्यवाही की गई। नीलामी में वाहनों की सर्वोच्च बोली मौ. हारून पुत्र अव्दुल अनवार निवासी मेवा नवादा थाना स्योहारा ने कुल 31000/-रुपये लगाई। नीलामी पारदर्शी तरीके से तथा नियमानुसार हुई, जिससे थाना परिसर साफ हो गया और राजस्व भी मिला।

### धूमधाम से निकली श्री राम की बारात

**हल्दौर।** भगवान श्री राम की बारात आकर्षक झांकियों के साथ बड़ी धूमधाम से निकाली गई। जिसका शुभारंभ नगर पालिका परिषद हल्दौर चेयरपर्सन विमला देवी एवं चेयरपर्सन पति समाजसेवी दीपक सैनी ने फीता काटकर किया। शोभायात्रा में भगवान श्री गणेश, श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, भरत-शत्रुघ्न, महर्षि वशिष्ठ, मां शेरावाली, भगवान शंकर, माता सरस्वती, भारत माता, प्रेमानंद जी महाराज, हिरण्यकश्यप, अघोड़ी अखाड़ा, काली अखाड़ा, कृष्ण राधा नृत्य, आदि बहुत सारी झांकियां सुशोभित थी। श्रीराम की बारात के पोखर बाजार से मौहल्ला रईसान, खेड़ा, बाजार हरवंश गंज, टाटमोहरा बाजार, ढाली बाजार, शहीद स्मारक आदि से होकर गुजरी। इस मौके पर शोभायात्रा में कमेटी अध्यक्ष दीपांशु चौहान, निशु कुमार, जितेंद्र चौहान, काव्य चौहान, विकास कुमार, सुधांशु कुमार, अर्जुन सैनी, शिवा राजपूत, मयंक चौहान, निकुंज, अनमोल, कार्तिक, तुषार, दीक्षित, वैभव प्रताप, सचिन चौहान, कुश राजपूत, आयुष चौहान सहित कमेटी के समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन

**हल्दौर।** संघ शताब्दी वर्ष के अंतर्गत श्री विजयादशमी उत्सव के अवसर पर बस्ती के अनुसार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हल्दौर की माधव बस्ती में रविवार को पथ संचलन का आयोजन किया गया।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी वांछित बाल अपचारी को हिरासत में लेकर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

सोमपाल सिंह पुत्र हरस्वरूप सिंह सैनी निवासी ग्राम शेरपुर मजरा काजपुर थाना स्योहारा ने थाना पहुंचकर लिखित तहरीर दी थी। तहरीर में आरोप लगाया गया कि अभियुक्त विनित पुत्र तिलकराम



निवासी ग्राम शेरपुर मजरा काजपुर ने उसकी नाबालिग पुत्री को जंगल में ले जाकर जबरन गलत कार्य किया। तहरीर के आधार पर थाना स्योहारा पर मु.अ.सं. 392/2025 धारा 64 बीएनएस व 3/4 पोक्सो एक्ट में मुकदमा पंजीकृत किया। जिसकी विवेचना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह द्वारा ग्रहण की गई। जांच के दौरान वादी व पीड़िता के बयान एवं शैक्षिक प्रमाण पत्रों के आधार पर पीड़िता की उम्र 16 वर्ष से कम पाई गई। इस पर मुकदमे की धाराएं संशोधित कर धारा 65(1) बीएनएस व 3/4(2) पोक्सो एक्ट में बढ़ोतरी की गई।

## ईमान के बाद सबसे अहम चीज है अखलाक : मौलाना साजिद



सीरत-ए-रसूल प्रोग्राम को खिताब करते आलिम व मौजूद लोग।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नगर के मौहल्ला मुगलूशाह स्थित कोल्हूवाली मस्जिद में जमीयत उलेमा की ओर से आठ रोजा सीरत रसूल अकरम सल्लालाहू अलैही वसल्लम प्रोग्राम जारी है। प्रोग्राम के छटे दिन मुख्य रूप से मुफ्ती मौहम्मद रिफाकत व कारी शफीकुर्रहमान ने नबी की सीरत पर बयान किया। पांचवें दिन सहारनपुर से तशरीफ लाए मौलाना मौहम्मद साजिद ने फरमाया के ईमान के बाद सबसे अहम चीज कुरानों हदीस की रोशनी में अखलाक हैं। अखलाक का मतलब है बर्ताव, इंसानों के साथ जानवरों के साथ सबके साथ अच्छा बर्ताव करना इस्लाम में इनतिहाई अहम है। लोगों के साथ अच्छा बर्ताव करना इस कदर अहम है कि अल्लाह अपने हुकुम को तो माफ कर सकता है, लेकिन अगर दूसरों के साथ बुरा बर्ताव किया और किसी के हक को अदा नहीं किया, तो अल्लाह हरगिज उसको माफ नहीं कर सकता। अच्छे अखलाक की अहमियत को नबी अकरम सल्लालाहु अलैहि वसल्लम ने बयान करते हुए इरशाद फरमाया मोमिन अपने अखकाल के जरिए मुस्तकिल तहज्जुद पढ़ने वाले और हमेशा रोजा रखने वाले के दर्जे को पहुंच जाता है। अल्लाह के नबी ने फरमाया तुम में सबसे अच्छा वह है। जिसके अखकाल सबसे अच्छे हो। रिश्तेदारी निभाना अपने रिश्तेदारों के साथ अच्छा सुलूक करना यह भी अखलाक है। मौलाना मौहम्मद असलम की सदारत एवं कारी मौहम्मद साजिद की तिलावत से जलसे का आगाज हुआ। प्रोग्राम में कोल्हू वाली मस्जिद के इमाम मौलाना इम्तियाज, मुफ्ती इसरार अहमद, मुफ्ती मौहम्मद असद, मुफ्ती ओवैस अहमद शिबली, मुफ्ती मौहम्मद गुफरान, मुफ्ती अब्दुल्लाह, मुफ्ती नईम अहमद, मौलाना लईक अहमद, मुफ्ती मौहम्मद ताईब, कारी फहीम अहमद, मौलाना रईस अहमद, मौलाना मौहम्मद लियाकत, कारी मौहम्मद दानिश, मौलाना मौहम्मद इरशाद आदि मौजूद रहे।

## नंगे पैर आंदोलन कर रहे विजय जैन के 11 वर्ष पूरे



### स्वच्छ पेयजल आपूर्ति की मांग को लेकर चल रहा आंदोलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर की जनता को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे विजय जैन के इस आंदोलन को 11 वर्ष पूरे हो गए। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर नगर की 75 साल पुरानी पाइप लाइन से गंदा पानी से निजात दिलाने की मांग की गई।

गौरतलब है कि विजय जैन ने 28 सितंबर 2014 को नंगे पांव आंदोलन शुरू किया था। उन्होंने बताया कि नगर में 75 साल पुरानी पाइप लाइन से गंदा पानी मिल रहा है, जबकि 4 करोड़ रुपये का बजट पास होने और शासन से धनराशि मिलने के बावजूद नई पाइ पलाइन अब तक नहीं डाली गई। इस दौरान उन्हें भगवान राम का चित्र भेंट कर विशेष सम्मान भी दिया गया।

विजय कुमार जैन ने घोषणा की है कि जब तक उनकी मांग को पूरा नहीं कर दिया जाता, उनका आंदोलन निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम में पहुंचे प्रतिष्ठित नागरिकों में प्रमुख रूप से महंत पीयूष अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, राजीव कुमार गोयल, संजय अग्रवाल, मुनिया, पालिका सभासद मुकुल कुमार सैनी, अतुल कुमार सैनी, अनु वर्मा, यश कुमार शर्मा, मूलचंद सैनी कारीगर, मनोज कुमार चौहान, अनिल शर्मा एडवोकेट, अनिल शर्मा, इंजीनियर हरफूल सिंह कश्यप, यशवीर सिंह, चार्ली कुमार चौहान, संदीप कुमार सैनी, वीरेंद्र सिंह सैनी, रवि सिंह सैनी, क्षेत्रपाल सिंह सैनी आदि अनेक नागरिक शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन संयोजक संयम जैन ने किया।

# पथ संचलन का कई स्थानों पर पुष्पवर्षा से स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन नगर में बड़े ही अनुशासित और भव्य तरीके से निकाला गया। संघ कार्यालय केशव भवन प्रांगण में गणवेशधारी 150 से 200 स्वयंसेवक एकत्रित हुए। इसके बाद सभी स्वयंसेवक हाथ में दंड लेकर कदम से कदम मिलाते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरे। घोष आरएसएस का बैंड की स्वर लहरियों ने पूरे वातावरण को राष्ट्रभक्ति से सराबोर कर दिया। नगर के विभिन्न मोहल्लों,



विकास समितियों एवं संगठनों ने पथ संचलन पर पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का अभिनंदन किया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा के प्रतिष्ठान पर भी भव्य स्वागत किया गया। जहां भाजपा मंडल मंत्री स्वर्णकार समाज एसोसिएशन के पदाधिकारी सहित अनेक गणमान्य लोगों ने पुष्पवर्षा की। शिवाजी मार्केट में भी भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा ने स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया और कहा कि संघ का अनुशासन व संस्कार समाज में राष्ट्रप्रेम और एकता की भावना को मजबूत करते हैं। अरुण वर्मा नगर के एक सक्रिय समाजसेवी और लोकप्रिय भाजपा नेता हैं, जो व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों के बीच अपनी सादगी एवं सेवाभाव के लिए जाने जाते हैं। पथ संचलन नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पुनः संघ कार्यालय पहुंचकर सम्पन्न हुआ।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद नहटौर, जनपद-बिजनौर

पत्रांकः- 1173/न.पा.परि.नह./2025-26 दिनांकः- 27.09.2025

### अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद नहटौर, जनपद बिजनौर द्वारा नगर पालिका क्षेत्र में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण एवं सेग्रिगेशन हेतु जनजागरूकता एवं आई.ई.सी. गतिविधियों हेतु कार्यालय जिलाधिकारी बिजनौर के पत्र संख्या-227/21-एल.बी.सी.-2025 दिनांक 08 सितम्बर, 2025 पर पृष्ठांकित प्रमुख सचिव, उ.प्र. शासन, नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ के संख्या-5474/नौ-5-2025-464सा/2018 दिनांक 01 सितम्बर, 2025 एवं राज्य मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के पत्र दिनांक 12.07.2025 के अनुपालन में स्वच्छ भारत मिशन/ राज्य वित्त आयोग/ बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्न कार्य कराना चाहती है-

| क्र. सं. | प्रस्तावित कार्य का नाम | प्रांकलन धनराशि (जी.एस.टी. सहित) | जमानत धनराशि | निविदा प्रपत्र शुल्क (जी.एस.टी. सहित) | कार्य पूर्ण अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय 2.0 के अन्तर्गत प्रत्येक वार्ड/ मौहल्ले तथा निकाय स्तर पर कूड़े के डोर-टू-डोर कलेक्शन व सोर्स सेग्रिगेशन हेतु प्रशिक्षण का कार्य। | 350000.00 | 10000.00 | 1000.00 | 03 माह |
| 2 | स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय 2.0 के अन्तर्गत जनमानस द्वारा घरों पर सूखे व गीले कूड़े को पृथक्कृत किये जाने हेतु भारत सरकार द्वारा प्रेषित गाईड लाईन के अनुसार Interpersonal Communication (IPC) के द्वारा जन जागरूकता एवं व्यवहार परिवर्तन का कार्य। | 350168.00 | 10000.00 | 1000.00 | 03 माह |
| 3 | स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय 2.0 के अन्तर्गत जनमानस द्वारा घरों पर सूखे व गीले कूड़े को पृथक्कृत किये जाने हेतु भारत सरकार द्वारा प्रेषित गाईड लाईन के अनुसार Mid Media, Mass Media, social Media & Strategic partnership and collaboration के द्वारा जन जागरूकता एवं व्यवहार परिवर्तन का कार्य। | 233445.00 | 10000.00 | 1000.00 | 03 माह |

उपरोक्त कार्यों की निविदा दिनांक 29.09.2025 को प्रातः 11:00 बजे से दिनांक 06.10.2025 को दोपहर 02:00 बजे तक आमंत्रित करती है, जो दिनांक 06.10.2025 को सायं 03:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र क्रय करने सम्बंधी जानकारी एवं निविदा की समस्त शर्तें नियत दिनांक तक कार्यालय में उपस्थित होकर किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| सफाई प्रभारी | अवर अभियन्ता (जलकल) | अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका परिषद नहटौर | नगर पालिका परिषद नहटौर | नगर पालिका परिषद नहटौर | नगर पालिका परिषद नहटौर |
| जनपद-बिजनौर | जनपद-बिजनौर | जनपद-बिजनौर | जनपद-बिजनौर |


## एक नजर

### साहित्यकारों ने अर्पित की श्रद्धांजलि



**धामपुर।** नगर की अग्रणी साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश युवा साहित्यकार संघ की ओर से शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती श्रद्धांजलि समर्पण समारोह के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता ने की। समारोह में साहित्यकारों, कवियों, लेखकों व पत्रकारों ने भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल 'शहीद भगत सिंह अमर रहें, चंद्रशेखर आजाद अमर रहें' जैसे नारों से गूंज उठा। मुख्य अतिथि आरएसएम महाविद्यालय के सेवानिवृत्त हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर लाल शर्मा और अध्यक्षता कर रहे राजू गुप्ता ने कहा कि युवाओं को शहीद भगत सिंह के सपनों को साकार करने का संकल्प लेना चाहिए। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष हरिकांत शर्मा ने बताया कि पिछले 53 वर्षों से यह कार्यक्रम लगातार आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर वरिष्ठ कवि सरदार महेंद्र सिंह सलूजा, डॉ. सारंगा देश असीम, मोनिका सैनी, पूनम सैनी, दीपेंद्र सिंह चौहान, अनिल शर्मा सहित साहित्यकार, कवि व नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### राम-केवट संवाद लीला का मंचन



**नांगल सोती।** मुख्य बाजार वाली धर्मशाला में श्री रामलीला सेवा समिति के तत्वाधान में स्थानीय कलाकारों ने राम लीला का मंचन किया। यहां केवट राम संवाद में श्रीराम चंद्र ने केवट से गंगा पार जाने का आग्रह किया, जिस पर केवट ने कहा कि आप वही राम है जिनके चरण स्पर्श से पत्थर की शिला नारी बन गई थी, इसलिए वह आपके चरण धोना चाहता है की कहीं उसकी नाव नारी न बन जाए। केवट ने राम भगवान के चरण धोए और राम सीता और लक्ष्मण को गंगा पार कराया। उधर अयोध्या में राम के वन जाने से राजा दशरथ व्याकुल हो गए। व्याकुलता में दशरथ बीमार हो गए। राम के वियोग में दशरथ ने अपने प्राण त्याग दिए। इस दौरान जनेशपाल सिंह, राजू जोशी, अमित प्रजापति, सुनील सैनी, मुकेश शर्मा, सुशील फौजी, गोपाल शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, अतुल अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### हृदय जांच शिविर का समापन



**नहटौर।** बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में दो दिवसीय निःशुल्क हृदय जांच शिविर का समापन हुआ। शिविर के दूसरे दिन फोर्टिस एस्कॉर्ट हार्ट इंस्टीट्यूट के चेयरमैन कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. प्रवीर अग्रवाल एवं जितेंद्र सतपुते, अमीरुल हक प्रिया, सुमन, नरेश कुमार आदि ने आयोजित शिविर में आए मरीजों के हृदय का परीक्षण किया और उन्हें हृदय संबंधी अनेक समस्याओं जैसे सीने में दर्द या बेचौनी होना, सांस लेने में कठिनाई होना, रोजमर्रा के कामों के दौरान थकान महसूस करना, अचानक चक्कर आना, बेहोश होना, बिना किसी कारण के पसीना आना आदि हृदय से जुड़ी समस्याओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यदि हमें ऐसी कोई समस्या है तो हमें अपने हृदय की जांच करानी चाहिए, जिससे कि हम आने वाली गंभीर बीमारियों से बच सके। समापन के इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक राजीव कुमार अग्रवाल एवं उनके सुपुत्र सिद्धार्थ अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, विकास अग्रवाल, प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार आदि ने डा. प्रवीर अग्रवाल , डॉ. समीर दिल्ली एवं उनकी टीम को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत विद्यालय के प्रबंधक राजीव कुमार अग्रवाल द्वारा फोर्टिस एस्कॉर्ट हार्ट इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. प्रवीर अग्रवाल एवं उनकी टीम का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सूक्ष्म लघु एवं मध्य उद्योगों की शीर्ष संस्था इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन बिजनौर के अवनीश कुमार अग्रवाल, सुशांत एरन हल्दौर, विकास कुमार अग्रवाल बिजनौर, दीपक कुमार, अग्रवाल का पूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम में नरेश कुमार, विनेशपाल सिंह, सुरेन्द्र सिंह, दीपक कुमार दक्ष, नीतू सिंह आदि उपस्थित रहे।

### ट्विटर अभियान एक अक्टूबर को



**बिजनौर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश की जिला कार्यालय पर पर 1 अक्टूबर को एक्स पर ट्विटर अभियान की सफलता को लेकर जिलाध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत की अध्यक्षता एवं जिला महामंत्री सुभाष चंद्र यादव के संचालन में बैठक आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए संगठन का निरंतर प्रयास जारी हैं। उसी क्रम में राष्ट्रीय आह्वान पर एक अक्टूबर को एक्स पर ट्विटर अभियान चलाया जाएगा। बैठक में मुज्जफर इस्लाम, सिकन्दर पाल सिंह, सुभाष चंद्र, अमित कुमार, आफताब अली, शादाब, जगदेव, रिहान, रविन्द्र कुमार, प्रदीप कुमार वर्मा, लोकेश शर्मा, भूपेंद्र पाल सिंह, विनीत कुमार गहलोत, सुभाष चंद्र यादव, हेमराज सिंह, नवीन चौधरी, ज्ञानेंद्र चौधरी, कुलवीर चौधरी आदि मौजूद रहे।


## खोया-पाया सूचना

मेरी हाईस्कूल यू.पी. बोर्ड वर्ष 2014 अनुक्रमांक 3337094 अंक पत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

**इकरार अहमद पुत्र इसरार अहमद, निवासी ग्राम इस्लामपुरदास, तहसील, थाना व जिला बिजनौर, पिन कोड** 246701



## NAJIBABAD DEGREE COLLEGE

GAZIPUR BHAGWAN. MEDPURA SULTAN (BIJNOR) 246762

Requires Principal.
Qualification - UGC Norms. Send Your Resume Within 15 Days.
Manager - 9027151127
Email :- ndc031956@gmail.Com

## एक नजर

### समिति में सदस्यता अभियान कार्यक्रम



**जलालाबाद।** जिला सहकारी बैंक जलालाबाद के प्रबंधक मौहम्मद आदिल ने कहा कि एम-पैक्स सदस्यता महा अभियान उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाया जा रहा एक विशेष कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बहुद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समितियों (एम-पैक्स) की सदस्यता बढ़ाना है! किसान सेवा सहकारी समिति, लल्लूवाला (धनौरा )में हुए सदस्यता कार्यक्रम में जानकारी देते हुए मौहम्मद आदिल ने कहा कि यह अभियान 12 सितंबर से 12 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। इस अभियान के तहत किसान और ग्रामीण लोग मात्र 226 रुपये जमा करके एम-पैक्स के सदस्य बन सकते हैं और विभिन्न सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं। चौधरी घनश्याम सिंह की अध्यक्षता एवं पवन सैनी के संचालन में हुए कार्यक्रम में युवा किसान नेता गालिब अंसारी उर्फ बिट्टू, अजीम अख्तर, चमन सिंह, सैय्यद जुल्फिकार, इफ्तेखार अहमद, सुरेश राणा, गुरदीप सिंह, बृजेश कुमारी, भूपेंद्र सिंह, शाहिद आदि ने भाग लिया

### फ्यूचर चिल्ड्रेंस एकेडमी में प्रतियोगिता




**शिवाला कला।** फ्यूचर चिल्ड्रेंस एकेडमी में विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता हाउस-वाइज कराई गई, जिसमें सभी हाउस के बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रश्नों के उत्तर दिए। सबसे अधिक उत्तर देकर कलाम हाउस प्रथम स्थान पर, आर्यभट्ट हाउस द्वितीय स्थान पर, रमन हाउस तृतीय स्थान पर तथा जे.सी. बोस हाउस चतुर्थ स्थान पर रहा। प्रतियोगिता में विशेष प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में आर्यभट्ट हाउस से शिवांश, हनी, राजवंश, अनमोल, गीताांजलि, काव्या, नकुल, महेनूर, रमन हाउस से हृदयांश, लव्यांश, मानसी, शशांक, कलाम हाउस से अवनि, तुषार, भूमि, लक्ष्य, रिदा, कनिका, आदर्श, दर्शिता, जे.सी. बॉस हाउस से काना, कंशिका, आरव, सिद्धि, समीक्षा, भूमिका, कुनाल, लविश आदि विद्यार्थियों ने सर्वाधिक प्रश्नों के उत्तर देकर अपने-अपने हाउस को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार शर्मा ने सभी बच्चों को विज्ञान के महत्व के बारे में प्रेरणादायी विचार साझा किए। विद्यालय के एम.डी. संघर्ष चौहान एवं वाइस चेयरपर्सन श्रीमती कल्याणी चौहान ने भी बच्चों को विज्ञान के महत्व से अवगत कराया और उन्हें भविष्य में अग्रसर रहने की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों व शिक्षिकाओं का सराहनीय सहयोग रहा।

### सीएम योगी का सीधा संवाद



**धामपुर।** विकसित उत्तर प्रदेश, समर्थ उत्तर प्रदेश 2047 कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सीधा संवाद वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए प्रसारित किया गया। ब्लॉक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में पंचायतों को मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिला और क्षेत्र पंचायतें अपने-अपने संसाधनों का विकास करें और स्वयं की आय बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम उठाएं। इस दौरान सीएम ने प्रदेश के विभिन्न जिलों के पंचायत प्रतिनिधियों से सीधी वार्ता भी की। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी तिरलोक चंद, एडीओ पंचायत अनिल कुमार, एडीओ (आईएसबी) समरपाल सिंह, पंचायत सचिव नसीम अहमद समेत कृपाल सिंह, हिमांशु चौहान, सहदेव, विनिता रानी, विनीत कुमार, मनोज, सलमान, दिव्यांशु, मोहित, त्रिवेंद्र, योगराज सिंह, सौरभ कुमार, अंकुश कुमार आदि गणमान्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में ब्लॉक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान ने सभी का आभार जताया।

### सरदार भगत सिंह को श्रद्धांजलि




**धामपुर।** हंगामा लोक सामाजिक साहित्य समिति के संरक्षक डॉ. जितेन्द्र कौशिक निर्मला कौशिक संस्था की संस्थापिका राखी कौशिक, उपा. सना कौशिक व सुमन देवी, दीपिका, अतर्स सिंह, सरफराज अहमद, अफदस, देव राजपूत, अक्षय सैनी, रितेश सैनी, रीता देवी, माही पाल, हेमंत व कार्यकम में संस्था की चंदक की सदस्य डोली आदि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित व पुष्पाजंलि अर्पित करके सरदार भगत सिंह की जयंती पर उनको श्रद्धाजंलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में सरदार भगत सिंह के जीवन के संघर्षों व वीरता के बारे बताया गया। संस्था के संरक्षक डॉ. जितेन्द्र कौशिक ने बताया कि सरदार भगत सिंह युवाओं के लिए हमेशा से ही प्रेरणा स्तोत्र रहे है। कार्यक्रम में डोली द्वारा सरदार भगत सिंह के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला गया।

### कैंप में गांठबंधन व डॉक्टरी गांठ का अभ्यास



**धामपुर।** आरएसएम महाविद्यालय में पांच दिवसीय स्काउट गाईड रोवर्स/ रेंजर्स का निपुण जांच शिविर के चतुर्थ दिवस में सर्वप्रथम ध्वजारोहण करके झंडा गीत गया और प्रार्थना की गई एवं निपुण जांच कैंप में गांठबंधन के बारे में बताया। जिसमें डॉक्टरी गांठ, लघुकर गांठ, ध्रुव गांठ, जुलाहा गांठ और समांतर बंधन, वर्गाकार बंधन, कर्णाकार बंधन आदि के बारे में बताया गया। निपुण जांच शिविर रोवर्स प्रभारी डॉ. राजेश कुमार एवं रेंजर्स प्रभारी डॉ. भावना वत्सल के निर्देशन में चल रहा है। प्रशिक्षक बेसिक रैंजर्स लीडर सुश्री मंजीता सिंह एवं जिला स्काउट तहसील प्रशिक्षक प्रभारी महेंद्र सिंह ने कंपास के माध्यम से दिशा ज्ञान के बारे में बताया। रोवर्स हर्षित माहेश्वरी, धीरज कुमार माहेश्वरी, आशीष कुमार, पवन कुमार, रोहित, मोहित, आकाश, रोनित, विशाल, परमवीर सिंह, दिव्यांशु, रेंजर्स सेजल रुहेला, रुचि, दिव्या अंजु, तनु रानी, रितिका, सोफिया परवीन, मुस्कान, सभी रोवर्स रैंजर्स उपस्थित रहे।

# फूड पॉइजनिंग से हालत बिगड़ी

## सीएचसी से जिला अस्पताल किया रैफर





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** हरगनपुर नवादा में पकौड़ी खाने के बाद एक ही परिवार के चार लोग फूड पॉइजनिंग के शिकार हो गए। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के गांव हरगनपुर में बीती रात रमेश पुत्र किशन सिंह के परिवार ने पकौड़ी खाई थी। पकौड़ी खाने के बाद सब सो गए थे। लेकिन रात्रि में रमेश (50 वर्ष), उसकी पत्नी बीना (42 वर्ष), पुत्री काजल (22 वर्ष) तथा पुत्र साजन (14 वर्ष) को उल्टी दस्त की शिकायत होने लगी। आज प्रात: अचानक उनकी हालत बिगड़ गई। उल्टी-दस्त, पेट दर्द आदि की शिकायत होने लगी। हालत बिगड़ने पर उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया।

चिकित्साधिकारी डॉ.आशीष कुमार आर्य ने बताया कि फूड पॉइजनिंग के चार लोग भर्ती हुए थे, उन्हें जिला अस्पताल रैफर किया गया है।

# मिशन शक्ति से महिला सशक्तिकरण की दिशा में विदुर ब्रांड तय कर रहा है नए आयाम : डीएम



## जनपद में 18 से भी अधिक विदुर स्टोर खोले गए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में विदुर ब्रांड नए-नए आयाम तय कर रहा है। महिला समूह द्वारा उत्पादित सामग्री की मार्केटिंग से महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को साक्षात रूप प्रदान हो रहा है। उन्होंने बताया कि जिले भर में 18 से भी अधिक विदुर स्टोर खोले गए हैं तथा जिले के विभिन्न स्थानों पर विदुर कैफेटेरिया भी खोले जाएंगे। यह आउटलेट स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने, मिशन शक्ति के तहत ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) के माध्यम से आजीविका के नए अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

उन्होंने बताया कि नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट विदुर ब्रांड की सचिव श्रीमती जूली देवी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट कर बिजनौर में जिला प्रशासन के सहयोग से विदुर ब्रांड की स्थापना, उपलब्धियों और ग्रामीण महिलाओं की आजीविका वृद्धि में इसके योगदान पर विस्तार से चर्चा करते हुए उन्हें अवगत कराया कि जिला बिजनौर में विदुर ब्रांड के अंतर्गत 150 से अधिक विभिन्न उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं, जिन्हें विदुर स्टोर के माध्यम से बेचा जा रहा है और इसका सीधा लाभ स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने विदुर ब्रांड की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे स्वदेशी का प्रतीक बताया और कहा कि यह ग्रामीण आत्मनिर्भरता एवं महिला उद्यमिता का प्रेरणादायक मॉडल है।

उन्होंने बताया कि विदुर ब्रांड आउटलेट के माध्यम से स्वयं सहायता समूह (SHG) की महिलाओं द्वारा 150 से अधिक तैयार किए गए विविध स्वदेशी उत्पाद जैसे खाद्य सामग्री, स्वच्छता एवं घरेलू उपयोग की वस्तुएं अब स्थानीय स्तर पर आसानी से उपलब्ध होंगी। उन्होंने बताया कि यह पहल महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के साथ-साथ वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी साकार करेगी। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने जन सामान्य का आह्वान किया कि विदुर ब्रांड के उत्पादों को अधिक से अधिक मात्रा में प्रयोग में लाकर जिला बिजनौर की प्रतिष्ठा को बढ़ाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान उपलब्ध कराएं।

## हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन

**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। धामपुर की शिव धाम कॉलोनी में ऋषिपाल सिंह के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति भक्ति प्रचार मंडल द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन धर्म के प्रकाश को पापियों के नाश को, श्री राम की सेना चली सबको खूब पसंद आया। सब ने तालियां बजाकर उत्सव वर्धन किया। अंत में आयोजक परिवार को श्री राम दरबार को भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में ऋषि पाल सिंह, रीना देवी, भव्य कुमार, अक्श कुमार आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल से मास्टर सुनील कुमार, मनोज कुमार रस्तोगी, प्रीतम सैनी, राम प्रकाश वर्मा, सतेंद्र शर्मा, निखिल अरोड़ा, शिव बहादुर चौहान, मनोज रस्तोगी, सर्वेश गिरी आदि शामिल रहे। अंत में बजरंगबली बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया।

# मरियम कालेज में मिशन शक्ति कार्यक्रम

## महिला सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूकता फैलाने का लिया संकल्प



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** मरियम गर्ल्स कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन में मिशन शक्ति कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और महिला सशक्तिकरण से संबंधित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर लोगों का मन मोह लिया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कस्बा इंचार्ज दीपक नागर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मिशन शक्ति सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि यह हर बेटी का आत्मविश्वास है। आज की नारी किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। हमें यह समझना होगा कि सुरक्षा केवल पुलिस या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक सोच का हिस्सा है। हर लड़की को अपने अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए। कानून ने आपको सुरक्षा के पूरे अधिकार दिए हैं चाहे वह 1090 महिला हेल्पलाइन हो, 112 आपात कालीन सेवा हो या साइबर क्राइम हेल्पलाइन। आप निडर होकर आगे बढ़ें और किसी भी तरह के भय या संकोच में न रहें। पुलिस के दरवाजे हमेशा आपके लिए खुले हैं। दीपक नागर ने यह भी कहा कि माता-पिता और शिक्षकों को चाहिए कि वे लड़कियों को केवल पढ़ाएं ही नहीं, बल्कि उनमें आत्मरक्षा व निर्णय लेने की क्षमता भी विकसित करें। कार्यक्रम में मरियम एजूकेशनल वैलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष मौहम्मद साईम राजा ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया और छात्राओं से मिशन शक्ति को अपने जीवन का संकल्प बनाने की अपील की। अंत में मिशन शक्ति की शपथ दिलाई गई और सभी ने मिलकर महिला सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इस मौके पर थाने से आई मिशन शक्ति की पूरी टीम मौहम्मद साईम राजा द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

### आरवीआईटी में इंटरनल हैकाथॉन का आयोजन



**बिजनौर।** आर.वी. इंस्टिटीयूट ऑफ टेक्नोलॉजी में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2025 के अन्तर्गत इंटरनल हैकाथॉन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं के नवाचर (Innovation) को प्रोत्साहित करना एवं श्रेष्ठ टीमों का चयन करना है, जो राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया हैकाथॉन 2025 में संस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगी। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी की और सामाजिक एवं औद्योगिक समस्याओं के समाधान हेतु अपने-अपने अभिनव विचार (Innovative Ideas) प्रस्तुत किए। टीमों ने डिजिटल प्रोडक्टस, ऑटोमेशन, हेल्थकेयर ओर शिक्षा क्षेत्र से जुडी समस्याओं पर तकनीकी समाधान प्रस्तुत कर अपनी रचनात्मकता और तकनीकी दक्षता का परिचय दिया। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंधक निदोक सन्नी देशवाल ने छात्र-छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन छात्रों को वास्तविक समस्याओं का समाधान खोजने तथा उद्योग और समाज के लिए उपयोगी नवाचर करने का सशक्त मंच प्रदान करता है। इस अवसर पर संस्थान के टेक्निकल डायरेक्टर डा. नितिन अग्रवाल, फार्मेसी डायरेक्टर डा. हितेश कुमार एवं सभी विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे और छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

## कृष्णा में डांडिया एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा इंस्टीट्यूट में नवरात्रों के शुभ अवसर पर डांडिया एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन बीसीए विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में बीसीए, बी.फार्मा एवं पॉलीटेक्निक विभाग के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इन प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पर टीम 01 बीसीए प्रथम वर्ष रही व द्वितीय स्थान पर भी टीम 02 बीसीए प्रथम वर्ष रही तथा तीसरे स्थान पर फार्मेसी विभाग के बच्चों ने प्राप्त किया। नवरात्रों के उपलक्ष्य में आयोजित डांडिया नृत्य प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अत्यधिक उत्साह प्रदर्शित किया। जिसमें प्रथम स्थान टीम 01 बीसीए विभाग से आरजू ग्रुप ने बाजी मारी व द्वितीय स्थान पर टीम 02 बीसीए विभाग से आयुष राज ग्रुप ने एवं तृतीय स्थान पर भी टीम 03 बीसीए विभाग से जिज्ञासा ग्रुप ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संस्था के प्रबंधक मनोज कुमार ने छात्र-छात्राओं को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया तथा भविष्य में इस प्रकार की अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित कराने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का सफल बनाने में बीसीए विभाग के विभागाध्यक्ष अंकुश गुप्ता, पॉलीटेक्निक विभाग के प्राचार्य संजीव कुमार एवं बीएड विभाग के अध्यक्ष कृष्ण कुमार व प्रवक्ताओं में मोनिका शर्मा, शिल्पी रानी, शबनम परवीन, करूणा धीमान, विभु चौहान, पीयूष चौहान, डा. संगीता रानी आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# स्टेट कबड्ड़ी के लिए तीन छात्राओं का चयन

## मंडल में अमरोहा टीम के साथ खेला फाइनल मैच



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मीरापुर बांगर की छात्राओं ने अंडर-17 मंडलीय स्तर कबड्ड़ी टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अमरोहा के सामने शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल में टीम भले ही उपविजेता रही, मगर तीन छात्राओं का मंडल की टीम में चयन हुआ।

बालिकाओं की मंडलीय कबड्ड़ी प्रतियोगिता अमरोहा में आयोजित की गयी। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबला मेजवान अमरोहा की टीम के साथ खेला गया। प्रतियोगिता में रामपुर बांगर राजकीय कन्या इंटर कालेज की टीम ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। अमरोहा की टीम विजेता व रामपुर बांगर की टीम उप विजेता रही। प्रतियोगिता के बाद मंडलीय चयन समिति ने बाद विद्यालय की तीन छात्राओं पल्लवी, दीक्षा और सृष्टि का चयन उत्कृष्ट खेल के आधार पर स्टेट स्तरीय कबड्ड़ी प्रतियोगिता के लिए किया है। महिलाओं की स्टेट कबड्ड़ी प्रतियोगिता प्रतियोगिता अयोध्या में 10 अक्टूबर को आयोजित की जाएंगी। उल्लेखनीय है विद्यालय में कोई पीटीआई नियुक्त नहीं है। बावजूद इसके प्रधानाचार्य रवि कांत स्वयं छात्राओं को कबड्ड़ी सहित अन्य खेलों का प्रशिक्षण देते हैं। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि में शिक्षकों प्रदीप कुमार, विशाखा और पूनम का भी अहम योगदान रहा, जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में टीम का उत्साहवर्धन किया। छात्राओं की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

## एक नजर

### झोलाछाप का क्लीनिक सील



**अफजलगढ़।** हिदायतपुर में झोलाछाप चिकित्सक के इलाज से मरीज की मौत हो गई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली थी और लाश का पोस्टमार्टम कराया गया। इस मामले में स्वास्थ्य विभाग देर से जागा और आरोपी का क्लीनिक सील कर दिया गया है। बताया जाता है कि तीन मेडिकल स्टोरों को भी सील किया गया है। दो बंगाली क्लीनिक भी सील किए गए है। डॉ. अनिल कुमार के अनुसार उपरोक्त के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करा कर कार्यवाही की जाएगी। टीम में अमित कुमार व जबर सिंह शामिल रहे।

### हर्षोल्लास से निकाला राम बारात जुलूस



**नांगल सोती।** नांगल में हर्षोल्लास से पंचमी के मौके पर राम बारात जुलूस निकाला गया। मुख्य अतिथि व्यापारी योगेंद्र अग्रवाल और उनके पुत्र अनुज अग्रवाल ने फीता काटकर जुलूस का शुभारंभ किया। इस मौके पर राजवीर सिंह, अतुल कुमार, सुशील शुक्ला, रामपाल सिंह, लोकेश राजपूत, कुलदीप अग्रवाल, सुरेंद्र सिन्हा, अतुल अग्रवाल, मुकेश शर्मा, विजय चौधरी, दिनेश भुईयार, मनोज अहलावत, अस्वनी शुक्ला, नवीन अग्रवाल, जनेशपाल सिंह, गर्विन चौधरी, करतार सिंह, योगेश शुक्ला, वीरेंद्र शर्मा, गोपाल शर्मा, सतीश वर्मा, संदीप जोशी, राकेश गोयल, सिंधुराज आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। मुख्य बाजार वाली धर्मशाला से जुलूस शुरू होकर मौहल्ला टंकी वाला, मोहल्ला कश्यपयान और मौहल्ला बडतला होते हुए रामलीला मैदान पहुंचा, जहां धूमधाम से राम और सीता का विवाह संपन्न कराया गया। अखाड़ा उस्ताद निखिल कुमार तथा ओमपाल सिंह की अगुवाई में अनेक पहलवानों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। दोनों अखाड़ा उस्ताद का रामलीला कमेटी ने तिलक के साथ फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान सैकड़ों रामभक्त मौजूद रहे। वहीं पुलिस प्रशासन सुरक्षा के लिए मुस्तैद रहा। देर शाम इस जुलूस का समापन रामलीला मैदान में जाकर हुआ।

### योगासन प्रतियोगिता का समापन



**बरुकी।** मंडलीय विद्यालय योगासन प्रतियोगिता राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज जनपद रामपुर में आयोजित की गई। विभिन्न जनपदों से आए बालक एवं बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। जनपद बिजनौर के खिलाड़ियों ने ट्रेडिशनल योगासन, रिदमिक पेयर, आर्टिस्टिक एवं आर्टिस्ट सिंगल में विजय प्राप्त करते हुए आठ स्वर्ण पदक, तीन रजत पदक एवं तीन कांस्य पदक प्राप्त किए। प्रतियोगिता में अंडर 14 बालक वर्ग में कामेंद्र ने स्वर्ण पदक, वंशिका ने स्वर्ण पदक, अंडर 17 में शिव ने स्वर्ण पदक, गुंजन ने कांस्य पदक, अंडर-19 में रितिक ने स्वर्ण पदक, कशिश ने रजत पदक, गुंजन ने रजत पदक, पलक ने कांस्य पदक, यशी चौधरी ने स्वर्ण पदक तथा मनीषा ने कांस्य पदक प्राप्त किया। योगा कोच सर्वजीत त्यागी ने बताया कि स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तर के लिए हो गया है जो 3 से 6 अक्टूबर को अयोध्या में आयोजित की जाएगी।

### डा. अंकित सैनी ने किया उद्घाटन



**बिजनौर।** बख्शीवाला रिंग रोड पर स्थित सदाबहार हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन डॉ. अंकित कुमार सैनी, प्रिंसिपल कृष्णा फार्मेसी कॉलेज द्वारा किया गया। इस अवसर पर हॉस्पिटल के निदेशक मौहम्मद आसिफ, डॉ. मसूद जावेद, डॉ. सना गयूर, डॉ. तल्हा मौलवी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने डॉ. अंकित कुमार सैनी का फूलों के गुलदस्ते से स्वागत किया। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित सदाबहार हॉस्पिटल में मरीजों के लिए विभिन्न प्रकार की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिनमें गंभीर रूप से बीमार मरीजों के लिए विशेष देखभाल इकाइयां, आपातकालीन स्थिति में मरीजों के लिए तत्काल उपचार की सुविधा, छोटे और बड़े ऑपरेशन के लिए पूरी तरह से सुसज्जित, जनरल वार्ड और प्राइवेट रूम पैथोलॉजी लैब और एक्स-रे विभिन्न प्रकार की जांच के लिए , जच्चा-बच्चा वार्ड, गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के लिए विशेष देखभाल, आंखों की जांच आदि हैं। यह हॉस्पिटल क्षेत्रवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। एक ही छत के नीचे सभी सुविधाएं मिलने से क्षेत्रवासियों को बहुत फायदा होगा। डॉ. अंकित कुमार सैनी ने हॉस्पिटल के निदेशक मौहम्मद आसिफ और सभी डॉक्टरों और कर्मचारियों को बधाई दी और ईमानदारी और सेवा भाव से काम करने के लिए प्रेरित किया।

### थाना दिवस में एसडीएम ने सुनी समस्याएं



**नांगल सोती।** थाना दिवस में एसडीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह और सीओ नितेश प्रताप सिंह ने ग्रामीणों की समस्या सुनी। दोनों अधिकारियों ने पुलिस विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मौके पर जाकर शीघ्र ही लोगों की समस्या का समाधान करे। इस मौके पर ट्रेनी सीओ कुलदीप यादव सहित कई लेखपाल कानूनगो मौजूद रहे।

# आजाद अधिकार सेना के पदाधिकारी हाउस अरेस्ट

**○ रा.अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने डीजीपी को पत्र लिखकर दी चेतावनी**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** आजाद अधिकार सेना के बरेली जाने वाले प्रतिनिधि मंडल में शामिल पदाधिकारियों को हाउस अरेस्ट करने का आरोप लगाया गया है। सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने मामले में डीजीपी को पत्र भेजकर तत्काल संज्ञान लेने और हाउस अरेस्ट पदाधिकारियों को न छोड़ने पर मानवाधिकार आयोग में मामला ले जाने की चेतावनी दी है।

बरेली हिसा के तथ्यों की जांच और गिरफ्तार किए गए मौलाना तौकीर रजा से जेल में मुलाकात करने जाने को आज़ाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर प्रतिनिधि मंडल कल आज रवाना होना था। इसकी सूचना सेना की ओर से बरेली के डीएम और एसएसपी को दी गई थी। बरेली जाने की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल हरकत में आ गयी। आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सम्भल पुलिस पर पार्टी के प्रदेश महासचिव खिजर गौस तथा मंडल अध्यक्ष जरीफ मिर्जा को हाउस अरेस्ट किए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि अभी-अभी इन दोनों का उन्हें फोन आया जिन्होंने कहा कि कई पुलिस वालों ने उन्हें जबरदस्ती अपने अपने घर पर रोक रखा है। अमिताभ ठाकुर ने पत्र भेज कर डीजीपी सहित सभी अधिकारियों की प्रकरण को तत्काल दिखाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि उनकी पार्टी का प्रतिनिधि मंडल कल शांति के साथ में बरेली की घटना की जानकारी लेना चाहता था. इसके बारे में पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव डाक्टर नूतन ठाकुर द्वारा आज सभी सक्षम पदाधिकारी को लिखित में पत्र भेजा गया था। इसके बाद इस प्रकार से प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों को जबरदस्ती हाउस अरेस्ट किया जाना स्पष्ट रूप से मानव अधिकार का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस तत्काल इन दोनों को नहीं छोड़ती है तो पार्टी इस मामले को मानवाधिकार आयोग के सामने ले जाएगी।



सम्भल- मनोरमा राघव इंटर कॉलेज में जीएसटी कार्यशाला को सम्बोधित करते सौरभ गुप्ता।

# आत्मनिर्भर बनाने का लिया संकल्प

**○ भाजपा की कार्यशाला में व्यापक स्तर पर अभियान चलाने पर दिया ज़ोर**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** आत्म निर्भर भारत अभियान कार्यशाला का आयोजन कर अभियान चलाकर भारत को आत्म निर्भर बनाने का संकल्प लिया गया।

पंवासा के श्रीमती मनोरमा राघव आदर्श इंटर कालेज में आयोजित कार्यशाला में मंडल की कार्यसमिति शक्ति केंद्र संयोजक बूथ अध्यक्ष एवं पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यशाला में भारत को आत्म निर्भर बनाने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाकर भारत को आत्म निर्भर बनाने के लिए संकल्प लिया। इसी के साथ भारत क प्रधानमंत्री द्वारा बड़े स्तर पर जीएसटी दरों को घटाने के बाद दुकानदारों एवं आमजन को जीएसटी घटने का लाभ मिले इसके लिए दुकानदारों के पास जाकर दुकानदारों एवं ग्राहकों को जागरूक किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सौरभ गुप्ता जिला महामंत्री युवा मोर्चा, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य अवधेश प्रताप सिंह रहे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गंगाराम सैनी ने की तथा संचालन मंडल महामंत्री डा. संतोष यादव ने किया। इस दौरान डा. महेश प्रजापति जी मंडल उपाध्यक्ष अनुपम मिश्रा, कुलदीप सैनी, अतुल शर्मा, उदयपाल यादव, प्रेमपाल यादव, चरनसिंह यादव, हरद्वारी लाल, डा. विपिन कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य केन्द्रों पर मेले में रोगियों का नि:शुल्क उपचार किया

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं 05 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 220वें मुख्यमन्त्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया।

उक्त मेला सत्रों पर 36 चिकित्सकों एवं 130 पैरा-मेडिकल स्टाफ द्वारा कुल 2810 रोगियों में पुरुष रोगी 1105, महिला रोगी 1054 एवं 650 बच्चों का नि:शुल्क उपचार किया। जबकि आयुष्मान भारत जन-आरोग्य योजना के अन्तर्गत 159 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड तथा 164 आभा आई.डी. बनाये गये। जनपद में आयोजित समस्त मेला सत्रें पर बुखार के 255, चर्म रोग के 368, दमा के 250, मधुमेह रोग के 80, नेत्र रोग से सम्बन्धित 16, उच्च रक्तचाप के 56 तथा अन्य रोगों के मरीज देखे गये। बुखार में 45 मरीजों की मलेरिया की तथा 23 रोगियों की डेंगू की जाँच की गयी। जिसमें सभी संदिग्ध मरीजों की रिपोर्ट के के रेड नेगेटिव रही।

# दौड़ प्रतियोगिता के प्रतिभागी किए गए पुरस्कृत

**○ 800,1600 मीटर दौड़ में किया प्रतिभाग**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने प्रतिभाग कर बाजी मारी। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया।

क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर इम्मा निवासी रफाउल खान, सौरभ कुमार एवं दीपक कुमार ने एक दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता का जनक्रांति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एड. अनुज राजोरिया, राष्ट्रीय महासचिव एड. अमरजीत सिंह, राष्ट्रीय संगठन मंत्री दीपेश वाल्मीकि एवं जिलाध्यक्ष फाजिल अंसारी आदि ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। दौड़ प्रतियोगिता दो स्तरों पर आयोजित की गई। जिसमें 800 मी की दौड़ के प्रतियोगियों ने प्रतिभाग किया। तत्पश्चात 1600 मीटर की दौड़ के प्रतियोगियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में 800 मीटर की दौड़ में योगेश कुमार निवासी सुजानपुर ने प्रथम, विशाल निवासी स्नात नगर ने द्वितीय एवं राहुल निवासी मंडलाई ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि 1600 मीटर की दौड़ में अर्जुन निवासी महमूदपुर ने प्रथम, नितिन निवासी असमोली ने द्वितीय एवं हिमांशु निवासी दबोई ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एडवोकेट अनुज राजोरिया आदि ने विजेताओं को पुरस्कृत कर उनको प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विनीत डिलौर, अभिषेक विक्रमा, अजीत वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

# दुनिया के 60 प्रतिशत से अधिक हृदय रोगी भारत में: प्रशांत

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** विश्व हृदय दिवस पर रोटरी क्लब मिडटाउन के तत्वाधान में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। नगर के बैंक्वेट हॉल में आयोजित गोष्ठी में मुख्य वक्ता सिद्धि हॉस्पिटल के डा. प्रशांत वार्ष्णेय भारत में हृदय रोगों की चिंताजनक स्थिति पर प्रकाश डाला। डा. प्रशांत ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि, भारत की जनसंख्या भले ही वैश्विक आबादी का लगभग 20 प्रतिशत है, लेकिन दुनिया के 60 प्रतिशत से अधिक हृदय रोग के मामले हमारे देश में हैं। उन्होंने बताया कि हृदय रोग अब केवल बुजुर्गों की बीमारी नहीं रही। छोटी 30-35 वर्ष में अचानक हृदयाघात के बढ़ते मामले बेहद चिंताजनक हैं।

## एक नज़र इधर भी

### जयंती पर स्वर कोकिला को किया याद

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** सिने प्रेमियों ने स्वर कोकिला लता मंगेशकर को उनकी जयंती पर याद किया।

उनकी सबसे बड़ी ताकत उनकी आवाज थी। इस आवाज के चलते ही उन्होंने पूरी दुनिया में नाम कमाया। लता मंगेशकर ने 70 से अधिाक वर्षों तक फ़िल्म इंडस्ट्री में अहम योगदान दिया। जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। लता मंगेशकर की आवाज और उनकी गायकी में वो जादू था।जिसका आकर्षण उम्र के किसी भी पड़ाव पर कम नहीं होता। आज स्वर कोकिला हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन इनके गाए गानों के जरिये अपने चाहने वालों के दिलों में जिंदा हैं। इस दौरान सुमित वार्ष्णेय, हुकुम चन्द वार्ष्णेय, प्रशान्त वार्ष्णेय, वीरेन्द्र कुमार, रोनू गुप्ता, सतीश कुमार ईशु वार्ष्णेय आदि हैं।

### मां कात्यायनी देवी का हुआ पूजन

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** घर व मन्दिर में मां कात्यायनी की पूजा की गयी। नवरात्रि का पावन पर्व चल रहा है। पण्डित सत्यम मिश्रा ने बताया कि नवरात्रि के छठे दिन मां दुर्गा के छठे स्वरूप, मां कात्यायनी की पूजा की जाती है। मां कात्यायनी का रंग सुनहरा है। उनकी चार भुजाएं हैं, जिसमें दाहिने हाथों में मां अभय और वर मुद्रा में हैं. वहीं, बाएं हाथों में मां तलवार और कमल का फूल धारण करती हैं। कात्यायनी मां सिंह पर सवार रहती हैं। मान्यताओं के अनुसार, कात्यायनी मां की सच्चे मन से पूजा-अर्चना करने से रोग, शोक और भय से छुटकारा मिलता है। इस दौरान भोला गोयल, पूजा गोयल, कपिल गोयल, गार्गी गोयल, कार्तिक गोयल, सात्विक, गर्वित आदि मौजूद रहे। उधर नगर गुन्नौर के चामुंडा मन्दिर पर भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें श्रृद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान गोविन्द वार्ष्णेय, अमन वार्ष्णेय, कल्लू वार्ष्णेय, श्याम वार्ष्णेय आदि रहे।

### देशी शराब के पव्वों समेत गिरफ्तार

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** अपराध रोकने और अपराधियों की धर पकड़ को चलाये जा रहे अभियान में पुलिस ने अवैण रूप से शराब समेत एक को दबौच लिया। पुलिस अधीक्षक के के विशनोई के निर्देश पर चल रहे अभियान में हयात नगर कोतवाली के कां. आशु कुमार, जितेन्द्र कुमार और मौ. आरिफ ने संयुक्त रूप से बिटअू उर्फ रविन्द्र पुत्र अनिरूद्ध कुमार नि. मौहल्ला भालेभाज खां थाना हयात नगर को मौहल्ला नवादा की ओर जाने वाले रास्ते से 20-30 कदम की दूरी पर गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी से 24 पव्वे देशी शराब के बरामद किए।

### जुआ खेलते रंगे हाथ चार दबोचे

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** अपराधियों की धर पकड़ को जिले भर में जारी अभियान में पुलिस ने जुआ खेलते रंगे हाथ चार को धर दबौच लिया।

पुलिस अधीक्षक के के विशनोई और अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी कुलदीप सिंह के संयुक्त निर्देशन में अपराध रोकने और अपराधियों की धर पकड़ को जारी अभियान में हयात नगर कोतवाली के कां. नीरज कुमार ने अनिकेत पुत्र उदयवीर, जोगेन्द्र पुत्र मोहनलाल, रोहित पुत्र जबर सिंह व अजय पुत्र रामौतार निवासीगण मौ. अम्बेडकर गेट थाना हयात नगर को जुआ खेलते रंगे हाथ दबौच लिया। पकड़े गए आरोपियों से 1730 रूपये और ताश के पत्ते बरामद किए।

### यूथ फेडरेशन के ताजवर प्रदेशाध्यक्ष बने

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** खेलो यूथ फेडरेशन आफ इंडिया के अध्यक्ष मास्टर गणेश सागर छत्तीसगढ़ ने नगर के मौहल्ला खग्गू सराय निवासी मौहम्मद ताजवर को उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त किया है। बताते चलें की खेलो यूथ फेडरेशन आफ इंडिया के लिए लगातार कार्य करने वाले मौहम्मद ताजवर फ्लाइंग जोन इण्टरनेशनल एकेडमी चलानते हैं जहां बच्चों को ताईक्वांडो की क्लास लगाकर उन्हे आगे बढ़ाने ओर भविषय को उज्जवल बनाने के लिए उनका उत्साह वर्धन करते हैं। मौहमद ताजवर को खेलो यूथ फेडरेशन आफ उतर प्रदेश मे उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष बनाये जाने के लिए परिवार एवं समाज मे उत्साह का माहौल है। मोहम्मद ताजावर ने कहा कि ताइक्वांडो के मैदान में अच्छा माहौल देने के लिए अपने प्रशिक्षकों और बच्चों के बारे में सोचूंगा ओर इसी तरह अपने कस्बा का नाम ओर देश का नाम रोशन करता रहूंगा।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** विधान सभा क्षेत्र गुन्नौर की नगर पंचायत गवां में बूथ संख्या 30 पर कार्यकर्ता अल्पसंख्यक मोर्चा मण्डल अध्यक्ष शकील सलमानी के आवास पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात के 126वें संस्करण का पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों के साथ सुना। इस अवसर पर उपस्थित नगरवासियों, कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री के राष्ट्रहितकारी विचारों और संदेशों को बड़े ध्यानपूर्वक सुना और उनसे प्रेरणा ग्रहण की। कार्यक्रम के दौरान समाज और संगठन के लिए सेवा, समर्पण और अनुशासन की भावना को और प्रगाढ़ करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उमेश चन्द्र शर्मा शकील सलमानी भारत सिंह राघव प्रमोद कुमार पासी राजवीर पाल मण्डल मंत्री मनवीर यादव, शक्ति केन्द्र संयोजक रनवीर यादव जी, नेत्रपाल शर्मा, रफीक सलमानी, आकाश कुमार पासी जी, इमरान सलमानी जी, मुस्तकीम सलमानी जी सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता, नगरवासी उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री जी की यह संवाद श्रृंखला वास्तव में जन-जन को राष्ट्रनिर्माण की दिशा में प्रेरित करती है और हृमन की बातहृ प्रत्येक भारतीय के हृदय से सीधे जुड़ने वाला सशक्त माध्यम बन चुकी है।

## बरेली जाकर हिंसा की जांच करेगा आजाद अधिकार सेना का प्रतिनिधिमंडल

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** बरेली में हुई हिंसा को लेकर जहां विपक्ष की चुप्पी पर लोग हतप्रब्ध हैं वहीं आजाद अधिकार सेना हिंसा के मामलों की जांच को लेकर सामने आयी है। सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर प्रतिनिधि मंडल बरेली का दौरा करने जायेगा।

बरेली जिलाधिकारी और एसएसपी को सूचना देकर आजाद अधिकार सेना के खिजर गौस ने बताया कि आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताथ ठाकुर के निर्देश पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री देवेन्द्र सिंह राणा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल बरेली का दौरा करेगा। प्रतिनिधि मंडल में सेना के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शहाजद अली, खिजर गौस, इकराम अली, मनीष मल्होत्रा, शिवराज सिंह यादव शामिल रहेंगे। प्रतिनिधि मंडल बरेली में घथना स्थल का निरीक्षण कर तथ्यों की जांच करेगे उसके बाद जेल में बंद मौलाना तौकीर रजा से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा पीड़ितों से भी मुलाकात कर उनकी स्थिति का जायजा लेंगे।

# आजादी के महानायक थे सरदार भगत सिंह

**○ हिजामं व वीर खालसा सेवा दल ने की गोष्ठी**

शाह टाइम्स,ब्यूरो



सम्भल-अमर सूपत सरदार भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते।

**सम्भल।** सरदार भगत सिंह जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करके विचार गोष्ठी में सरदार भगत सिंह को आजादी का महानायक बताया गया।

बहजोई रोड पर स्थित सरदार भगत सिंह पार्क में सरदार भगत सिंह की प्रतिमा पर सरदार भगत सिंह स्मारक समिति, हिंदू जागृति मंच, वीर खालसा सेवादल, श्री रामलीला कमेटी, नगर पालिका परिषद से जुड़े अनेक लोगों ने माल्यार्पण किया। उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि भेंट करते हुए उनके देशभक्ति पूर्ण कार्यों को याद किया। सरदार भगत सिंह स्मारक समिति द्वारा आयोजित विचार गोष्ठी में सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए चौधरी महिपाल सिंह ने कहा कि सरदार भगत सिंह आजादी के दीवानों मतवालों में सचमुच के सरदार थे मुखिया थे। भारत माता के सच्चे सपूत और भक्त थे शेर जैसी दहाड़ अंग्रेजों को चेतावनी देने वाली ललकार ऐसी प्रभावी थी कि उनके नाम के आगे लिखे हुए सिंह को सार्थक करती थी। इसलिए उनका नाम सरदार भगत सिंह यथा नाम तथा गुण को चरितार्थ करता है। वास्तव में सरदार भगत सिंह आजादी के मसीहा थे महानायक थे। उनके नेतृत्व में उनके मार्गदर्शन में उनकी आवाज पर असंख्य लोगों ने माता बहनों ने देश के लिए तन मन धन समय सब कुछ न्योछावर कर दिया। श्री रामलीला कमेटी के अध यक्ष अनंत कुमार अग्रवाल ने सरदार भगत सिंह का जीवन परिचय सुनाते हुए सरदार भगत सिंह को अदम्य साहस निर्भीकता देशभक्ति चेतना का प्रतीक बताते हुए उनकी प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि भेंट की। राजेंद्र सिंह, डक्क वी पी सिंह, सरदार कुलवीर सिंह, महेंद्र स्वामी, नवजोत सिद्धू, अजय गिल, हरीश कुमार, पप्पू ,भगवान दास शर्मा, विकास कुमार वर्मा, अजय कुमार शर्मा, संजय शर्मा, अभिषेक शर्मा, प्रेम ठाकुर, नितिन वार्ष्णेय, पंकज आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहीद भगत सिंह स्मारक समिति के अध्यक्ष एवं विहिप जिलाध्यक्ष अनंत कुमार अग्रवाल ने की। संचालन सरदार कुलवीर सिंह ने किया।

# डा. हरीश ने राष्ट्रीय मंच पर उठाई महावा नदी की आवाज़



शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** गुन्नौर तहसील के गांव न्योरा निवासी केंद्रीय सिविल सेवा के अधिकारी डा. हरीश यादव ने दिल्ली में संस्कृति मंत्रलय के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में आयोजित छठे नदी सम्मेलन 2025 के एक सत्र की अध्यक्षता की।

इस राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर से आए विभिन्न प्रोफेसरों, शोधकर्ताओं और समाजसेवियों ने विज्ञान के माध्यम से नदियों के पुनर्जीवन के प्रयासों पर अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए। सम्मेलन में नदियों के संरक्षण, पुनर्जीवन और सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई। साकी अध्यक्षता करते हुए डा. हरीश यादव ने महावा नदी के मुद्दों को राष्ट्रीय मंच पर रखा। उन्होंने महावा नदी पर हो रहे अतिक्रमण और उसे बचाने के लिए किए जा रहे अपने प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि आधुनिक तकनीकों एवं सामुदायिक भागीदारी के जरिए महावा नदी को पुनर्जीवित किया जाएगा। गुन्नौर क्षेत्र से प्रवाहित होने वाली महावा नदी आज राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बन चुकी है। डा. यादव के प्रयासों ने नदियों के संरक्षण और पुनर्जीवन के प्रति नई ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान की है। डा. यादव ने सेव आवर रिवर अभियान की स्थापना की है और भारत में नदियों के संरक्षण और जल संसाधन प्रबंधन के लिए कई प्रभावशाली पहल की हैं। इस अभियान का एक प्रमुख मील का पत्थर सूखी नदियों और तालाबों का राष्ट्रीय डेटाबेस बनाना है, जो लक्षित पुनर्जीवन प्रयासों के लिए महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है। डा. हरीश यादव ने कहा कि नदियाँ हमारी सभ्यता और संस्कृति की आत्मा हैं। महावा जैसी नदियों को बचाना केवल पर्यावरणीय दायित्व नहीं, बल्कि समाज और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है।

# हृदय की देखभाल और महत्व समझाने को मनाया जाता है विश्व हृदय दिवस

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** हृदय का रखें विशेष ख्याल बबराला नगर के महिला चिकित्सालय में हृदय रोग (सीवीडी) के बारे में जागरूकता बढ़ाने और अपने हृदय की देखभाल के महत्व को समझाने के लिए विश्व हृदय दिवस मनाते हैं। व्यक्तियों, परिवारों और स्कूलों से लेकर सामुदायिक समूहों और सरकारों तक, हम समान हृदय स्वास्थ्य को प्राथमिकता बनाने और दुनिया भर में बदलाव लाने के लिए मिलकर काम करते हैं। महिला चिकित्सालय बबराला डा. विनय गंगवार ने बताया कि विश्व हृदय दिवस, जो हर साल 29 सितंबर को मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य हृदय रोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और दिल को स्वस्थ रखने के महत्व को समझाना है। इस दिन विश्व स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जैसे वॉकथॉन, स्वस्थ जीवनशैली पर कार्यशालाएं और मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर। फार्मेसिस्ट लक्ष्मीकांत शर्मा ने कहा कि विश्व हृदय दिवस का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना है। दुनिया भर में हृदय रोग एक बड़ी समस्या है और लाखों लोगों की मृत्यु का कारण है। इस दिवस के माध्यम से लोगों को हृदय रोगों के खतरों के प्रति जागरूक किया जाता है। यह दिन लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करता है, जिसमें स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम, धूम्रपान और शराब से परहेज शामिल है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि दिल की सेहत हर व्यक्ति के जीवन में कितनी महत्वपूर्ण है और स्वस्थ दिल खुशहाल जीवन की नींव है।

## साबरी कमेटी के सदस्या को मातृशोक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** साबरी कमेटी के सदस्य की वालिदा का इंतेकाल हो गया। उनके इंतेकाल की सूचना पर शोक की लहर दौड़ गयी। उनके निवास पर पहुंचे लोगो ने ढांढस बंधाया।

दरगाह हजरत जुनैद शाह मियां गुलामाने साबरी कमेटी मौहल्ला चमन शेर खां सराय के सदस्य सुबहान डीएमआर साबरी की वालिदा के इंतेकाल की सूचना पर शोक फैल गया। कमेटी पदाधिकारियों ने गहरा दुख प्रकट करते हुए मरहूमा के लिए दुआयें मगफिरत की। जबकि उनके निवास पर जाकर ढांढस बंधाया। देर शाम बाद मगरिब मरहूमा को जनाजे की नमाज के बाद सुपुर्द खाक किया गया। इस मौके पर इंतेजार हुसैन, दबीर अहमद, फरजन्द अली वारसी, तंजीम अहमद, हाजी कल्लू, मौ. अकीब, मौ. वसीम, अशरफ, शकील अहमद आदि मौजूद रहे।

# शूर्पणखा हुई नासिका विहीन

**○ शूपर्णखा संवाद सुनकर दर्शक हुए रोमांचित**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** श्रीरामलीला मंचन में शूपर्णखा संवाद रामायण के अरण्यकाण्ड के एक महत्वपूर्ण और लोकप्रिय प्रसंग है जिसमें रावण की बहन शूर्पणखा का भगवान राम और लक्ष्मण के साथ पंचवटी में हुआ संवाद और उसके बाद की घटनाओं का मंचन किया।

नगर पालिका परिषद में चल रहे रामलीला मंचन का शुभारम्भ भगवान गणेश के पूजन ओर श्रीराम व माता सीता ओर लक्ष्मण की पूजा अर्चना से किया गया। मंचन में पंचवटी में शूपर्णखा राम और लक्ष्मण को देखती है और उनके सौंदर्य से मोहित गयी। उसने एक सुंदर स्त्री का रूप धारण कर राम के पास चली गइ। और उनसे विवाह का प्रस्ताव रखा,लेकिन मर्यादा पुरुषोत्तम राम उसकी बातों को सुनकर मुस्कुराये और बोले कि वह तो विवाहित हैं और सीता उनकी धर्मपत्नी हैं। राम उसे लक्ष्मण के पास भेज देते हैं। शूपर्णखा लक्ष्मण के पास गयी और उनसे भी विवाह का प्रस्ताव रखा, मगर लक्ष्मण ने उसे अपनी दासी बनाने की बात कहते हुए राम के पास वापस भेज देते हैं। दोनों भाई उसे एक दूसरे के पास बार-बार भेजते रहे। इससे वह क्रोधित हो गया तथा अपने राक्षसी रूप में आकर सीता पर हमला करने का प्रयास किया। इससे लक्ष्मण अत्यधिक क्रोधित हो गये। उन्होने उसकी नाक काट दी। नासिका विहीन होते ही शूर्पणखा दर्द से चिल्लाते हुए अपने भाई खर-दूषण को जाकर सारी घटना बताकर उसे राम और लक्ष्मण से बदला लेने के लिए भड़काया। खर-दूषण का वध हो जाने पर वह रावण के पास जाकर उसे सीता के हरण के लिए उकसाया। मंचन में विशेषता यह रही कि इसमें हास्य और परिहास का प्रयोग किया गया। खासकर राम और लक्ष्मण द्वारा शूर्पणखा को एक-दूसरे के पास भेजने के दौरान श्रृद्धालुओं ने हास्य का आनंद लिया। श्री रामलीला कमेटी के प्रबंधक वैभव गुप्ता ने रामायण के महत्व को बताते हुए कहा कि शूपर्णखा संवाद रामायण का एक ऐसा भाग है जो न केवल मनोरंजन प्रदान करता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि कैसे एक छोटी सी घटना रामायण के युद्ध का कारण बनती है। जो हमें ज्ञान देती है कि हमें कोई भी कार्य बिना सोचे समझे नहीं करना चाहिए। जिस प्रकार रावण और उसके अन्य भाइयों ने शूर्पणखा की बातों में आकर किया। इस मौके पर डा. अशोक रुस्तगी, प्रो. बीना रुस्तगी, डा. आनंद सिंह, डा. यू. सी. सक्सेना, डा. अरविन्द गुप्ता, सरदार कुलवीर सिंह, प्रधानाचार्य शिवशंकर शर्मा, अरुण गोयल, अशोक सर्राफ आदि उपस्थित रहे। कमेटी के अध्यक्ष अनंत अग्रवाल ने अतिथियों को पटका पहनाकर सम्मान किया।

# केक काटकर मनाई जिले की वर्षगांठ

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जिले का सृजन दिवस बसपा कार्यकिर्ताओं ने केक काटकर मनाया।

बसपा नेता हाजी रफतुल्ला उर्फ नेता छिददा के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में बसपा कार्यकर्ताओं ओर पदाधिकारियों ने प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती द्वारा 28 सितम्बर को जिले का सृजन कर इसकी घोषणो तथा जनपद को बने चौदह साल पूरे होने पर हर्ष जताया। जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह एड. के नेतृत्व में बसपाइयों ने केक काटा ओर एक दूसरे को खिलाकर शुखी का इजहार किया। तत्पश्चात बसपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी आगामी नौ अक्टूबर को मान्यवर कांशीराम की पुधय तिथि पर लखनऊ में होने वाली विशाल रैली को सफल बनाने ओर अधिक से अधिक भीड़ जुटाने को गांव-गांव सर्म्पक करने निकल पड़े। इस मौके पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी हाजी रफतुल्ला उर्फ नेता छिददा, संसार सिंह, हरद्वारी लाल गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष धमेन्द्र कुमार, रवि शंकर भारती, जगरूप गौतम, नौबत सिंह, हरपाल सिंह, थान सिंह मौर्य, मोटी, इब्राहीम अंसारी, महेन्द्र सैनी, अंकुल गौतम, सुरेश, मित्रपाल आदि कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।



सम्भल- जिले की स्थापना वर्षगांठ केक काटकर मनाते बसपा कार्यकर्ता।

# गढ़ी रामलीला में 2100 दीपों से होगी महाआरती

**○ मातृ शक्ति के सम्मान को दिलाई जाएगी शपथ**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** हिंदू जागृति मंच की बैठक में हनुमान नगर गढ़ी की रामलीला में 30 सितंबर अष्टमी तिथि को 2100 दीपों से मां दुर्गा की सामूहिक आरती करने का निर्णय लिया गया। संतोष कुमार गुप्ता ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अष्टमी तिथि 30 सितंबर मंगलवार को हनुमान नगर गढ़ी में संधया समय हिंदू जागृति मंच के सभी सदस्य मां दुर्गा की भव्य झांकी के समक्ष सामूहिक आरती करके पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। अंकुर रस्तोगी, सुबोध कुमार गुप्ता, विकास कुमार वर्मा, पंकज सांख्यधर, अरुण कुमार अग्रवाल, सुमन कुमार वर्मा, भरत मिश्रा, सुभाष चंद्र शर्मा, अतुल कुमार शर्मा, महावीर सिंह, विशन लाल, चरन सिंह भारती ने मंगलवार को हनुमान नगर गढ़ी में रामलीला देखने तथा सामूहिक आरती में सम्मिलित होने की बात कही। सर्वसम्मति होने पर हिंदू जागृति मंच की प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि हनुमान नगर गढ़ी में चल रही भव्य श्री राम लीला में 2100 दीपों से मां दुर्गा की दिव्य भव्य आरती हिंदू जागृति मंच के माध्यम से 30 सितंबर मंगलवार को अष्टमी तिथि में की जाएगी। मातृशक्ति का सम्मान करने की सामूहिक शपथ भी दिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि राम लीला कमेटी के सभी सदस्यों को हिंदू जागृति मंच की ओर से स्वागत सम्मान किया जाएगा। बैठक में उमेश सैनी, प्रताप सिंह, अशोक गर्ग, डा. अरविंद गुप्ता आदि ने विचार व्यक्त किए। बैठक की अध्यक्षता अजय कुमार शर्मा ने की संचालन उमेश सैनी ने किया।

## छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।।** आध्यात्मिक गुरु पं राधोश्याम श्रीमाली के नेतृत्व मे दुर्गा भवन श्रीमाली निवास पंजू सराय में स्थित श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रंखला के तहत माँदुर्गा स्तवन की 91 वीं कडी के सातवें दिन समिति कैलाश शर्मा व दिव्या शर्मा द्वारा माँदुर्गा के छठे स्वरुप माता कात्यायनी को छ वर्ष की कन्या का पूजन कर पान सुपारी ध्वजा नारियल फल मेवा अष्टगंधा शुद्ध घी व शहद से दस हजार आठ सौ आहुतियाँ प्रदान की।

# आजाद समाज पार्टी के प्रबुद्ध जन सम्मेलन में पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आजाद समाज पार्टी का प्रबुद्ध जन सम्मेलन महानगर के दिल्ली रोड स्थित गुलाब रिजॉर्ट में संपन्न हुआ, अस्तित्व बचाओ /भाईचारा बनाओ पर कार्यक्रम में जोर दिया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद एडवोकेट ने कहा कि हमने पूरे प्रदेश के 18 मंडल में इस तरह के सम्मेलन आयोजित किए थे, आजाद समाज पार्टी को जनता का भरपूर प्यार मिला है, पढ़े-लिखे लोग पार्टी से जुड़कर अपना आशीर्वाद प्रदान कर रहे हैं, हमारी पार्टी आगामी पंचायत चुनाव में बड़ी सफलता हासिल करेगी और बड़ा दल बनकर उत्तर प्रदेश की जनता की सेवा करेंगे। प्रबुद्ध जन सम्मेलन समाप्ति के बाद, आजाद समाज पार्टी के द्वारा दूसरे कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

जोकि आगामी विधानसभा तक जारी रहेंगे, आजाद समाज पार्टी का मिशन है की पार्टी के कार्यकर्ता मैदान में डटकर, गली गली व गांव-गांव जाकर जनमत तैयार करेंगे।नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने सम्मेलन के दौरान बीजेपी पर जमकर निशाना साधा, सरकार को घेरते हुए उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में किसान परेशान है, यूरिया की भारी किल्लत देखने को मिल रही है, पढ़ा लिखा नौजवान भी परेशान है, बेरोजगारी अपने चरम पर है, बार-बार भर्ती घोटाला हो रहा है, उत्तर प्रदेश में जंगल राज है। बरेली की घटना का जिक्र करते हुए चंद्रशेखर आजाद ने कहा की बरेली में अन्याय हुआ है, एक प्रदेश में दो कानून चल रहे हैं, बरेली में शांतिपूर्ण प्रोटेस्ट करने हेतु लोग आए थे, पुलिस चाहती तो उनको समझा सकती थी किंतु लाठी चार्ज किया गया. वही फतेहपुर की घटना का जिक्र करते हुए चंद्रशेखर आजाद ने कहा की फतेहपुर में मकबरा तोड़ा जाता है पर सरकार खामोश रहती है, उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार धर्म के आधार पर कार्रवाई कर रही है, उन्होंने सरकार को चेताया की आजाद समाज पार्टी इस अन्याय के विरुद्ध बड़ा प्रोटेस्ट करेगी। चर्चा में चल रहे आई लव मोहम्मद प्रकरण पर भी सांसद नगीना चंद्रशेखर आजाद ने अपना पक्ष रखा, उन्होंने कहा कि भारत धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है, यहां सभी को अपने-अपने धर्म के सम्मान करने की इजाजत है, किंतु सरकार ने इस क्राइम बना दिया है,सरकार चाहती है कि असंतोष बना रहे ताकि जनता रोटी/कपड़ा और मकान की बात ना कर सके, यह सरकार की सोची समझी साजिश है।

# देवी दुर्गा के पांचवें स्वरूप मां स्कंदमाता की पूजा पर भजन कीर्तन का आयोजन



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन देवी दुर्गा के पां. चवें स्वरूप मां स्कंदमाता की पूजा की गई। माता का ये स्वरूप भक्तों को सौभाग्य, समृद्धि और संतानसुख प्रदान करने वाला माना जाता हैस नगर में नेहा बिश्नोई एंड पार्टी द्वारा माता के भजन कीर्तन का आयोजन किया गयास जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया स नगर के मोहल्ला पटेगंज में आयोजित कार्यक्रम में माता के भजन कीर्तन की बहार रहीस तूने मुझे बुलाया शेरावा. लिए, चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है आदि गीतों पर महिलाएं मंत्र मुक्त हो गई स कार्यक्रम में मुख्य यजमान वंदना बिश्नोई रही स माता की पूजा अर्चना के बाद महिलाओं ने माता की महिमा का गुणगान कियास स्कंदमाता को गौरी, माहेश्वरी, पार्वती और उमा के नाम से भी जाना जाता है।

अपने इस स्वरूप में मां बहुत ही मोहक और प्यारी लगती हैं। देवी की चार भुजाएं हैं और भगवान स्कंद बालरूप में उनकी गोद में बैठे हैं। देवी ने अपनी दाहिनी ऊपरी भुजा में भगवान स्कंद को गोद में लिया है और दाहिनी निचली भुजा में कमल पकड़ा हुआ है। माना जाता है कि स्कंदमाता की विधिवत रूप से पूजा-अर्चना करने से नि:संतान व्यक्ति को संतान सुख की प्राप्ति हो सकती है। मां दुर्गा के इस स्वरूप को शक्कर पुड़ी, केले, चने और हलवा का भोग अर्पित किया जाता है। स्कंदमाता की कृपा से भक्तों को समृद्धि, सौभाग्य, और शांति की प्राप्ति होती है। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद शाखा कांठ की महिला सहभागिता मनीष माहेश्वरी, भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष रेखा बिश्नोई, ललित चौहान, मीना बिश्नोई, अल्पना बिश्नोई, अनिका अग्रवाल, राखी अग्रवाल, ममता चौहान, तारावती चौहान, रीना बिश्नोई, शिक्षिका प्रियंका चौधरी, सुषमा बिश्नोई, सुनीता देवी, मोना शर्मा, रिशु बिश्नोई, आदि महिलाएं मौजूद थीस भजन कीर्तन के बाद भव्य आरती का आयोजन हुआ और प्रसाद का वितरण किया गयास आगंतुक महिलाओं का आभार वंदन बिश्नोई ने व्यक्त किया।

## एक नजर

### किरन सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने किया चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



**चन्दौसी।** किरन सोशल वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में रविवार को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हनुमानगढ़ी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में किया गया जिसका शुभारम्भ विद्यालय व्यवस्थापक सुनील कुमार, केंद्र व्यवस्थापक डॉ टी.एस. पाल, दिनेश चीनी व हरनाम सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। सोसाइटी अध्यक्ष डॉ नीलम वार्ष्णेय ने बताया कि प्रतियोगिता दो वर्गों में कराई गई जिसमें जूनियर वर्ग में कक्षा 03 से 05 तक के बच्चों ने कार्टून एवं जल बचाओ की आकृति बनाई तथा सीनियर वर्ग में कक्षा 05 से 08 तक के बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण एवं जंगल मे नाचता मोर का सुंदर चित्रण किया। दर्जन भर विद्यालयों के 500 में 486 बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। 14 प्रतिभागी अनुपस्थित रहे। इस दौरान सचिव रूबी वार्ष्णेय, एड. सौरभ वार्ष्णेय, हरीश कठेरिया, इंदु अग्रवाल, आशा गोस्वामी, जयशंकर दुबे, भक्ति, पलक, मयंक वार्ष्णेय, दुर्गेश दिवाकर, लवित वार्ष्णेय, हिमांशु काका, आकाश वार्ष्णेय, कुलदीप, मोनिका वार्ष्णेय, दिव्या, आकाश वार्ष्णेय, गुंजन वार्ष्णेय, प्रतिभा, मीना, पिंकी वार्ष्णेय, मीना, निधि अग्रवाल, राधिका आदि का सहयोग रहा।

### 'नो हेलमेट-नो हेलमेट' अभियान के तहत चालकों को किया गया जागरूक

**चन्दौसी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात पुलिस सम्भल द्वारा 01 से 30 सितम्बर 2025 तक चल रहे 'नो हेल्मेट-नो हेल्मेट' अभियान के अंतर्गत दोपहिया वाहन चालकों को जागरूक करने तथा हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान यातायात पुलिस ने वाहनों को नियमानुसार रोककर चालकों को हेलमेट पहनाए और उन्हें यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया।

### न्यू शाइनिंग स्टार क्लब ने की एकल नृत्य प्रतियोगिता



**चन्दौसी।** शारदीय नवरात्रों के उपलक्ष्य में न्यू शाइनिंग स्टार क्लब चन्दौसी द्वारा रामबाग धाम के विशाल रंगमंच पर लगातार चौथी बार एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ निर्णायक मंडल द्वारा फीता काटकर एवं मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। क्लब संरक्षक अंशुल टनाटन, रवि पत्थर वाले, अखिलेश खिंलाड़ी, सौम्य अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, मौसम गुप्ता, भुवनेश वार्ष्णेय, विकास मेंथा, एड. अनुज अग्रवाल, अर्चित अग्रवाल, अंकित जैन, डॉ. वीरेश कुमार सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में 05 से 12 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 30 बच्चों ने भाग लिया और शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। निर्णायक मंडल में डॉ. कविता गुप्ता एवं हिमानी चन्द्रा शामिल रहीं, जबकि संचालन दुर्गा टंडन और सर्वेश चीनी ने किया। आयोजन में अनिल गुरु व अमर वार्ष्णेय का विशेष सहयोग रहा। सभी प्रतिभागियों को गिफ्ट, प्रशस्ति पत्र, 500 रु. नकद, मिठाई का पैकेट, ब्रांडेड घड़ी व क्रोकरी सेट प्रदान किए गए। देर रात घोषित परिणाम में प्रथम विजेता को जम्बो स्पीकर, द्वितीय को मीडियम स्पीकर व तृतीय को जूनियर स्पीकर प्रदान किया गया। इस अवसर पर मीडिया बंधुओं, संरक्षक मंडल एवं विशेष सहयोगियों को भी सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में क्लब अध्यक्ष हनी चन्द्रा, उपाध्यक्ष मुदित गर्ग, महामंत्री आलोक वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष सचिन दयाल, उपमंत्री आर्यन वार्ष्णेय, अभिनव शर्मा, निखिल गुप्ता, गिरीश शर्मा, सुभाष चन्द्रा, अक्षय वार्ष्णेय व प्रवीण शर्मा सहित टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती मनाई

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में महान क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती स्टेशन रोड स्थित शहीद भगत सिंह स्मारक पर मनाई गई। मुख्य अतिथि व वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर.एम. सक्सैना (सेवानिवृत्त सहायक वाणिज्य प्रबंधक, रेलवे मंडल मुरादाबाद) ने की, संचालन पूर्व इंस्पेक्टर जगदीश चंद्र राणा और व्यवस्था हेमन्त कुमार गुप्ता ने संभाली। विशिष्ट अतिथि के रूप में एन.के. शर्मा, वेदराम मौर्य, चौधरी शिव सिंह, अरुण सक्सैना, गेंदन लाल, अनिल कुमार शर्मा, प्रभात कुमार गुप्ता, जगदीश शरण सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। मुख्य वक्तव्य में कवि माधव मिश्र ने भगत सिंह के संघर्षमय जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मात्र 12 वर्ष की आयु से उन्होंने देश की आजादी के लिए कदम बढ़ा दिए और जलियांवाला बाग की विभीषिका से प्रेरित होकर जीवनभर क्रांतिकारी राह चुनी।

उन्होंने नौजवान सभा का गठन कर युवाओं को स्वतंत्रता आंदोलन से जोड़ा और हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के सक्रिय सदस्य बने। लाला लाजपतराय की मौत का बदला लेने से लेकर असेंबली में बम फेंकने तक उनकी क्रांतिकारी गतिविधियों ने अंग्रेजी हुकूमत को हिला दिया। इस अवसर पर छोटे लाल, अमर, मोहम्मद तसलीम, मोहम्मद रहीम, मोहम्मद सलमानी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं "शहीद भगत सिंह अमर रहें, भारत माता की जय" के गगनभेदी नारों के साथ हुआ।

# शिव पार्वती रसोई परिवार ने प्रकाश नगर चौराहे पर किया उड़द-राजमा चावल जल का वितरण



**शाह टाइम्स, ब्यूरो।**

**मुरादाबाद।** शिव पार्वती रसोई परिवार ने आज प्रकाश नगर चौराहे पर उड़द राजमा चावल और जल वितरण किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष और संस्थापक पुष्प यादव एडवोकेट ने बताया कि यह आयोजन प्रत्येक रविवार को किया जाता है, जिसमें निशुल्क भर पेट भोजन के साथ-साथ फल और मिष्ठान की भी व्यवस्था रहती है। शिव पार्वती रसोई परिवार का उद्देश्य है ष्अन्न है सभी के लिए। संस्था का मानना है कि हर व्यक्ति को भर पेट भोजन मिलना चाहिए, और इसी उद्देश्य को लेकर संस्था निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें प्रत्यूष यादव, डॉ सतवीर चौहान, आशुतोष त्यागी, अर्जुन सिंह, अंकुर यादव, राहुल शर्मा, सुनीत अग्रवाल, योगेश भारती, बिट्टू कश्यप, ओम प्रकाश सिंह, पारस त्यागी आदि प्रमुख थे। संस्था के अध्यक्ष पुष्प यादव एडवोकेट ने बताया कि आने वाले समय में संस्था द्वारा अनेक सामाजिक कार्य किए जाएंगे। संस्था का उद्देश्य है समाज के विभिन्न वर्गों की सहायता करना और उनकी जरूरतों को पूरा करना। शिव पार्वती रसोई परिवार का यह आयोजन समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है। संस्था का उद्देश्य और कार्य समाज के लिए एक नई दिशा दिखा रहा है, और हमें उम्मीद है कि आने वाले समय में संस्था के कार्य और भी विस्तार पाएंगे।

# स्थानांतरण प्रकरण को लेकर शिक्षकों का जमावड़ा, समाधान की मांग पर अड़े



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश सरकार में माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी के आवास सुभाष रोड पर इन दिनों माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों का जमावड़ा लगा हुआ है। दूर-दराज से आए शिक्षक स्थानांतरण संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए पिछले कई दिनों से डटे हुए हैं। गौरतलब है कि जून माह में प्रदेश सरकार द्वारा माध्यमिक शिक्षकों का ऑनलाइन स्थानांतरण किया गया था। ऑनलाइन प्रक्रिया के अंतर्गत जिन शिक्षकों को नए विद्यालयों में तैनाती मिली, उन्होंने ज्वाइन कर लिया। वहीं ऑफलाइन स्थानांतरण वाले लगभग 1600 से अधिक शिक्षकों ने संबंधित कार्यालय में अपनी फाइलें जमा तो कर दीं, लेकिन आगे की कार्यवाही नहीं हुई। इस कारण शिक्षक तीन माह से परेशान हैं। शिक्षक राकेश तिवारी ने बताया कि वे झांसी से यहां पहुंचे हैं। शासन ने 27 जून को स्थानांतरण संबंधी फाइलें मांगी थीं, 07 अगस्त तक अनुमोदन की बात कही गई थी, लेकिन अब तक कार्यवाही नहीं हुई। उनका आरोप है कि सरकार माध्यमिक शिक्षकों के साथ भेदभाव कर रही है। शिक्षक कौशल दुबे ने कहा कि पिछले दो माह से केवल लिखित और मौखिक आश्वासन मिल रहा है, अब शिक्षकों को केवल ठोस परिणाम चाहिए। बहराइच से आए शिक्षक मनोज कुमार ने कहा कि उनके विद्यालय महाराज सिंह इंटर कॉलेज में ज्वाइनिंग नहीं हो पा रही है, जबकि सरकार ने आदेश जारी कर रखा है। इधर, राज्यमंत्री गुलाब देवी वर्तमान समय में लखनऊ में हैं। उन्होंने शिक्षकों से बातचीत में कहा है कि मुख्यमंत्री से इस विषय पर चर्चा हो चुकी है और तीन दिन का समय समाधान के लिए दिया गया है। राज्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही सभी शिक्षकों की समस्या का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षक चाहें तो जा सकते हैं अथवा यहीं रुक सकते हैं। इस बीच किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए राज्यमंत्री आवास पर पुलिस बल भी तैनात कर दिया गया है।

# स्वामी प्रवणानंद महाराज को पगड़ी पहना कर बनाया राम डोल कमेटी का संरक्षक



**कांठ ( शाह टाइम्स )** स्वामी राजेंद्रानंद महाराज के ब्रहमलीन होने के उपरांत श्री रामडोल कमेटी ने स्वामी प्रवणानंद महाराज को रामडोल कमेटी का संरक्षक बनाकर उन्हें शॉल एवं शील्ड देकर सम्मानित किया। स्वामी राजेंद्रानंद महाराज के ब्रह्मलीन होने के उपरांत बिश्नोई समाज ने भीम गोडा आश्रम हरिद्वार में पहुंचकर उत्तराधिकारी के रूप में स्वामी प्रणवानंद जी महाराज को महंत के रूप में स्वीकार किया था। संत स्वामी राजेंद्रानंद महाराज के शरीर त्यागने के उपरांत श्री रामडोल कमेटी संरक्षक का पद रिक्त चल रहा था। रविवार को भीमगोडा आश्रम हरिद्वार के स्वामी प्रणवानंद जी महाराज को नगर के बिश्नोई आश्रम में पहुंचने पर समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने उनका हृदय से स्वागत किया। इसी दौरान श्री रामडोल कमेटी ने शील्ड देकर एवं शॉल उड़ाकर उन्हें कमेटी के संरक्षक के रूप में स्वीकार किया। इस अवसर पर, अध्यक्ष संजय कुमार, पूर्व अध्यक्ष राकेश कुमार, सनी बिश्नोई, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुड्डू, जयवीर सिंह, श्रीओम विश्नोई, पिंटू बिश्नोई, राजेंद्र बिश्रोई, निखिल बिश्नोई, प्रदीप बिश्नोई, सचिन कुमार, सुशील बिश्नोई, राजीव कुमार, सुमन कुमार, रामवीर सिंह,धीरज कुमार, हर्ष कुमार, डॉ जितेंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार, हर्ष बिश्नोई, महेंद्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# रामबाग धाम पर हुआ राम वन प्रस्थान का मंचन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** रामबाग धाम में चल रही भव्य रामलीला के अंतर्गत रविवार को राम वन प्रस्थान का शानदार मंचन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर कलाकारों ने अपने अद्भुत अभिनय और नाट्य कला के माध्यम से प्रभु श्रीराम के जीवन के महत्वपूर्ण घटनाक्रम को जीवंत कर दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत किया। मंचन में भगवान श्रीराम के साथ माता सीता और भाई लक्ष्मण की वनवास यात्रा को सजीव रूप में दिखाया गया। कलाकारों ने वेशभूषा, गीत, नृत्य और संवाद के माध्यम से रामायण की कथा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। मंच पर वन का दृश्य, ऋषियों के आश्रम और जंगल की प्राकृतिक सजावट दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन और निर्देशन कुशल कलाकारों ने किया, जिससे पूरी रामलीला आयोजन स्थल पर देखने वालों को आध्यात्मिक अनुभव का अहसास हुआ। हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने राम वन प्रस्थान के इस अद्भुत मंचन का आनंद लिया और भगवान श्रीराम के प्रति अपनी भक्ति भावनाओं को व्यक्त किया। बता दें कि रामबाग धाम में यह रामलीला आगामी दिनों तक चलती रहेगी और प्रत्येक रात रामायण के अन्य प्रसंगों का रंगमंच पर प्रदर्शन किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को सांस्कृतिक और धार्मिक ज्ञान का अनुभव प्राप्त हो।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मैने अपने बड़े पुत्र नादिर शाह उर्फ रिहान से गलत संगत पड़ने के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिये है। उसके किसी भी कृत्य की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्य की कोई जिम्मेदारी नही होगी। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार हो गया। **शाहिद सलीम खां पुत्र मौ० वली खां निवासी ग्राम मिलक दौलपुरी बमनिया थाना भगतपुर, मुरादाबाद।**

# आईएफटीएम में चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में शासन के निर्देश के अनुपालन में स्कूल ऑफ साइंसेज के गृह विज्ञान विभाग द्वारा 'सेवा पखवाड़ा-2025' मनाए जाने के अंतर्गत "विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत एवं डिजिटल भारत की संकल्पना" विषय पर एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ साइंसेस के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह और कार्यक्रम समन्वयक व गृह विज्ञान की विभागाध्यक्षा डॉ. तृप्ति पांडे द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान डॉ. सिंह ने बताया कि चित्रकला का महत्व व्यक्तिगत और सामाजिक स्तर पर बहुत गहरा है, यह आत्म-अभिव्यक्ति, भावनात्मक कल्याण, रचनात्मकता को बढ़ावा देने, तनाव कम करने और संचार का शक्तिशाली माध्यम है। उन्होंने यह भी बताया कि इतिहास और संस्कृति को दर्शाने, विचारों और भावनाओं को साझा करने, संज्ञानात्मक क्षमताओं और शैक्षणिक प्रदर्शन को बढ़ाने में भी चित्रकला की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। चित्रकला प्रतियोगिता में स्कूल की 40 से अधिक छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिनमें अच्छी प्रस्तुति के आधार पर एम.एससी., गृह विज्ञान, तृतीय सेमेस्टर की छात्रा अंशिका चौधरी ने प्रथम, बी.एससी., गृह विज्ञान, प्रथम सेमेस्टर की छात्रा खिजरा ने द्वितीय एवं बी.एससी., गृह विज्ञान, प्रथम सेमेस्टर की छात्रा भूमि कश्यप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान जन्तु विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. स्मिता ज्योति एवं वनस्पति विज्ञान विभाग के डॉ. अशोक कुमार निर्णायक मंडल के सदस्य की भूमिका में रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कार्यक्रम समन्वयक डॉ. पांडे, सह समन्वयक मिस पायल सिंह एवं आयोजक सचिव श्रीमती रुचि चौधरी समेत अन्य कई फैकल्टी मैम्बर्स का विशेष योगदान रहा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**भगवन्त सिंह महाविद्यालय**

कुआखेड़ा खालसा, मुरादाबाद।

(सम्बद्ध: गुरू जम्भेश्वर विश्व. विद्यालय, मुरादाबाद)

**बी0ए0, बी0एस0सी0**

**पाठ्यक्रम हेतु निम्नलिखित प्रवक्ताओं की आवश्यकता है।**

1. हिन्दी, 2. अंग्रेजी, 3. समाजशास्त्र, 4. भूगोल, 5. चित्रकला, 6. गृहविज्ञान, 7. राजनीति शास्त्र, 8. संस्कृत, 9. शिक्षाशास्त्र, 10. अर्थशास्त्र, 11. रसायन विज्ञान, 12. भौतिक विज्ञान, 13. जंतु विज्ञान, 14. वनस्पति विज्ञान, 15. गणित,

**शैक्षिक योग्यता**- यू.जी.सी. एवं विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

**नोट**:-इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों की स्व: प्रमाणित प्रतियां, पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड व पैन कार्ड की छायाप्रति एवं मोबाइल नम्बर सहित 21 दिन में रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजे।

**संपर्क सूत्र: 9412143382**

**भगवन्त सिंह इन्स्टीटयूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद।**

(संबद्ध: गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद)

**बी0ए0, बी0एस0सी0 एवं बीकॉम**

**पाठ्यक्रम हेतु प्रवक्ताओं की आवश्यकता है।**

1. हिन्दी, 2. अंग्रेजी, 3. समाजशास्त्र, 4. भूगोल, 5. चित्रकला, 6. गृहविज्ञान, 7. उर्दू, 8. रसायन विज्ञान, 9. भौतिक विज्ञान, 10. जंतु विज्ञान, 11. वनस्पति विज्ञान, 12. गणित, 13. कोमर्स।

**शैक्षिक योग्यता**- यू.जी.सी. एवं विश्वविद्यालय के मानकानुसार

**नोट**:- इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों की स्व: प्रमाणित प्रतियां, पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड व पैनकार्ड की छायाप्रति एवं मोबाइल नम्बर सहित 21 दिन में रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजे।

**संपर्क सूत्र: 9412143382**

**हरकली देवी गर्ल्स महाविद्यालय**

लौंगी कलां, ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद।

(सम्बद्ध: गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद)

**बी0 ए0, बी0 एस0 सी0**

**पाठ्यक्रम हेतु निम्नलिखित प्रवक्ताओं की आवश्यकता है।**

1. हिन्दी, 2. अंग्रेजी, 3. समाजशास्त्र, 4. भूगोल, 5. चित्रकला, 6. गृहविज्ञान, 7. शिक्षाशास्त्र, 8. रसायन विज्ञान, 9. भौतिक विज्ञान, 10. जंतु विज्ञान, 11. वनस्पति विज्ञान, 12. गणित,

**शैक्षिक योग्यता**-यू.जी.सी. एवं विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

**नोट**:-इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों की स्व: प्रमाणित प्रतियां, पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड व पैन कार्ड की छायाप्रति एवं मोबाइल नम्बर सहित 21 दिन में रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजे।

**संपर्क सूत्र: 7534802060**

# भाकियू मुलायम का तीसरा स्थापना दिवस मनाया गया, किसानों की समस्याओं का मुद्दा उठाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के गत्ता फैक्ट्री आका डिलारी पर रविवार को भारतीय किसान यूनियन मुलायम संगठन का तीसरा इस्थापना दिवस मनाया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में पहुंचे किसान एवं किसान नेताओं को संबोधित करते हुए, संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश यादव और राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष विक्की चौधरी ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा है,की केंद्र सरकार एमएसपी गारंटी कानून को पूर्ण रूप से लागू करे,क्योंकि किसान बर्षो से परेशानी उठाता चला आ रहा है, कभी ज्यादा बर्षा होने से फसल नष्ट हो जाती,कभी बाढ से खड़ी फसल नष्ट हो जाती, ओर अगर नसीब से फसल अच्छी पैदा हो जाती है,तो सरकार उसका उचित दाम नहीं देती,किसान अपनी फसलो को इधर से उधर लेकर घूमता फिरता रहता है, तो वहीं



किसानों पर सरकारें अपनी मन मर्जी से किसानों पर गलत रूप से मनमर्जी करते हुए काले कानून लाद देती है,अभी कुछ बर्ष पहले भी किसानों की राए लिए बिना तीन कृषि कानून बना दिए जिसके बाद देश मे किसानों ने उनका विरोध करते हुए,दिल्ली में बहुत बड़ा आंदोलन किया, जिसमे सैकड़ो किसानों की मौत हो गई, तब कहीं जाके केंद्र सरकार ने तीन काले कानून बापस लिए,इसके बाद सभा को सम्बोधित करते हुए,किसान यूनियन के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्की चौधरी ने कहा,की अगर सरकारें किसान की फसल का उचित दाम नहीं देती है, तो किसान यूनियन मुलायम राष्ट्रीय आंदोलन करेगी , ओर आगे बोलते हुए कहा कि,हमारे क्षेत्र में हाली में बाढ़ आई थी, जिससे क्षेत्र में किसानों की फसलें नष्ठ हुई है, इनका भी मुआवजा प्रदेश सरकार जल्द से जल्द किसानों को दे, ओर नियामतपुर इकरोटियां पर बने टोल प्लाजा पर मूंढापांडे क्षेत्र के किसानों के साथ साथ आम जनता से टोल न वसूला जाय, इसके लिए भी उच्च अधिकारियों से मांग करते है,इस अवसर पर मुमताज आलम, डॉक्टर इरफान चौधरी राष्ट्रीय महासचिव, डाक्टर आरिफ चौधरी प्रदेश सचिव,अनुराग मल्होत्रा उर्फ बंटी मीडिया प्रभारी, मुमताज आलम राष्ट्रीय सचिव, डाक्टर यासीन प्रदेश उपाध्यक्ष, बसीम पाशा प्रदेश अध्यक्ष,मजहारुल हसन एडवोकेट राष्ट्रीय प्रवक्ता आदि मौजूद रहे।

# ब्लॉक सभागार में मुख्यमंत्री का सीधा संवाद कार्यक्रम किया प्रसारित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगतपुर।** विकासखंड के ब्लॉक सभागार में रविवार को मुख्यमंत्री विकसित आत्मनिर्भर बनाने का सीधा मुख्यमंत्री संवाद कार्यक्रम प्रसारित कर उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों पर चर्चा की विकासखंड स्तर पर विकास को बढ़ावा देने के लिए ब्लॉक प्रमुख, विकासखंड अधिकारी और क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ सीधा संवाद किया गया। इस कार्यक्रम में संतोष कुमार ब्लॉक प्रमुख, विकासखंड अधिकारी अमर सिंह, मनोज कुमार सिंह सहायक विकास अधिकारी, देवेंद्र सिंह, अंकित कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी, जसवंत सिंह वरिष्ठ सहायक एवं भारी संख्या में क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

## एक नजर

### घर में तांक झांक करने को मना करने पर बुरी तरह से पीटकर किया घायल

**शाह टइम्स संवाददाता बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव देवरी की महिला ने कोतवाली में मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। मुकदमे के मुता. बिक 20 सितंबर को शाम 6 बजे वह घर पर अकेली थी। तभी लोकेश पुत्र प्रेमपाल, मुनेश पुत्र हरिओम, जयवीर पुत्र तेजपाल निवासी देवरी दीवार से घर में तांक झांक कर रहे थे। इस बात का उसने विरोध किया तो तीनों दीवार कूदकर घर में आ गए। इस बीच बुरी तरह से लात घुसो से पीटा और सड़क पर ले गएऋ शोर शराबे पर आसपास के लोगों ने बचाया। जिससे उसके सीने और कान में गंभीर चोटे आई। पुलिस की सहायता से उसे अस्पताल ले जाया गया। गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल से मुरादाबाद रेफर किया गया। जहां से तीन दिन उसका इलाज हुआ। इलाज के बाद पीड़िता कोतवाली पहुंची। जहां मामले में तहरीर पर तीनों आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है।

### पंजीकृत व्यापारियों की बैठक आयोजित

**मुंडपांडे।** पंजीकृत व्यापारियों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में जीएसटी कमिश्नर आरएन त्रिपाठी ने उपस्थित व्यापारियों को नई जीएसटी दरों की जानकारी दी और बताया कि केंद्र सरकार ने कई वस्तुओं पर जीएसटी दरें कम की हैं या समाप्त की हैं। जीएसटी कमिश्नर ने बताया कि सरकार का उद्देश्य है कि रोजमर्रा की वस्तुएं जनता को कम कीमत पर मिलें। उन्होंने व्यापारियों से कर में मिली राहत को ईमानदारी से उपभोक्ताओं तक पहुंच. ाने को कहा। बैठक में उपस्थित व्यापारियों ने अपने अपने व्यापार से संबंधित प्रश्न भी किए, जिनके उत्तर मौजूद अधिकारियों ने दिए। विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने जीएसटी दरों में कटौती के लिए प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इससे व्यापार में वृद्धि होगी।

### विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का उद्‌बोधन, क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने रखे विचार



**कुंदरकी।** विकासखंड कार्यालय में शनिवार को विकसित भारत विक. सित उत्तर प्रदेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उद्‌बोधन क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्यों ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सुना, कार्यक्रम के दौरान सभी जनप्रति. निधियों और अधिकारियों ने विकास कार्यों को लेकर अपने विचार रखे, इस मौके पर खंड विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह, सहायक विकास अधिकारी पंचायत कुलदीप सिंह, ब्लॉक प्रमुख नगमा जिलानी, ब्लॉक प्रतिनिधि गुलाम रब्बानी, मास्टर अमर सिंह, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद मोहसिन, भूरा और सुनील सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# ड्यूटी के प्रति लापरवाही के आरोप में उपनिरीक्षक निलंबित

**ठाकुरद्वारा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने एक बार फिर लाप. रवाही पर सख्त रुख अपनाया है। थाना ठाकुरद्वारा में तैनात उपनिरीक्षक कुलदीप कुमार को उनके पदीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही, स्वेच्छाचारिता और अकर्मण्यता बरतने के गंभीर आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की (दण्ड एवं अपील) नियमावली-1991 के नियम 17(1)(।) के तहत की गई है। इस नियम के अंतर्गत यदि कोई पुलिस अधिकारी अपने दायित्वों का पालन करने में गंभीर रूप से लापरवाही करता है या अपनी पदवी का दुरुपयोग करता है, तो उस पर तत्काल कार्रवाई की जा सकती है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, उपनिरीक्षक कुलदीप कुमार पर यह आरोप है कि उन्होंने पदस्थ जिम्मेदारियों में उदासीनता बरती और शिकायतों तथा गंभीर मामलों में उचित कार्रवाई नहीं की। इससे जनता में पुलिस पर से विश्वास कमजोर होने की स्थिति पैदा हुई। इस निलंबन के बाद थाना और जिले में हड़कंप मच गया है। पुलिस विभाग ने कहा है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों में जवाबदेही और अनुशासन बनाए रखना है। स्थानीय लोगों ने भी इस कार्रवाई का स्वागत किया है और कहा कि लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने से जनसुरक्षा और कानून व्यवस्था में सुधार आएगा।

# चामुंडा कालरात्रि मंदिर से निकाली गई भव्य कलश यात्रा , जगह-जगह हुआ स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर में फरीदनगर रोड स्थित नगर में धार्मिक उल्लास और आस्था के वातावरण में चामुंडा कालरात्रि मंदिर, फरीदनगर रोड से गत वर्ष की भांति नवरात्र में एक भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर काशीपुर चुंगी, बंजारन मोहल्ला, वार्ड नंबर 2 बाल्मीकि बस्ती तथा अन्य प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कलश यात्रा का शुभारंभ वार्ड नंबर 1 के सभासद राजेंद्र सिंह एवं वार्ड नंबर 2 के सभासद राकेश सागर द्वारा फीता काटकर विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया। मंगल ध्वनियों और भजन-कीर्तन के साथ भक्तों की टोलियां कलश लिए पदयात्रा करती नजर आईं, जिससे नगर का माहौल पूरी तरह भक्ति रस में सराबोर हो गया। इस पुण्य आयोजन में मंदिर के पुजारी



जयप्रकाश भगत जी के साथ गौतम सिंह सागर, सोनू सागर, अचल कुमार, ऋषभ, गौरव कुमार, सतीश, सूरज, रवि कुमार समेत मंदिर के अनेक कार्यकर्ता एवं स्थानीय श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने माँ चामुंडा की जयकारों के साथ नगरवासियों को धर्म व संस्कृति के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। कलश यात्रा का उद्देश्य नवरात्र महोत्सव से पूर्व धर्म और भक्ति का माहौल बनाना, तथा देवी आराधना के प्रति श्रद्धा जागृत करना रहा। आयोजन को लेकर नगर में उत्साह का माहौल बना रहा और जगह-जगह श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया।

# घंटों बिजली आपूर्ति बंद रहने से नगर व ग्रामीणों में आक्रोश

**ठाकुरद्वारा।** विधुत उपखंड अधिकारी रणवीर सिंह ने जानकारी दी कि ठाकुरद्वारा नगर, देहात क्षेत्र तथा ग्राम सरकड़ा परम के 33 केवी फीडरों पर रविवार (आज) सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रखी गई।उन्होंने बताया कि यह कटौती विधुत विभाग में चल रहे अनुरक्षण माह के अंतर्गत की गई है। इस दौरान 33 केवी लाइनों के नीचे आ रहे पेड़ों की कटाई-छंटाई और लाइनों के अनुरक्षण संबंधी कार्य किए जा रहे हैं। हालांकि निर्धारित समय से अधिक समय तक बिजली आपूर्ति बहाल न होने पर नगरवासियों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। लोगों का कहना है कि विभाग समय से काम पूरा नहीं करता, जिससे घंटों की कटौती से दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने मांग की कि विभाग निर्धारित समय में ही कार्य पूरा कर बिजली बहाल करे, ताकि आम लोगों को परेशानी न हो।

### पूजा शास्त्री ने श्री कृष्ण जन्म की कथा का किया वर्णन



**कुंदरकी।** क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर अज्जू में कथा के छटे दिन कथा बाचक पूजा शास्त्री ने श्री कृष्ण जन्म कथा का वर्णन किया श्री कृष्ण जन्मोत्सव होते ही कथा पंडाल में चारों श्री कृष्ण के जयकारे गूंजने लगे तथा उन्होंने श्री कृष्ण की बाल लीलाओ का वर्णन किया कथा में पंडित मानवेंद्र शर्मा,मडंल महामंत्री ठाकुर अरविन्द कुमार पुंडीर , बबलू, राकेश सिंह,पाल सिंह,अरून कुमार,राजकुमार सिंह ,सतीश सिंह, राजू सिंह ,रवि कुमार ,मनोज कुमार पुंडीर ,टिंकू सिंह, राजेश सिंह,किरन पाल सिंह, नीतू सिंह, प्रदीप कुमार,आकाश कुमार,संजय सिंह,सुभाष सिंह, सोहित कुमार,जितेंद्र कुमार,रामौतार सिंह, रंजीत सिंह,राहुल कुमार,हरिओम सिंह,अशोक कुमार, चमन सिंह,रमेश सिंह, जगराज सिंह, टीकमसिंह,प्रमोद कुमार,संजीव कुमार,नन्हे सिंह,पप्पू पाल ,राम सिंह सिंह,विजय कुमार,वलजीत पुंडीर,अमित कुमार,प्रेमपाल सिंह,सुनील कुमार, रामजीमल सागर,प्रथ्वीपाल सिंह,राजपाल सिंह,वंशीधर सागर,नीरज कुमार,रामजीमल सागर, महीपाल, सुनील पाल, रवि कुमार, तेजपाल सागर, दिनेश सिंह, मुकेश सिंह,रजनीश सागर, अनिल सागर, आदि उपस्थित रहे।

# शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती पर नागरिक परिषद की बैठक आयोजित

**शाह टइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** शहीद ए आजम सरदार भगतसिंह की जयंती पर नागरिक परिषद बिलारी के तत्वाधान में एक बैठक महाराणा प्रताप बाल विद्या मंदिर हर्ष नगर केपी सिंह राणा के विद्यालय में आयोजित की गई है। शहीद ए आजम सरदार भगतसिंह की जयंती पर सभी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया।

इस मौके पर प्रेम कुमार ने कहा कि जिन्होंने देश को आजाद कराया अपनी कुर्बानी दी हम उनको देश का हीरो मानते हैं वही वास्तव में देश के हीरो हैं हमें आजादी बडी कुर्बानी के बाद मिली है। बैठक में समाजसेवी तिलक राज चांदना ने कहां कि आज हम भगत सिंह की जयंती पर एकत्र हुए हैं उन्हें याद करने के लिए श्रद्धा सुमन अर्पित



करने के लिए देश के जांबाज भगत सिंह और उनके साथियों ने अंग्रेजों से मुकाबला करके हमें आजादी में घूमने का हमे मौका दिया हमें उनको बार-बार नमन करना चाहिए।

बैठक की अध्यक्षता समाजस. ेवी कुमार प्रदीप ने की और संचालन युवा कपिल राज ने किया। बैठक में देवेंद्र गांधी, केपी सिंह राणा,काशीराम लोधी, आसिफ कमल, शकील अहमद हलवाई, विजय कुमार,राजदीप सिंह, हर किशोर यादव, सुरजन सिंह, मोबिन आलम, वेदांत राणा, अंकित अनिल गुप्ता आदि ने भाग लिया।

# विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर 70 सफाई मित्रों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**ठाकुरद्वारा।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत शनिवार को पालिका सभागार एवं सफाई यूनियन कार्यालय में एक विशेष सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों द्वारा 70 सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शिविर का मुख्य उद्देश्य नगर की स्वच्छता का दायित्व निभाने वाले सफाई कर्मचारियों के कल्याण और स्वास्थ्य सुरक्षा को सुनिश्चित करना था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साकर्मियों ने सफाई मित्रों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें व्यावसायिक स्वास्थ्य जोखिमों से बचाव के उपायों से अवगत कराया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के दीपक कुमार सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे। शि. विर में सफाई मित्र नरेश चंचल, राकेश कुमार, सुभाष चौधरी, अनुज कुमार,




राज कुमार राजा, सोनू तथा उनके अनेक साथियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में सफाई मित्रों को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, ताकि वे इनका लाभ उठा सकें।

स्वच्छता अभियान में एकजुटता यह आयोजन देशभर में चल रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक विभिन्न स्वच्छता और सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस शिविर के माध्यम से सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति एक सार्थक पहल की गई है, जो स्वच्छ भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित यह कार्यक्रम उन असंख्य सफाई मित्रों के प्रति कृतज्ञता का एक अभिव्यक्ति है, जो निस्वार्थ भाव से देश की स्वच्छता में अपना योगदान दे रहे हैं।

### अदालत के आदेश से कई के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज

**कांठ (शाह टाइम्स)।** अदालत के आदेश से पुलिस ने कई के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है सलेमपुर निवासी पृथ्वी सिंह चौहान पुत्र शेर सिंह का आरोप था कि 2 सितंबर को रात्रि 8:30 बजे वह कांठ से घरेलू सामान खरीद कर बाइक द्वारा अपने गांव जा रहा था जब वह गन्ना सेंटर के पास पहुंचा तो अशोक राजीव सुनील व एक ज्ञात व्यक्ति ने उन्हें रोक लिया और गंदी-गंदी गालियां देनी शुरू कर दी कहा कि वह उनका विरोध करता है आज इसे जान से मार देंगे। पीड़ित का आरोप था कि राजीव ने अपने हाथ में लिए तमंचे से फायर किया जो उसकी बगल से निकल गया दूसरा फायर मिस हो गया लेकिन उन्होंने लात घूंसों से उसकी पिटाई करते हुए कमीज की जेब से 175 रुपए और आधार कार्ड लूट लिया। शोर सुनकर कुछ लोग आ गए जिनके ललकारने पर हमलावर उसे गालियां देकर जान से मारने की धमकी देते हुए कांठ की तरफ फरार हो गए। रात को पीड़ित डर की वजह से थाने नहीं पहुंचा, परिजनों को घटना की जानकारी दी लेकिन सुबह थाने पहुंचने पर उसकी एफआईआर नहीं लिखी गई रजिस्ट्री डाक द्वारा संबंधित अधिकारियों को लिखकर देने के बावजूद भी एफआईआर दर्ज न होने पर पीड़ित ने अदालत की शरण ली। अदालत के आदेश पर पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

### उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में घटी जीएसटी के बताए लाभ

**बिलारी।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश सचिव भाजपा नेता देवेश शर्मा एडवोकेट के आवास पर जीएसटी उत्सव समारोह मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा पहुंचे। इस बीच लोगों को घटी हुई जीएसटी से होने वाले लाभों के बारे में बताया, कहा कि मोदी सरकार ही लोगों की हितैषी है। रविवार को कार्यक्रम में क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा को पटका पहनाकर व माता दुर्गा की मूर्ति को भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानमंत्री द्वारा जीएसटी कम करने की पहल को लेकर प्रशंसनीय बताया। भारी तादात में पहुंचे लोगों ने भाजपा सरकार की नीतियों को गिनाया। क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश व प्रदेश का भरपूर विकास और प्रगति हो रही है। गैर भाजपा सरकारों में ऐसा कभी नहीं हुआ। भाजपा सरकार ने अनेकों योजनाएं जारी की। जिसका हमें लाभ मिल रहा है। इस मौके पर भाजपा नेता केके गुप्ता, श्रीकांत गुप्ता, नरेश गुप्ता, सर्राफ कमेटी के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता फाइन, गौरव गुप्ता, संजय ठाकुर, संजीव सर्राफ, सभासद दानवीर शर्मा, पंडित नानक शर्मा, राजीव शर्मा,सभासद निहाल सिंह, ध्रुव शर्मा, निखिल शर्मा ,मुकेश शर्मा, सुनील आर्य, भाजपा नगर अध्यक्ष विकास गुप्ता, राजेंद्र सहाय, विशाल गुप्ता, डॉक्टर राजीव सैनी, लवली आदि सहित अनेकों भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

**तारीख पेशी:** 08.10.2025 W.S.Issues

**वाद के निपटारे के लिए सम्मन**

(आदेश 5 के नियम 1 और 5)

**न्यायालय M.A.C.T. ( जनपद न्यायाधीश )** महादेय, मुरादाबाद।

**M.A.C.P. No.:** 295 सन् 2023

**मोहम्मद इमतियाज बनाम अरकान**

**बनाम**

1. मौ. अरकान पुत्र जरीफ निवासी मौहल्ला रूकुनुद्दीन सराय थाना कोतवाली जिला सम्भल।
2. मौ. आलिम पुत्र मौ. सालिम निवासी ग्राम असालतनगर बघा थाना मैनाठेर जिला मुरादाबाद।

**मोहम्मद इमतियाज** ने आपको विरूद्व मुआवजा के लिए बाद संस्थित किया है। जो आपको इस न्यायालय में तारीख 08.10.2025 **W.S.Issues** को दिन में 10.30 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए सम्मन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हों और जो इस बात से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सके जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। न्यायालय में आपकों उपसजाति के लिए जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिए नियत दिन के इसलिए आपको उस दिन अपने उन सब साथियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गयी तारीख को इस न्यायालय में उपसजात नहीं जो बाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपको अनुपस्थित में किया जाएगा। यह आज तारीख 25 सितम्बर 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय को मुद्रा लगाकर दिया गया।

**READER**
**M.A.C.T.**
**MORADABAD.**

**तारीख पेशी:** 08.10.2025 W.S.Issues

**वाद के निपटारे के लिए सम्मन**

(आदेश 5 के नियम 1 और 5)

**न्यायालय M.A.C.T. ( जनपद न्यायाधीश )** महादेय, मुरादाबाद।

**M.A.C.P. No.:** 293 सन् 2023

**मोहम्मद इमतियाज बनाम अरकान**

**बनाम**

1. मौ. अरकान पुत्र जरीफ निवासी मौहल्ला रूकुनुद्दीन सराय थाना कोतवाली जिला सम्भल।
2. मौ. आलिम पुत्र मौ. सालिम निवासी ग्राम असालतनगर बघा थाना मैनाठेर जिला मुरादाबाद।

**मोहम्मद इमतियाज** ने आपको विरूद्व मुआवजा के लिए बाद संस्थित किया है। जो आपको इस न्यायालय में तारीख 08.10.2025 **W.S.Issues** को दिन में 10.30 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए सम्मन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हों और जो इस बात से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सके जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। न्यायालय में आपकों उपसजाति के लिए जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिए नियत दिन के इसलिए आपको उस दिन अपने उन सब साथियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गयी तारीख को इस न्यायालय में उपसजात नहीं जो बाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपको अनुपस्थित में किया जाएगा। यह आज तारीख 25 सितम्बर 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय को मुद्रा लगाकर दिया गया।

**READER**
**M.A.C.T.**
**MORADABAD.**

### कलौंजी: एक संजीवनी



कलौंजी एक ऐसी जड़ी-बूटी है जो अनगिनत रोगों को चुटकियों में ठीक करने की क्षमता रखती है। यह एक प्राकृतिक उपचार है जो विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के लिए उपयोगी है। कलौंजी के बीजों का सीधा सेवन किया जा सकता है, या इसे शहद, पानी या दूध में मिलाकर सेवन किया जा सकता है। **कलौंजी के फायदे**- कलौंजी विभिन्न रोगों में सहायक है, जिनमें से कुछ प्रमुख रोग हैं:- **टाइप-2 डायबिटीज:** कलौंजी के सेवन से रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।- **उच्च रक्तचाप:** कलौंजी के सेवन से रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।- **गंजापन:** कलौंजी के तेल को बालों में लगाने से बालों की वृद्धि को बढ़ावा मिलता है।- **त्वचा के विकार:** कलौंजी के सेवन से त्वचा के विभिन्न विकारों में लाभ मिलता है।- **लकवा:** कलौंजी के सेवन से लकवा के लक्षणों में सुधार होता है। **कलौंजी के अन्य फायदे**, कलौंजी के सेवन से विभिन्न अन्य रोगों में भी लाभ मिलता है, जिनमें से कुछ प्रमुख रोग हैं:- **सर्दी-जुकाम, अस्थमा, छींके, पेट के कीड़े, प्रसव की पीड़ा, पोलियों का रोग, मुँहासे, स्फूर्ति, गठिया, जोड़ों का दर्द।** कलौंजी एक प्राकृतिक उपचार है जो विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के लिए उपयोगी है। इसका सेवन विभिन्न तरीकों से किया जा सकता है, जैसे कि शहद में मिलाकर, पानी में उबालकर, दूध में उबालकर आदि। कलौंजी के सेवन से विभिन्न रोगों में लाभ मिलता है, लेकिन गर्भवती महिलाओं को इसका सेवन नहीं करना चाहिए।

**श्रीमती पारुल अग्रवाल ( जैन )**
**एडवोकेट, पूर्व उपाध्यक्ष, दि बार एसोसिएशन**
**एण्ड लाइब्रेरी, मुरादाबाद।**

# गंदगी से संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ा, ग्रामीणों में आक्रोश

**मूंढापांडे।** विकासखंड के लक्ष्मीपुर कट्टई के गांव मिलक कामरु में पानी की निकासी न होने की वजह से और नालियों की सफाई न होने से ग्रामीण परेशान हैं। रविवार को मोहम्मद यासीन,खलील चौधरी, तौफीक मुखिया,नानक चंद्र, यशपाल, कृष्णपाल सिंह, खुर्शीद खांन शरीफ अहमद आदि ग्रामीणों ने गांव में फैली गंदगी और सड़कों पर बहते गंदे पानी के आक्रोश व्याप्त किया ग्रामीणों को संक्रामक बीमा. रियों के फैलने का डर सता रहा है,गांव में नालियां चोक हो गई हैं, जिससे घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। इस गंदे पानी से होकर निकलने के कारण महिलाएं और बच्चे अक्सर गिरकर घायल हो जाते हैं।

गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है।ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में तैनात सफाईकर्मी नियमित रूप से सफाई करने नहीं आते हैं। यदि वे आते भी हैं, तो बिना काम किए वापस चले जाते हैं। इस समस्या को लेकर ग्राम प्रधान, सचिव और विकास खंड के अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई है, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है,पानी की उचित निकासी और संक्रामक बीमा. रियों से बचाव के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की मांग की है।

ग्रामीणों द्वारा बार-बार शिकायतें किए जाने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है।

## वृद्ध महिला की हत्या में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम माधोवाला निवासी मनोज कुमार पुत्र राजपाल सिंह की मां फूलवती (उम्र 65 वर्ष) के लापता होने के बाद शनिवार की देर शाम को उनका शव कमालपुरी के जंगल में तेजवीर के खेत के सामने नहर की पालट पर बरामद हुआ। पीड़ित मनोज कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी मां 23 सितंबर 2025 को दोपहर करीब 3 बजे घर से बाजार जाने के लिए निकली थीं, लेकिन शाम तक घर वापस नहीं लौटीं। उसी रात गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। परिवारजन और ग्रामीण लगातार उनकी तलाश में जुटे रहे। 27 सितंबर 2025 को शाम लगभग 5 बजे शव मिलने पर परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे। मनोज के अनुसार, शव की हालत खराब थी और मृतका के कानों के कुंडल, मंगलसूत्र, पायल व बैग (जिसमें आधार कार्ड, बैंक पासबुक व नगद राशि थी) गायब थे। परिजनों का आरोप है कि अज्ञात बदमाशों ने लूटपाट के बाद उनकी मां की हत्या कर शव नहर की पालट पर फेंक दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना से गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है।

## लाकड़ी बाईपास रोड पर सड़क हादसे में एक की मौत एक घायल

**कुंदरकी।** लाकड़ी वाईपास रोड पर रविवार दोपहर के समय एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हादसे में भजनलाल (50 वर्ष) की मोके पर ही मौत हो गई तथा दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल मुरादाबाद में भर्ती कराया गया, मिली जानकारी के अनुसार दोनों लोग कुंदरकी ब्लॉक के गांव जैतपुर पट्टी निवासी बताए जा रहे हैं, जो हादसे के समय बाइक पर सवार थे। घटना से परिवार और गांव में गम का माहौल है।

# मिथुन मन्हास बने BCCI के अध्यक्ष




● प्रज्ञान ओझा, आरपी सिंह को टीम की चयन समिति में शामिल किया गया

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आज पूर्व रणजी ट्रॉफी क्रिकेटर मिथुन मन्हास को अपना नया अध्यक्ष नियुक्त किया। वह अनुभवी क्रिकेटर रोजर बिन्नी का स्थान लेंगे।

इसके अलावा पूर्व क्रिकेटर प्रज्ञान ओझा और आरपी सिंह को पुरुष राष्ट्रीय टीम की चयन समिति में शामिल किया गया। वहीं दिल्ली की अमिता शर्मा को महिला चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, मुंबई की सुलक्षणा नाइक और हैदराबाद की श्रावंती नायडू भी इसमें शामिल होंगी। इस बीच, एस शरत को जूनियर चयन पैनल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शरत 2023 से सीनियर पैनल का हिस्सा थे। मन्हास के सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने जाने के बाद इस फैसले की औपचारिक घोषणा की गई। पिछले कुछ हफ्तों से क्रिकेट और प्रशासनिक हलकों में उनका नाम चर्चा में था, और खबरें थीं कि वह इस पद के लिए सबसे आगे चल रहे हैं। बीसीसीआई ने अब उनकी नियुक्ति की पुष्टि कर दी है, जिससे अटकलों पर विराम लग गया है। दिल्ली और जम्मू-कश्मीर के पूर्व खिलाड़ी मन्हास अपने लंबे घरेलू करियर और नेतृत्वकारी भूमिकाओं के लिए जाने जाते हैं। उनकी नियुक्ति को भारतीय क्रिकेट प्रशासन में पीढ़ीगत बदलाव के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें युवा और हाल ही में सक्रिय क्रिकेटरों को निर्णय लेने वाली भूमिकाओं में लाया जा रहा है। मन्हास की पदोन्नति के अलावा, वरिष्ठ प्रशासक राजीव शुक्ला को बीसीसीआई के ढांचे में एक महत्वपूर्ण नई जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिससे बोर्ड का नेतृत्व ढांचा और मजबूत होगा। मन्हास अब व्यस्त अंतर्राष्ट्रीय कैलेंडर के दौरान भारतीय क्रिकेट की शासी संस्था का नेतृत्व करने के साथ-साथ घरेलू क्रिकेट के विकास, संचालन और वैश्विक प्रतिनिधित्व में मौजूदा चुनौतियों का समाधान करने के लिए जिम्मेदार होंगे। इन महत्वपूर्ण नियुक्तियों के साथ, बीसीसीआई ने प्रशासनिक अनुभव को पूर्व खिलाड़ियों के नए दृष्टिकोणों के साथ मिलाने के अपने इरादे का संकेत दिया है, जिससे भारतीय क्रिकेट के भविष्य को आकार देने में निरंतरता और नई ऊर्जा सुनिश्चित होगी। बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान, यह भी निर्णय लिया गया कि कोई अंडर-16 खिलाड़ी तब तक आईपीएल नहीं खेल सकता जब तक कि उसने कम से कम एक मैच के लिए रणजी ट्रॉफी में अपने राज्य का प्रतिनिधित्व न किया हो।

## मिथुन के अध्यक्ष बनने पर जितेंद्र ने दी बधाई

जम्मू, वार्ता। जम्मू-कश्मीर के सपूत मिथुन मन्हास को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का नया अध्यक्ष घोषित किए जाने पर केंद्रीय मंत्री डा. जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह जश्न का अवसर है। डा. सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ष्यह जश्न का एक महत्वपूर्ण अवसर है! मिथुन मन्हास को आधिकारिक तौर पर 'भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड' बीसीसीआई का नया अध्यक्ष घोषित किया गया है। उन्होंने पोस्ट किया कि जम्मू-कश्मीर के सबसे दूरस्थ इलाकों में से एक, पूर्व डोडा जिले के लिए यह कितना भाग्यशाली रविवार है, जो संयोग से मेरा अपना गृह जिला भी है। डा. सिंह ने आगे कहा कि कुछ ही घंटों के अंतराल में, पहले किश्तवाड़ की एक बेटी शीतल विश्व चैंपियन बनकर उभरी और उसके तुरंत बाद भद्रवाह का एक बेटा मिथुन शीर्ष पर पहुंच गया। इस बीच, जम्मू के क्रिकेट जगत ने मिथुन मन्हास को बीसीसीआई का नया अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर खुशी जताई है।



# अनुष्का ने 3पी में जीता स्वर्ण

**भारत के एड्रियन कर्माकर ने जीता रजत, खिताब व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट दिमित्री के नाम रहा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** जूनियर एशियन चैंपियन अनुष्का ठोकुर ने आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन नई दिल्ली में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए प्रतियोगिता का दूसरा स्वर्ण पदक जीता।

उन्होंने पहले दिन राइफल प्रोन में स्वर्ण पदक हासिल करने के बाद अब 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन जूनियर महिला स्पर्धा में स्वर्ण पर कब्जा जमाया। डा. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज पर चौथे दिन खेले गए फाइनल में अनुष्का ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। पुरुषों की जूनियर 3पी स्पर्धा में भारत के एड्रियन कर्माकर ने रजत पदक जीता, जबकि खिताब व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट (एआईएन) दिमित्री पिमेनोव के नाम रहा। एआईएन शूटरों के लिए यह खास दिन रहा, जिन्होंने दोनों फाइनल्स में कुल चार पदक अपने नाम किए। अनुष्का ने फाइनल में 461-0 का स्कोर किया, जिसमें खड़े होकर शूटिंग करते हुए अपनी 35वें शॉट पर परफेक्ट 10-9 भी शामिल था। उन्होंने क्वालिफिकेशन में 585-31ग स्कोर किया था और फाइनल में 6-1 अंकों की बढ़त के साथ स्वर्ण हासिल किया। एआईएन की अनास्तासिया सोरोकीना 454-9 (क्वालिफिकेशन: 580-23ग) के साथ रजत पर रहीं, जबकि उनकी साथी मारिया क्रुगलोवा ने 444-0 के स्कोर से कांस्य पदक जीता। एआईएन की ही अनास्तासिया गोरुखोवा चौथे स्थान पर 434-3 अंकों के साथ रहीं। अन्य फाइनलिस्ट्स में भारत की महित संधू 422-7 के साथ पांचवें, क्रोएशिया की अनामा. रिजा तुर्क 408-9 के साथ छठे, भारत की प्राची गायकवाड़ 399-3 के साथ सातवें और स्लोवाकिया की कामिला नोवा. ेतना 399-2 के साथ आठवें स्थान पर रहीं। पुरुषों के जूनियर 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन फाइनल में आईएसएसएफ वर्ल्ड कप लनगबो के रजत विजेता एआईएन के दिमित्री पिमेनोव ने 461-0 स्कोर के साथ स्वर्ण जीता। भारत के एड्रियन कर्माकर, जिन्होंने क्वालिफिकेशन में 587-34ग के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था, ने कड़ा मुकाबला किया लेकिन 455-9 अंकों के साथ रजत पर संतोष करना पड़ा। एआईएन के कामिल नुरियाख्मेतोव ने 441-0 के स्कोर से कांस्य हासिल किया। क्रोएशिया के डार्को टोमासेविक 430-3 के साथ चौथे, भारत के वेदांत नितिन वाघमारे 420-9 के साथ पांचवें, एआईएन के इयारोस्लाव क्लिमिन 408-0 के साथ छठे रहे। भारत के सामी उल्लाह खान (393-0) सातवें और स्लोवाकिया के लुकास हो. रिनेक (386-6) आठवें स्थान पर रहे। 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल जूनियर पुरुष (स्टेज 1 क्वालिफिकेशन) में भारत ने दबदबा बनाए रखा। सूरज शर्मा ने 287-7ग स्कोर कर एआईएन के अलेक्ज़ांद्र कोवालेव के साथ शीर्ष स्थान साझा किया। भारत के समीर गुलिया (286-9ग), अभिनव चौधरी (284-8ग), मुकेश नेलावली (283-10ग) और जतिन (282-5ग) तीसरे से छठे स्थान तक रहे। स्टेज 2 के बाद प्रत्येक देश से केवल तीन खिलाड़ी ही फाइनल में जगह बना पाएंगे, जिससे प्रतियोगिता और कड़ी हो गई है। भारत के गौरव देसाले (572-17ग) आठवें और रोहित कन्यन (570-21ग) दसवें स्थान पर रहे। महिलाओं में मेल्विना एंजे. लिन जोएल ग्लैडसन (572-19ग) नौवें और आध्या अग्रवाल (563-12ग) बारहवें स्थान पर रहीं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### महिला क्रिकेट विश्व कप के लिए कमेंटेटरों के पैनल की घोषणा

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 30 सितम्बर से दो नवंबर तक चलने वाले महिला क्रिकेट विश्वकप 2025 के लिए कमेंटेटरों के नामों और प्रसारणकर्ता की घोषणा कर दी है। आईसीसी ने पुष्टि की है कि महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के सभी मैचों का सीधा प्रसारण आईसीसी टीवी द्वारा किया जाएगा। प्रशंसक इस टूर्नामेंट का आयोजन 30 सितम्बर से दो नवंबर तक पांच स्थानों पर राउंड-रॉबिन प्रारूप में आठ शीर्ष टीमों के बीच होने वाले मुकाबले देख सकेंगे। प्रत्येक मैच को कम से कम 30 कैमरों द्वारा रिकॉर्ड किया जाएगा। अनुभवी ब्रॉडकास्टर्स और कमेंटेटर अपनी आवाज से दर्शकों को रोमांचित करेंगे। इस पैनल में मेल जोन्स, ईसा गुहा, स्टेसी-एन किंग और जूलिया प्राइस, पूर्व कप्तान मिताली राज, सना मीर, नासिर हुसैन और अंजुम चोपड़ा है।

### कतर फीफा इंटर कॉन्टिनेंटल कप के अंतिम चरण की मेजबानी करेगा

**दोहा, वार्ता।** कतर फीफा इंटरकॉन्टिनेंटल कप 2025 के अंतिम तीन मैचों की मेजबानी करेगा। 17 दिसम्बर को होने वाले फाइनल में पेरिस सेंट-जर्मेन के प्रतिद्वंद्वियों का फैसला करने के लिए अमेरिका के फीफा डर्बी और फीफा चैलेंजर कप खेलों का आयोजन किया जाएगा। फीफा विश्व कप 2022 के मेजबान इस साल के अंत में फीफा अंडर-17 विश्व कप और फीफा अरब कप का भी आयोजन करेंगे। कतर को इस साल के फीफा इंटरकॉन्टिनेंटल कप के अंतिम तीन मैचों (एम3 से एम5) की मेजबानी की पुष्टि कर दी गई है। यह एक विशिष्ट वार्षिक वैश्विक क्लब प्रतियोगिता है।

# भारत ने जीता सैफ अंडर-17 का खिताब

● भारतीय टीम ने बांग्लादेश को पेनल्टी शूटआउट में 4-1 से हराकर अपना सातवां सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप खिताब जीता




**कोलंबो, वार्ता।** भारत की अंडर-17 पुरुष राष्ट्रीय टीम ने यहां रेसकोर्स इंटरनेशनल स्टेडियम में बांग्लादेश को पेनल्टी शूटआउट में 4-1 से हराकर अपना सातवां सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप खिताब अपने नाम किया। हाफ टाइम तक भारत ने दल्लामुओन गंगटे (4') और अज़लान शाह केएच (38') के गोलों की मदद से 2-1 की बढ़त बना ली थी, लेकिन बांग्लादेश ने आखिरी क्षणों में इहसान हबीब रिदुआन के बराबरी के गोल से वापसी की और स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया और शूटआउट के लिए मजबूर होना पड़ा। लेकिन शनिवार रात ब्लू कोल्ट्स ने सबसे जरूरी समय पर संयम बनाए रखा। पेनल्टी शूटआउट में भारत ने अपनी उम्र से कहीं ज्यादा परिपक्वता दिखाई। दल्लामुओन गंगटे, कोरोउ मेइतेई कोंथौजम और इंद्र राणा मगर ने शानदार गोल दागे, जिसके बाद शुभम पूनिया ने निर्णायक चौथा किक गोल में बदल दिया। इसके विपरीत, बांग्लादेश दबाव में बिखर गया। मोहम्मद इकरामुल इस्लाम ने क्रॉसबार पर गेंद मारी, मोहम्मद आज़म खान का प्रयास मानशज्योति बरुआ ने बचा लिया, और हालांकि मोहम्मद माणिक ने उनके तीसरे प्रयास को गोल में बदल दिया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। भारत ने जश्न मनाया और ज़ोरदार अंदाज में अपनी गद्दी वापस हासिल कर ली।

# लिटन दास के अफगानिस्तान सीरीज से बाहर रहने के संभावना



● सूत्रों के अनुसार लिटन दास को टीक होने में कम से कम तीन हफ्ते का समय लगेगा

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के विकेटकीपर-बल्लेबाज लिटन कुमार दास पीठ की चोट के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की सीरीज से बाहर हो सकते हैं।

टीम सूत्रों ने पुष्टि की है कि शानदार फॉर्म में चल रहे लिटन को ठीक होने में कम से कम तीन हफ्ते लगेंगे। इस चोट के कारण वह मौजूदा एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के खिलाफ सुपर 4 मैचों से पहले ही बाहर हो गए थे। बांग्लादेश दोनों मैच हार गया और फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहा।

राष्ट्रीय टीम के साथ मिल. कर काम करने वाले एक अधिकारी ने क्रिकबज को बताया कि मुझे लगता है कि उन्हें ठीक होने में कम से कम तीन हफ्ते लगेंगे, इसलिए अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज के दौरान उनके (लिटन) खेलने की संभावना कम है। लिटन को 22 सितम्बर को आईसीसी अकादमी ग्राउंड में प्रशिक्षण के दौरान पीठ में खिंचाव आ गया था। नेट्स में स्क्वायर कट लगाने की कोशिश करते समय उन्हें कमर के बाईं ओर तकलीफ महसूस हुई।

# नेपाल की विंडीज पर ऐतिहासिक जीत

● 180 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के बाद नेपाल ने आखिरकार एक पूर्ण सदस्य देश को ऐतिहासिक दिन पर हराया




**शारजाह, वार्ता।** नेपाल ने शारजाह में वेस्टइंडीज को 19 रनों से हराकर किसी टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ अपनी पहली जीत दर्ज की और तीन मैचों की टी-20 सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

180 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के बाद, नेपाल ने आखिरकार एक पूर्ण सदस्य देश को ऐतिहासिक दिन पर हराया। नेपाल के मध्यक्रम ने उन्हें 8 विकेट पर 148 रनों के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया, जिसके बाद उन्होंने सामूहिक गेंदबाजी प्रदर्शन करते हुए वेस्टइंडीज को रोक दिया। वेस्टइंडीज ने नेपाल को बल्लेबाजी के लिए भेजा और धीमी शुरुआत के बाद, अकील हुसैन ने कुशल भुर्टेल को सस्ते में स्टंप आउट कर दिया। साथी सलामी बल्लेबाज आसिफ शेख चौथे ओवर में जेसन होल्डर का शिकार बने और नेपाल का स्कोर अचानक 12/2 हो गया। कप्तान रोहित पौडेल और कुशल मल्ला ने 58 रनों की साझेदारी करके पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाज़ों ने अच्छी दौड़ भी लगाई, दो-दो और तीन-तीन रन भी लिए ताकि मैदान पर कोई रन न बचे। शानदार फॉर्म में चल रहे मल्ला ने ओबेद मैकॉय की गेंद पर छक्का जड़ा, लेकिन अगले ही ओवर में लेग स्पिनर नवियन बिदाईसी की गेंद पर आउट हो गए, जो अपना पहला मैच खेल रहे थे। पौडेल ने सिमंड्स की गेंद पर छक्का जड़ा, लेकिन लेग स्पिनर ने उन्हें पवेलियन वापस भेज दिया। गुलसन झा ने दो छक्कों की मदद से 22 रन बनाए, लेकिन लॉन्ग-ऑफ पर कैच आउट होकर बिदाईसी को अपना तीसरा विकेट दिलाया। 19वें ओवर में नेपाल ने होल्डर के हाथों तीन विकेट गंवा दिए, जिससे उनके मध्यक्रम की सारी मेहनत पर पानी फिर गया, लेकिन मैकॉय के दो छक्कों ने उन्हें 150 के आंकड़े से दो रन दूर कर दिया। वेस्टइंडीज ने शानदार शुरुआत की और पहली ही गेंद पर चौका जड़ दिया। करण केसी ने काइल मेयर्स को पांच रन पर आउट कर दिया, लेकिन अपने दूसरे ओवर में अकीम ऑगस्टे की आक्रामक बल्लेबाजी के कारण उन्हें 12 रन पर आउट कर दिया।

# रुज्दी ने विश्व रिकॉर्ड के साथ लगातार छठा शॉटपुट स्वर्ण पदक जीता

**नई दिल्ली, वार्ता।** बुल्गारिया के रुज्दी ने रविवार की सुबह इंडियन ऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में पुरुषों की शॉटपुट एफ55 स्पर्धा में लगातार छठा स्वर्ण पदक जीता। 12.94 मीटर के विश्व रिकॉर्ड के साथ उनका दबदबा, इस सत्र में स्थापित तीन विश्व रिकॉर्डों में से एक था।

जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में मलेशिया के अब्दुल लतीफ रोमली ने विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की लंबी कूद टी20 स्पर्धा में 7.67 मीटर के विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की, जबकि यूक्रेन के वोलोडिमिर पोनोमारेंको ने अपने दूसरे प्रयास में 17.39 मीटर के साथ पुरुषों की शॉटपुट टी12 स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड बनाया और मुकाबला निर्णायक रूप से जीत लिया। दिग्गज माने जाने वाले 34 वर्षीय रुज्दी ने अपने अंतिम प्रयास में लोहे की गेंद को 12.94 मीटर से अधिक की दूरी से फेंका, जिससे दो साल पहले पेरिस में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में बनाए गए उनके 12.69 मीटर के रिकॉर्ड में सुधार हुआ। सर्बिया के नेबोजसा ने छह बार 12 मीटर से अधिक की दूरी से थ्रो किया, लेकिन रुज्दी ने ड्यूरिक के सर्वश्रेष्ठ 12.52 मीटर से पांच बेहतर थ्रो किए। रुज्दी एक कार दुर्घटना में बच गए थे, लेकिन कमर से नीचे लकवाग्रस्त हैं, उन्होंने 2015 में दोहा से शुरू होकर विश्व चैंपियनशिप के प्रत्येक संस्करण में जीते गए स्वर्ण पदकों में और इजाफा किया। कठिन परिस्थितियों में भी अच्छा प्रदर्शन करने की उनकी क्षमता तब सामने आई जब उन्होंने विश्व रिकॉर्ड तोड़ा।

# यूपी योद्धाज जीत की हैट्रिक लगाने को तैयार

● मुकाबला आज रात 8 बजे जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में गुजरात जायंट्स के खिलाफ करेंगी यूपी योद्धाज

**चेन्नई, वार्ता।** जयपुर में लगातार दो जीत दर्ज करने के बाद यूपी योद्धाज अब चेन्नई चरण की शुरुआत गुजरात जायंट्स के खिलाफ खेलते हुए करेंगे। यह मुकाबला 29 सितम्बर को जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में रात 8:00 बजे से खेला जाएगा। जयपुर चरण का समापन योद्धाज ने रोमांचक अंदाज़ में किया था। पहले उन्होंने 36-36 की बराबरी के बाद बेंगलुरु बुल्स को टाई-ब्रेकर में 6-5 से मात दी। इस नतीजे ने दबाव की स्थिति में टीम के धैर्य और आत्मविश्वास को साबित किया। अब लगातार तीसरी जीत की तलाश में योद्धाज अंक तालिका में सातवें स्थान से और ऊपर चढ़ने की कोशिश करेंगे। पिछले मैच में भवानी राजपूत ने 10 अंक जुटाकर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि गगन गौड़ा ने लगातार योगदान देते हुए सीजन में 8 मैचों से अपने अंक 82 तक पहुंचा दिए हैं। इनके साथ गुमान सिंह का प्रभाव और युवा शिवम चौधरी की चमक, योद्धाज की अटैक लाइन-अप को कई खतरनाक विकल्प देता है। डिफेंस में कप्तान सुमित सां. गवान और उपकप्तान आशु सिंह को फिर से अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की जरूरत होगी। महेंदर सिंह और हितेश की मजबूती के साथ, योद्धाज की बैकलाइन में अब तालमेल दिख रहा है और पीकेएल की सबसे अनुशासित और मजबूत डिफेंसिव इकाइयों में गिनी जा रही है।

## आईएसपीएल सीजन 3 की 9 जनवरी 2026 से वापसी

**मुंबई, वार्ता।** लगातार दो सफल सीजन के बाद, इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल), भारत का अग्रणी टेनिस-बॉल टी10 टूर्नामेंट, अपने तीसरे संस्करण के लिए और भी बड़ी, बेहतर और दमदार वापसी कर रहा है। आठ टीमों वाला यह टूर्नामेंट 9 जनवरी से 6 फरवरी 2026 तक सूरत में आयोजित किया जाएगा। आगामी सीजन की मुख्य बातों में, सबसे मूल्यवान खिलाड़ी (एमवीपी) को बिल्कुल नई पोर्शे 911 कार मिलेगी, जो यह दर्शाता है कि लीग वैश्विक खेल प्रतियोगिताओं और मापदंडों के साथ तालमेल बिठाते हुए कितनी बड़ी हो गई है। आईएसपीएल की कोर कमेटी के सदस्यों, सचिन तेंदुलकर, आशीष शेलार, मिनल अमोल काले, सूरज समत (लीग कमिश्नर), दीपक चौहान (लीग ऑपरेशंस के अध्यक्ष), के साथ-साथ सुपरस्टार अजय

# इगा-सिनर आगे बढ़े, झेंग की जोरदार वापसी



**बीजिंग, वार्ता।** शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष खिलाड़ी जैनिक सिनर और महिला खिलाड़ी इगा स्वियाटेक दोनों ने 2025 चाइना ओपन के एकल वर्ग के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया, जबकि घरेलू प्रबल दावेदार झेंग किनवेन ने सर्जरी के बाद वापसी करते हुए कोलंबिया की एमिलियाना अरंगो को हराया। इतालवी स्टार सिनर ने शनिवार को दूसरे दौर में फ्रांसीसी क्वालीफायर टेरेंस एटमाने के खिलाफ तीन सेटों में 6-4, 5-7, 6-0 से जीत हासिल की। तेईस वर्षीय एटमाने ने मैच में 11 ऐस लगाए, लेकिन सिनर को रोकने के लिए यह काफी नहीं था। मैच के बाद सिनर ने कहा कि आज की चुनौती बहुत कठिन थी। तीसरे सेट में वह निश्चित रूप से काफ़ी आत्मविश्वास से भरा हुआ था। मैंने पहला गेम शानदार खेलकर उसकी सर्विस तोड़ी, जिससे मुझे किसी तरह सेट जीतने का आत्मविश्वास मिला। डबल ब्रेक के बाद, माहौल थोड़ा अलग था। माहौल पूरी तरह से बदल गया। इस साल के चाइना ओपन में अपने पहले मैच में स्वियाटेक ने पहले राउंड में बाई मिलने के बाद ज्यादा आरामदायक जीत हासिल की, दूसरे राउंड में उन्होंने चीन की युआन यू को 6-0, 6-3 से आसानी से हरा दिया। 24 वर्षीय पोलिश खिलाड़ी ने कहा कि पहला मैच हमेशा कोर्ट का अनुभव करने और उसे समझने के लिए अच्छा होता है। मुझे हर मैच के लिए तैयार रहना होगा। मैं बस नए कौशल सीखने और अपने खेल को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रही हूं। चीनी टीम की प्रबल दावेदार और पेरिस ओलंपिक चैंपियन झेंग, जिनकी हाल ही में कोहनी की सर्जरी हुई थी, ने बहुप्रतीक्षित वापसी की। उत्साहपूर्ण जयकारों के बीच, झेंग ने अरांगो को 6-3, 6-2 से हराकर महिला एकल के तीसरे दौर में प्रवेश किया। अगले दौर में सातवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी का सामना चेक गणराज्य की लिंडा नोस्कोवा से होगा, जिन्होंने चीन की वांग ज़ियू को 6-3, 6-2 से हराया। चीनी खिलाड़ी झू लिन को चौथी वरीयता प्राप्त रूस की मीरा एंड्रीवा से 6-2, 6-2 से हार का सामना करना

## कार्लोस जापान ओपन के सेमीफाइनल में



**टोक्यो, वार्ता।** स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने अमेरिका के ब्रैंडन नाकाशिमा को हराकर जापान ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। शनिवार रात खेले गये क्वार्टरफाइनल मुकाबले में विश्व नंबर वन अल्काराज ने एक ही सीजन में अपने करियर की 65वीं जीत दर्ज करते हुए ब्रैंडन नाकाशिमा को 6-2, 6-4 से हराकर जापान ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अल्काराज सोमवार को अंतिम चार में नोर्वे के कैस्पर रूड से भिड़ेंगे। स्पेनिश खिलाड़ी का नोर्वे के खिलाड़ी के खिलाफ अब तक का रिकॉर्ड 4-1 है, लेकिन रूड ने पिछले साल एटीपी फाइनल में सीधे सेटों में जीत हासिल की थी। दूसरे सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज का सामना लगातार दूसरे दिन अपने ही अमेरिकी हमवतन जेनसन ब्रूक्सबी से होगा। फ्रिट्ज ने सेबेस्टियन कोर्डा को 6-3, 6-7(5), 6-3 से हराया।

# महिला के साथ हुई 95 लाख की ऑनलाइन ठगी के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार



**मुरादाबाद।** फर्जी कस्टम अधिकारी बनकर महिला के साथ 95 लाख रुपए की साइबर धोखाधड़ी करने के मामले में एक और आरोपी को साइबर क्राइम थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है, जबकि इस मामले में एक महिला आरा. पी जोकि मूल रूप से मणिपुर चंदेल की रहने वाली है और दिल्ली में अपने गैंग के साथ मिलकर लोगों के साथ साइबर ठगी की वारदातों को अंजाम देती रही है उसको साइबर क्राइम थाना पुलिस गिरफ्तार कर पहले ही सलाखों के पीछे भेज चुकी है। रविवार को एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने रिजर्व पुलिस लाइंस में प्रेस वार्ता कर पीड़ित महिला के साथ हुई साइबर ठगी की घटना का खुलासा किया है। एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने जानकारी देते हुए बताया कि साइबर थाना मुरादाबाद में 31 अगस्त को एक धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ था, जिसमें एक महिला ने बताया था कि ींकप.बवउ में उसमें एक आईडी बनाई थी, उसकी आईडी पर एक आरव सिंह नाम के व्यक्ति ने फोन किया और अपनी शादी के बारे में उससे बात की, उसने अपने आप को एनआरआई बताते हुए वह वहां से नौकरी कर रहा है शादी की बात को आगे बढ़ाया और फिर उसने बताया कि एक पार्सल हम आपको भेज रहे हैं उसमें कीमती सामान है, शादी का गिफ्ट समझकर आप उसे रख लेना। जब वह पार्सल यहां आता है तो यहां से एक फोन जाता है कि पार्सल में कीमती सामान है, पैसे देकर छुडा लीजिए इसके बाद वह महिला पहले पैसे देती है।उसके बाद मनी लांड्रिंग के केस में फसाने के लिए फर्जी कस्टमर अधिकारी बनकर एक महिला उससे बात करती है। इस तरह से 95 लाख रुपए की साइबर धोखाधड़ी पीड़ित महिला के साथ हो जाती है। 31 अगस्त को मुकदमा पंजीकृत किया गया था, तभी से पुलिस काम कर रही थी और आज इस मामले में एक दूसरे आरोपी दिल्ली के उत्तम नगर के रहने वाले नवी पुत्र राजेश को साइबर क्राइम थाना पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से एक लैपटाप, चार मोबाइल,9 एटीएम कार्ड, 11 चौक बुक, 8 पास. बुक, 1 आधार कार्ड, 1 पैन कार्ड बरामद किये है। जबकि इस मामले में एक महिला आरोपी कोनसम सुनीता, जो मणिपुर चंदेल की रहने वाली है,उसको साइबर क्राइम थाना पुलिस दिल्ली से पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पकड़े गए आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह अपने बैंक खाते खुलवाकर एक महिला जो नॉर्थ ईस्ट इंडिया की रहने वाली है, जिनका नाम सुनीता है उनको दे देता था।वह महिला इन खातो का प्रयोग ऑनलाइन धोखाधडी में करती है। मेरे खाते में जो भी पैसे आते थे, उसका मुझे भी एक हिस्सा मिलता था। वह महिला मुझे व्हाट्सएप नंबर से कॉल करती थी और उनके बताये हुये स्थान पर मैं उनसे मिलता था। फिलहाल साइबर क्राइम थाना पुलिस ने पकड़े गए दूसरे आरोपी नबी को भी गिरफ्तार कर उसे सलाखों के पीछे भेज दिया है।

## रेलवे ने टिकट का सही मूल्य न चुकाया, उपभोक्ता आयोग ने 1560 रुपये लौटाने का दिया आदेश

**चन्दौसी।** रुड़की से चन्दौसी की यात्रा करने वाले चन्दौसी निवासी रमेश बाबू शर्मा और उनकी पत्नी ने लखनऊ-चंडीगढ़ एक्सप्रेस में टिकट आरक्षित कराई थी। नियत समय पर अत्यधिक वर्षा के कारण ट्रेन रुड़की स्टेशन पर नहीं पहुंची। जब उन्होंने टिकट की राशि वापस लेने का प्रयास किया तो काउंटर पर उन्हें धनराशि देने से इंकार कर दिया गया।

रमेश बाबू शर्मा ने उपभोक्ता मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय से संपर्क कर अपनी व्यथा बताई। परिवादी को टिकट मूल्य 360 रुपये और नोटिस व्यय 1200 रुपये, कुल 1560 रुपये मय 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ दो माह के अंदर अदा किए जाएं। इसके अतिरिक्त, परिवादी को हुए मानसिक और आर्थिक कष्ट के लिए 10,000 रुपये और बाद व्यय के मद में 5,000 रुपये भी दो माह में अदा करने का आदेश दिया। नियत अवधि में राशि न चुकाने पर 9: वार्षिक ब्याज देय होगा।

## एक नजर

### ईट भट्ठा एसोसिएशन ने जीएसटी पांच प्रतिशत करने की उठाई मांग




**मुरादाबाद।** रविवार को डिस्ट्रिक भट्ठा एसोसिएशन की वार्षिक बैठक एम आई टी इंजीनियर कॉलेज में आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रितेश गुप्ता जी नगर विधायक उपस्थित रहे जिसमे भट्ठा व्यापारियों ने जी एस टी को लेकर अपने अपने सुझाव दि।कोयले पर वर्तमान में जी एस टी 5 प्रतिशत लागू थी जो की अब बड़ाकर 18 प्रतिशत कर दी गई है सरकर से हमारी माँग है कि जी एस टी 5 प्रतिशत कर दी जाए। सर्दियो में प्रदूषण को देखते हुए एसोसिएशन ने यह निर्णय लिया है कि भट्टे पर पथाई का कार्य 1 नवम्बर और फुकाई का कार्य 1 फेरबरी से प्रारम्भ किया जाए। जिन भट्टा संचालकों पर उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की सहमति नहीं है एसोसिएशन सहमति दिलाने का प्रयास करेगी। जिला अध्यक्ष नितिन गुप्ता ने सबको भरोसा दिलाया। मीटिंग में उपस्थित अनिल अग्रवाल,संजीव चौधरी,नवीन जैन,प्रदीप गुप्ता,हाजी रफी,हाजी अब्दुल बारिस,हाजी नादिर,जाहिद हुसैन,अर्जुन सिरोही भारी संख्या में भट्ठा व्यापारी उपस्थित रहे।

# स्वदेशी अपनाकर भारत को आत्मनिर्भर बनाने का सपना करें पूराः आकाश पाल




**कांठ( शाह टाइम्स )** मंडल कांठ के ग्राम कासमपुर पंचायत भवन में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय आह्वान पर आत्मनिर्भर भारत बनाने हेतु स्वदेशी अपनाने लिए जन सामान्य को प्रेरित करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिलाअध्यक्ष आक. ाश कुमार पाल ने कहा कि स्वदेशी अपनाना है।

आत्मनिर्भर भारत बनाना है भारत के प्रत्येक नागरिक को भारत में ही बने उत्पादों का उपभोग करना चाहिए ।जिससे भारत का पैसा भारत में ही रहेगा। आज हम संसार की चौथी सबसे बड़ी और सबसे तीव्रतम विकास करने वाली अर्थव्यवस्था हैं । भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि सन 2047 तक भारत को महाशक्ति बनना है। इसके लिए प्रत्येक नागरिक का अपना कर्तव्य है कि वह भी मनोयोग से राष्ट्र उत्थान हेतु अपना योगदान करे। कार्यशाला में मंडल अध्यक्ष अंकुश कुमार चौहान, मंडल प्रभारी शिव कुमार गुप्ता, अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष देवराज सिंह जाटव सत्यवान सिंह राजपूत, सूरज सिंह, मनीष कुमार, मुकेश माहेश्वरी, सौरव अग्रवाल ,दयाराम सैनी, चंचल पाल, देवेंद्र सिंह, प्रमोद पधान, बलवंत सिंह ,प्रमोद सागर ,ओम प्रकाश मुकुल दक्ष, राजीव गुर्जर, जयपाल सैनी, राजकुमार सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अमरीश शर्मा ,सर्वेश पाल, राज बहादुर सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्वयं सेवकों निकाला पथ संचलन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुरजननगर।** आरएसएस द्वारा रविवार को सुरजन नगर में पथ संचलन का आयोजन किया गया। यह आयोजन सामाजिक और राष्ट्रप्रेम अनुशासन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया। पथ संचलन में सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में भाग लिया। पथ संचलन की शुरुआत सुरजन नगर स्थित बंधन बैंक्विट हॉल से होते हुए सुरजननगर के मुख्य मार्गो से होते हुए बापस बैंक्विट हॉल पर समाप्त हुआ। मार्ग में जगह-जगह स्थानीय नागरिकों द्वारा स्वयंसेवकों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। पथ संचलन में प्रमुख रूप से भाजपा के नेता अजय प्रताप सिंह, योगेंद्र सिंह , चेतन सिंह, वीर सिंह, कपिल कुमार, रवि चौहान, उमेश त्यागी भूपेन्द्र सिंह चौहान समेत कई गणमान्य नागरिक और संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पथ संचलन से पहले एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें आरएसएस पदाधिकारियों ने बताया कि यह पथ संचलन संघ के कार्य विस्तार, युवा शक्ति को संगठित करने और समाज में राष्ट्रीय चेतना जागृत करने का एक माध्यम है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार के कार्यक्रम पूरे प्रदेश व देशभर में नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं।

पथ संचलन के सफल आयोजन के लिए स्थानीय स्वयं सेवकों ने कई दिनों से तैयारियाँ की थीं। पुलिस प्रशासन ने भी रूट पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की थी, जिससे संचलन शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

### मेरा स्वराज ट्रैक्टर का गुरु अरविंद और अनीसुर्रहमान सैफी ने फीता काटकर किया उद्घाटन




**कांठ( शाह टाइम्स )** सैफी धर्म कांटे के पास आज किसान ट्रैक्टर एंड एग्रीकल्चर नाम से स्वराज ट्रैक्टर की एजेंसी का शुभारंभ किया गया जिसमें पहुंचे पूर्व विधायक अनिसुरहमान सैफी और गुरु अरविंद ने एजेंसी के स्वामी एडवोकेट नाजिम सैफी को मुबारकबाद दी और कहा कि स्वराज किसानो का ट्रैक्टर है और इसकी एजेंसी लेकर उन्होंने किसानों को स्थानीय स्तर पर लाभ पहुंचाने का काम किया है। उद्घाटन अवसर पर एडवोकेट दीपक बिश्नोई बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप कुमार किसान यूनियन के नेता दर्शन दर्शन सिंह एवं चौधरी यशपाल सिंह संजीव बिश्नोई आदि ने नगर में इस तरह की बड़ी एजेंसी होने की जरूरत बताई और इस कार्य के लिए हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि कांठ क्षेत्र में सबसे ज्यादा चलने वाला स्वराज कंपनी का ट्रैक्टर है कार्यक्रम में नगर पंचायत उमरी कला के अध्यक्ष हाजी उस्मान अली रमीज रईस तनवीर आलम एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान मौजूद रहे। संचालन एडवोकेट इकबाल अहमद ने किया और आभार एडवोकेट नाजिम सैफी ने जताया।

## नगर विधायक ने व्यापारियों को दी जीएसटी कटौती की जानकारी




**मुरादाबाद।** नगर विधायक रितेश गुप्ता शहर के बाजारों में जाकर केंद्र सरकार की जीएसटी की दरों में कटौती के बारे में व्यापारियों को जानकारी दे रहे हैं। उन्होंने आज अमरोहा गेट से चोमुखा पुल होते हुए कोतवाली बाजार गंज तक व्यापारियों से संपर्क किया और जीएसटी कम होने के फायदे भी बताए।नगर विधायक ने बताया कि जो भी व्यापारी सरकार से जुड़े हैं उनको सारी सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि सरकार उनकी समस्याओं को समझने और उनका समाधान करने के लिए हमेशा तैयार है।इस मौके पर बीजेपी अध्यक्ष गिरीश भंडुला, धर्मेंद्र मिश्रा, व्यापारी नेता अरविंद अग्रवाल, व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता, सूर्य मोहन समसेरी, कमल गुलाटी, अशोक केके, विशाल त्यागी, गौरव श्रीवास्तव, अमित गुप्ता, अमित शर्मा, रवि अग्रवाल, हरीश भसीन, नीरज अग्रवाल, आकाश भारद्वाज, दीपक धवन, चंदर प्रजापति, नवदीप टंडन, अजय माहेश्वरी, भारत टंडन आदि शामिल हुए।

# मिशन शक्ति 5.0 को लेकर डीआईजी ने महिला पुलिस कर्मियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने मिशन शक्ति 5.0 के संबंध में रिजर्व पुलिस लाइंस में आयोजित गोष्ठी में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र मुरादाबाद मुनिराज जी के द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के साथ रिजर्व पुलिस लाइन्स में मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारियों व समस्त थानों के मिशन शक्ति केन्द्रों पर नियुक्त अधिकारी और कर्मचारियों के साथ गोष्ठी आयोजित की तथा शासन की मंशा के अनुरूप अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने व महिलाओं/बालिकाओं को उनके अधिकारों/सुरक्षा/स्वावलंबन की अधिक से अधिक जनजागरूकता बढाने,महिला संबंधित मामलों के त्वरित निस्तारण करने आदि के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। जिले में मिशन शक्ति फेज-5.0 में तैनात महिला पुलिसकर्मियों के साथ संवाद करते हुए डीआइजी मुनिराज जी ने कहां की महिलाओं की हर समस्या अब थानों में स्थापित किए गए मिशन शक्ति केंद्र पर सुनी जाए, महिलाओं को न्याय दिलाने से लेकर उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी केंद्र पर तैनात पुलिसकर्मियों की होगी।वहीं डीआईजी ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि हर थाने में मिशन शक्ति केंद्र बना दिया गया है, मिशन शक्ति केंद्रों पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों के साथ समीक्षा बैठक भी की गयी है। सभी पुलिसकर्मी काम कर रहे हैं, लेकिन उन्हें अभी काम में तेजी लाने की जरूरत है।



सभी स्कूलों और भीड़ वाले स्थानों पर जाकर महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं और हेल्प लाइन नंबरों की जानकारी दी जा रही हैं। डीआइजी ने कहा कि केंद्र पर तैनात पुलिसकर्मी महिला संबंधी शिकायत आने के बाद तुरंत उस पर कार्रवाई करेंगे। अगर मामला घरेलू हिंसा से जुड़ा है तो काउंसलिंग कराएंगे। अगर किसी महिला के साथ अपराध होता है और उसे आर्थिक मदद की जरूरत है तो उसका केंद्र पर ही फार्म भरकर उसे मदद दिलाने का काम भी पुलिस करेगी।

### भाजपाइओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात का 126 वा एपिसोड सुना



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंडल के प्रत्येक बूथ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा राष्ट्र को संबोधित मन की बात कार्यक्रम का 126 वां एपिसोड सुना। यह कार्यक्रम मंडल कांठ के बूथ नंबर 22 पर जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल के नेतृत्व में सुना गया। मंडल प्रभारी शिव कुमार गुप्ता , मंडल अध्यक्ष अंकुश कुमार चौहान पूर्व मंडल अध्यक्ष सूरज सिंह एवं मनीश कुमार, धर्मेंद्र कुमार , सत्यवान सिंह राजपूत, मुकेश महेश्वरी, प्रमोद कसामपुरिया, देवेंद्र सिंह, चंचल पाल, बलवंत सिंह, अमरीश शर्मा, प्रमोद सागर, मुकुल दक्ष, राजीव गुर्जर, मुकेश महेश्वरी, दयाराम सैनी, राजकुमार सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सुना प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम



**शाह टइम्स संवाददाता बिलारी।** नगर के भारतीय जनता पार्टी संगठन के शक्ति केंद्र बाजार पश्चिम के बूथ संख्या 237 शाहाबाद रोड पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात का 126 वाँ संस्करण सुना गया। मन की बात सुनकर कार्यकर्ताओं ने बताया कि आज प्रधानमंत्री ने सारा जोर स्वदेशी अपनाने पर दिया है उन्होंने कहा है कि हमारा जोर सबसे ज्यादा स्वदेशी अपनाने पर होना चाहिए जब हम बाजार जाएं तो सबसे पहले यह देखने की आवश्यकता है कि जो सामान हम खरीद रहे हैं वह अपने ही देश में बना हुआ होना चाहिए इससे अपना देश भी आगे बढ़ेगा और देश के लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। मन की बात को सुनने वालों में भारतीय जनता पार्टी के धर्मेंद्र गांधी, सुमित चौधरी, ऋषभ मौर्य, सुमित सक्सेना, रघुनाथ चौधरी ,लाल सहाय मौर्य, विकास कुमार, किशन ठाकुर, गोपाल कुमार आदि भारतीय जनता पार्टी व सामाजिक लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार में शिक्षकों एवं शिक्षा का सबसे अधिक शोषण हुआः एसपी सिंह पटेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने जनसंपर्क शुरु कर दिया है। रविवार को जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शिक्षकों के साथ संवाद किया गया और वोट बनवाने की अपील की गई। समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष एस. पी. सिंह पटेल ने कहा कि पार्टी हाई कमान शिक्षक क्षेत्र जिसको भी प्रत्याशी घोषित करेंगे उसे समाजवादी शिक्षक सभा पूरी मजबूती से लड़ाएगी उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे स्वयं के साथ-साथ अपने सभी साथियों के वोट भी अवश्य बनवाएं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा शिक्षक हित और सम्मान के लिए कार्य किया है, जबकि भाजपा सरकार में शिक्षा का सबसे अधिक शोषण हुआ है।




उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की सभी भर्तियाँ विवादों में फँसी रहीं और परीक्षाओं के परिणामों में गड़बड़ी हुई। उन्होंने आश्वासन दिया कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर वित्तविहीन विद्यालयों के शिक्षकों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार और मानदेय उपलब्ध कराया जाएगा।

उन्होंने उपस्थित शिक्षकों से अपील की कि वे पार्टी प्रत्याशी को विजयी बनाने में सक्रिय सहयोग करें। इस अवसर परः जिलाध्यक्ष जयवीर यादव ने भी संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित किया उन्होंने वर्ष 2026 में होने वाले शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के एमएलसी चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की उन्होंने शिक्षक सभा और छात्र सभा को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये। संवाद कार्यक्रम में अधिक से अधिक वोटर बनाने का फैसला हुआ। शिक्षक सभा प्रदेश अध्यक्ष एस. पी. सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, शिक्षक सभा प्रदेश महासचिव मोहम्मद साकिब, समाजवादी शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव,जिला महासचिव फुरकान अली, निकुंज गंग. वार, एम.पी.सिंह, वीर सिंह, शकील अहमद, मनोज यादव, अजय कुमार, रवि यादव, वीरेंद्र सिंह, हरिओम शर्मा, अवनीश कुमार, रविपाल सिंह, मो इमरान, अमित कुमार राणा, लइक अहमद, शाकिर खान, सोमपाल यादव, ऋषिपाल यादव, प्रवीण कुमार, सुरेश कुमार, सुरेंद्र गंगवार वेदप्रकाश, शंकर लाल, प्रेम बाबू आदि प्रमुख थे।

## जिलाधिकारी ने मिशन शक्ति-5.0 को बढ़ावा देने के लिए जारी किया पत्र

**चन्दौसी।** शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रारंभ किये गये मिशन शक्ति-5.0 अभियान को अधिक प्रभावी बनाने हेतु जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने जनपद के सभी डिग्री कॉलेजों के प्राचार्यों एवं इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को पत्र जारी किया है, जिसमें पाँच बिंदुओं पर कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं-प्रथम, छात्राएँ अपनी समस्याएँ, सुझाव, कविता, कहानी अथवा निबंध के माध्यम से जिलाधिकारी को पत्र लिखेंगी; द्वितीय, प्रत्येक विद्यालय/महाविद्यालय में 10 से 20 बालिकाओं का 'शक्ति पुंज' समूह गठित होगा जो नारी सुरक्षा व सम्मान हेतु कार्य करेगा। तृतीय, छात्र-छात्राओं के बीच परस्पर सम्मान की भावना विक. सित करने के लिए 'शक्ति सम्मान पुंज' का गठन किया जाएगा।

चतुर्थ, प्रत्येक शनिवार 'शक्ति की बात' कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राएँ नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन पर विमर्श करेंगे; तथा पंचम, अभिभावकों के नाम जिलाधिकारी का पत्र पीटीएम/ एसएमसी बैठकों में वाचन कर मिशन शक्ति की अवधारणा से अवगत कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी शिक्षण संस्थानों को 09 अक्टूबर 2025 तक इन बिंदुओं पर कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

# सड़क चौड़ीकरण के चलते फटी गैस पाइप लाइन बामुश्किल किया ठीक



**कांठ ( शाह टाइम्स )** सड़क चौड़ीकरण को लेकर हो रही खुदाई में आज घरेलू गैस की पाइप लाइन फट गई जिससे गैस का रिसाब तेजी से होने लगा पुलिस ने बैरिकेटिग करके कंपनी वालों को बुलाकर बाम. ुश्किल उसे ठीक कराया। बतादे की सहसपुर बॉर्डर से छजलैट किसान तिराहे तक सड़क के चौड़ीकरण का काम किया जा रहा है इस वक्त कस्बे में सड़क के दोनों और खुदाई चल रही है आज सुबह थाने के पास मुख्य मार्ग के किनारे संबंधित विभाग द्वारा खुदाई की जा रही थी तभी गैस का पाइप फट गया जिसमें तेजी के साथ गैस निकलने लगी सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक एवं अन्य पुलिस स्टाफ वहां पहुंच गया सुरक्षा के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ी को बुला लिया गया संबंधित गैस कंपनी को सूचना दी तो उनकी टीम भी मौके पर पहुंच गई और उन्होंने बामुश्किल गैस रिसाव को बंद किया हालांकि इस घटना में किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा लेकिन कुछ घंटो के लिए अफरा तफरी का माहौल बन गया।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 29 सितम्बर 2025

# यूनुस की बदजुबानी

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने भारत के साथ खराब होते रिश्तों का पूरा दोष नई दिल्ली पर मढ़ा है। उन्होंने इसके लिए जो कारण बताए हैं, वो पूरी तरह भ्रामक और सच से मुंह मोड़ने वाले हैं। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने भारत के साथ रिश्ते खराब होने का ठीकरा पूरी तरह नई दिल्ली पर फोड़ दिया है। द्विपक्षीय संबंधों में तनाव के लिए उन्होंने जो कारण गिनाए हैं, वे पूरी तरह भ्रामक और सच से मुंह मोड़ने वाले हैं। मोहम्मद यूनुस को यह रास नहीं आ रहा कि भारत ने बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना को शरण दी है। उनके मुताबिक, भारत को बांग्लादेशी स्टूडेंट्स का विरोध-प्रदर्शन पसंद नहीं आया और भारतीय मीडिया की तरफ से दुष्प्रचार किया गया। यूनुस ने ये बातें न्यूयॉर्क में कहीं, जहां वह संयुक्त राष्ट्र महासभा के सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए गए हुए हैं। एक तो द्विपक्षीय मसलों पर बात करने के लिए यह कोई मंच नहीं था और फिर यूनुस ने अधूरी तस्वीर पेश की है। अगस्त, 2024 में उनके सत्ता संभालने के बाद से बांग्लादेश के अंदरूनी हालात लगातार बिगड़े हैं, अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़े हैं।

भारत ने स्टूडेंट्स के आंदोलन पर कभी ऐतराज नहीं किया-हां, अल्पसंख्यकों को निशाना बनाए जाने पर चिंता जरूर जताई है। यह कोई दुष्प्रचार नहीं है, इस साल फरवरी में जारी संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक, हिंदुओं, अहमदिया मुस्लिमों, ईसाइयों, बौद्ध और यहां तक कि चटगांव के पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाली मूल जनजातियों पर भी हमले बढ़े हैं। सच यही है कि उनकी सरकार में कट्टरपंथी ताकतों का दखल पड़ा है। कानून-व्यवस्था और जल्द चुनाव के मुद्दे पर उनकी बांग्लादेशी सेना के साथ भी अनबन हो चुकी है। यूनुस पर जिम्मेदारी थी जल्द से जल्द चुनाव कराने की, जिससे वह बचते आ रहे हैं। स्टूडेंट्स का भरोसा भी उन पर कम हुआ है। इसके बावजूद वह ऐसे नीतिगत फैसले ले रहे हैं, जिसका असर लंबे वक्त तक बांग्लादेश को प्रभावित करेगा। उन्होंने अपने देश को पाकिस्तान और चीन की तरफ झुका दिया है। वह शायद भारत के पूर्वोत्तर राज्यों पर दिया अपना बयान भूल गए, जो हर लिहाज से पड़ोसी धर्म के खिलाफ था। यूनुस SAARC को फिर से सक्रिय करना चाहते हैं, लेकिन उनकी कोशिशों के पीछे का मकसद साफ समझ आ जाता है। पाकिस्तान की वकालत करना। SAARC भले निष्क्रिय हो, लेकिन दूसरे क्षेत्रीय संगठन BIMSTEC के जरिए भारत पड़ोसी देशों के साथ सहयोग बढ़ा रहा है। यूनुस अगर भारत के साथ बेहतर रिश्ते चाहते हैं, तो उन्हें जियो पॉलिटिक्स का मोहरा बनने के बजाय नई दिल्ली से सीधे बात करनी चाहिए और सच को स्वीकार करना चाहिए।

## एक प्रदेश में दो कानून कैसे हो सकते हैं



उप्र में कानून का राज नहीं, बल्कि दोहरी व्यवस्था चल रही है, दलित, मुस्लिम और पिछड़े समाज के लिए अलग कानून लागू कर तानाशाही थोपने की कोशिश हो रही है, बरेली में आई लव मोहम्मद प्रकरण पर लाठी भांजने वाली पुलिस फतेहपुर में खामोश रहती है, महज कागज पर आई लव मोहम्मद लिखने को अपराध घोषित कर दिया गया, बरेली में शांतिपूर्वक प्रदर्शन करने वाले लोगों पर बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज हुआ और निर्दोषों को जेल भेज दिया गया, यह सब सत्ता के इशारे पर हुआ है, एक प्रदेश में दो कानून कैसे हो सकते हैं, अगर सरकार वास्तव में संवाद चाहती तो, प्रदर्शनकारियों को समझा सकती थी, लेकिन सत्ता की नीयत कमजोर वर्गों को डराने की है, यूपी में जंगलराज कायम है।

**चंद्रशेखर आजाद, अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी ( कांशीराम )**

## सरयू से संगम तक की पदयात्रा

# सामाजिक चेतना और लोकतांत्रिक संघर्ष का नया सफर



वीरेश तरार

उत्तर प्रदेश की जमीन हमेशा आंदोलनों, संघर्षों और यात्राओं की गवाह रही है। कभी किसानों के आंदोलन ने सत्ता को हिलाया, कभी युवाओं की पदयात्रा ने राजनीति का चेहरा बदल दिया, कभी साधु-संतों के जत्थों ने आस्था का नया स्वर दिया और कभी जनसैलाब ने लोकतंत्र की दिशा मोड़ दी। इसी परंपरा में एक नई कड़ी जुड़ने जा रही है, जब आम आदमी पार्टी ने यह घोषणा की कि वह सरयू से संगम तक की पदयात्रा निकालेगी। यह घोषणा केवल राजनीतिक महत्वाकांक्षा का इजहार नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की सामाजिक हकीकत का आईना है। जिस राज्य में करोड़ों युवा बेरोजगार हैं, जहां किसान हर मौसम में नए संकट से जूझता है, जहां शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल है और जहां सामाजिक न्याय अब भी अधूरा सपना बना हुआ है, वहां एक ऐसी पदयात्रा जनता की चेतना को जगाने का जरिया बन सकती है।

यात्राएं हमेशा केवल पांवों की थकान नहीं होतीं, बल्कि वे समाज की नब्ज को छूने का माध्यम होती हैं। महात्मा गांधी की दांडी यात्रा इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। नमक के मुद्दे पर निकली वह यात्रा भारत की आजादी की लड़ाई को नया मोड़ दे गई थी। लोहिया ने भी यात्राओं को समाजवादी आंदोलन का औजार बनाया। जयप्रकाश नारायण की पुकार भी गांव-गांव जाकर फैली थी। आडवाणी की रथयात्रा ने एक अलग किस्म की राजनीति को जन्म दिया। राहुल गांधी ने भी हाल में अपनी भारत जोड़ो यात्रा से कोशिश की कि जनता से सीधा संवाद बने। ऐसे उदाहरण बताते हैं कि जब नेता सड़कों पर उतरते हैं, जब वे गांवों-कस्बों की धूल अपने पैरों से चिपकाते हैं, तब राजनीति महलों से निकलकर जनता के आंगन तक आती है।

सरयू से संगम तक का रास्ता केवल एक भौगोलिक दूरी नहीं है, बल्कि प्रतीकात्मक अर्थों से भरा हुआ है। सरयू नदी अयोध्या की पहचान है, वह आस्था और परंपरा का केंद्र है। वहीं प्रयागराज का संगम भारत की विविधता, सांस्कृतिक एकता और लोकचेतना का सबसे बड़ा प्रतीक है। इस यात्रा का संदेश यही है कि राजनीति को केवल सत्ता की लड़ाई न बनाकर समाज की विविधता और पीड़ा को एक सूत्र में पिरोया जाए। इस पदयात्रा का मार्ग उन इलाकों से होकर गुजरेगा, जहां किसान गन्ने के दाम के लिए वर्षों से आंदोलन कर रहा है, जहां नौजवान नौकरी की तलाश में दर-दर भटक रहे हैं, जहां दलितों और पिछड़ों को बराबरी का हक अब भी अधूरा है और जहां महिलाएं रोजाना असुरक्षा की छाया में जीती हैं। यह सब मिलकर इस यात्रा को सिर्फ एक जुलूस नहीं, बल्कि सामाजिक दस्तावेज बना देते हैं।

उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी समस्या आज बेरोजगारी है। लाखों पढ़े-लिखे युवक सरकारी नौकरियों की प्रतीक्षा में अपने जीवन के सुनहरे साल गंवा रहे हैं। भर्ती प्रक्रियाएं वर्षों तक लंबित रहती हैं, परीक्षा के पेपर लीक होते हैं, और जब कभी नौकरी मिलती भी है तो उसमें भ्रष्टाचार और पक्षपात के आरोप लगते हैं। निजी क्षेत्र में भी रोजगार के अवसर सीमित हैं। इसके चलते युवा वर्ग निराशा और हताशा में जी रहा है। यही निराशा कभी-कभी समाज में आक्रोश का रूप ले लेती है। यह पदयात्रा अगर सचमुच इन युवाओं की आवाज को उठाती है, उनके लिए ठोस वैकल्पिक योजनाएं पेश करती है, तो यह आंदोलन केवल चुनावी अभियान न रहकर सामाजिक चेतना का स्वरूप ले सकता है।

किसानों की हालत भी कम भयावह नहीं है। गन्ना किसान वर्षों से बकाया भुगतान की प्रतीक्षा करता है। धान और गेहूं के किसानों को समर्थन मूल्य नहीं मिल पाता, बढ़ती लागत और घटते मुनाफे ने उनकी कमर तोड़ दी है। किसान आत्महत्या जैसे चरम कदम उठाने पर मजबूर हो रहे हैं। लेकिन सत्ता के गलियारों से केवल वादे निकलते हैं, समाधान नहीं। इस पदयात्रा का एक बड़ा कसौटी यही होगा कि क्या यह किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सामने रखती है। गन्ना बेल्ट से गुजरते हुए यह यात्रा किसानों की आह और उनकी उम्मीद दोनों को आवाज दे सकती है। सामाजिक न्याय का सवाल उत्तर प्रदेश की राजनीति का स्थाई केंद्र है। दलित, पिछड़े और वंचित वर्ग आज भी बराबरी और सम्मान की तलाश में हैं। भूमिहीन मजदूर, दिहाड़ी करने वाले, छोटे कारीगर, सफाईकर्मी और शोषित तबके की आवाज अक्सर चुनावी नारों के बीच गुम हो जाती है। यह पदयात्रा अगर उन्हें मंच देती है, उनके मुद्दों को उठाती है, तो यह समाज में नई चेतना भर सकती है। राजनीति की सच्ची परीक्षा यही है कि वह केवल जातीय समीकरणों से ऊपर उठकर समानता और समरसता की लड़ाई लड़े। शिक्षा और स्वास्थ्य की उपेक्षा उत्तर प्रदेश को सबसे पीछे धकेल रही है। सरकारी स्कूलों में संसाधन नहीं हैं, शिक्षक नहीं हैं, बच्चों का भविष्य अंधकारमय है। सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर और दवाइयां नहीं मिलतीं, आम आदमी को इलाज के लिए निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है, जहां खर्च उसकी सामर्थ्य से कहीं अधिक होता है। इस यात्रा को यदि जनता गंभीरता से लेगी, तो तभी जब यह इन बुनियादी सवालों को आवाज देगी। जनता यह जानना चाहती है कि सड़क और पुल बनाने से आगे क्या उसकी जिंदगी आसान होगी, क्या उसके बच्चों को बेहतर शिक्षा मिलेगी, क्या बीमारी की हालत में इलाज मिलेगा, क्या किसान का पसीना उसे सम्मानजनक जीवन देगा।

लोकतंत्र का असली मूल्य यही है कि सत्ता जनता की तकलीफों को सुने और उनका समाधान करे। लेकिन आज सत्ता और समाज के बीच दूरी बढ़ती जा रही है। सत्ता बड़े आयोजनों और विज्ञापनों में व्यस्त है, जबकि जनता बेरोजगारी, महंगाई और असुरक्षा के बोझ तले कराह रही है। इस स्थिति में जब कोई राजनीतिक दल सड़क पर उतरता है, तो जनता उसमें अपनी उम्मीदें खोजती है, लेकिन उम्मीदें स्थाई तभी बनती हैं जब आंदोलन केवल नारेबाजी न रहकर ठोस कार्यक्रम और नीति का रूप लें। यही इस पदयात्रा की सबसे बड़ी चुनौती होगी। इतिहास गवाह है कि उत्तर प्रदेश की धरती पर निकली यात्राओं ने राजनीति की दिशा बदली है। आजादी की लड़ाई में यह धरती निर्णायक बनी। आजादी के बाद भी किसान आंदोलनों से लेकर सामाजिक न्याय की पुकार तक, हर आंदोलन ने राजनीति पर असर डाला। आज जब लोकतंत्र का स्वरूप केवल चुनाव और सत्ता की होड़ तक सीमित होता जा रहा है, तब ऐसी यात्राओं का महत्व और बढ़ जाता है। यह यात्रा लोकतंत्र की असली कसौटी होगीकृक्या यह जनता की आवाज को सत्ता तक पहुंचा पाएगी या केवल मीडिया की सुर्खियों में सिमट जाएगी। सरयू से संगम तक की यात्रा का सांस्कृतिक और ऐतिहासिक अर्थ भी गहरा है। यह यात्रा उस प्रदेश की पहचान को सामने लाती है, जहां धर्म और आस्था के साथ-साथ संघर्ष और चेतना की भी धारा बहती है। सरयू से लेकर संगम तक का सफर प्रतीक है उस समाज का, जहां विविधता के बीच एकता है, जहां आस्था और संघर्ष साथ-साथ चलते हैं, और जहां हर युग में जनता ने अपनी आवाज से राजनीति की दिशा बदली है। आखिर में सवाल यही है कि क्या यह यात्रा जनता की पीड़ा को सचमुच अपनी धड़कन बना पाएगी। क्या यह केवल राजनीतिक महत्वाकांक्षा की अभिव्यक्ति बनकर रह जाएगी या समाज में नया अध्याय लिखेगी। लोकतंत्र की ताकत जनता है, और जनता तभी जागती है जब उसे लगता है कि उसकी तकलीफें सचमुच सुनी जा रही हैं। यदि यह यात्रा जनता की उम्मीदों को ठोस योजनाओं और नीतियों में बदलने का साहस करती है, तो यह सरयू से संगम तक का सफर केवल एक यात्रा नहीं बल्कि सामाजिक पुनर्जागरण का अध्याय बन जाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद ईरान का स्वावलंबी होना

ट्रंप प्रशासन ने ही 2020 और उसके बाद ईरान के परमाणु, बैलिस्टिक मिसाइल और हथियार कार्यक्रमों को रोकने के लिए नए प्रतिबंध जोड़े। यहां तक कि 2025 में भी, ट्रंप द्वारा ईरान के तेल व्यापार और परमाणु कार्यक्रम से जुड़े व्यक्तियों और कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए गए। अमेरिका ने इसी वर्ष ईरान के तेल व्यापार, पेट्रोकेमिकल उद्योग और परमाणु अनुसंधान पर कड़े प्रतिबंध लगाए हैं। अभी इसी वर्ष गत मई में ही अमेरिका ने परमाणु वार्ता के बीच ही पुन: नए प्रतिबंध लगा दिए थे। इस प्रतिबंध में तीन ईरानी अधिकारियों और एक कंपनी को निशाना बनाया गया है।



तनवीर जाफरी

विश्व के सिर पर सवार अमेरिकी वर्चस्व का भूत अब धीरे धीरे उतरने लगा है। खासकर डोनल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे शासनकाल में जैसा बर्ताव दुनिया के अनेक देशों के साथ किया है उससे भी अमेरिका की साख को काफी गहरा धक्का पहुंचा है। कभी वे कनाडा को 51 वां अमेरिकी राज्य बताकर खलबली पैदा कर देते हैं तो कभी दुनिया के अनेक देशों पर मनमानी टेरिफ लगाकर आर्थिक संकट खड़ा करते हैं। कभी भारत और रूस जैसे देशों की अर्थव्यवस्थाओं को श्मृत अर्थव्यवस्था श बताकर इन देशों को अपमानित करते हैं। तो कभी वीजा फीस असीमित कर लोगों की चिंता बढ़ा देते हैं। गौर तलब है कि गत 31 जुलाई को राष्ट्रपति ट्रंप ने एक विवादास्पद टिप्पणी पोस्ट करते हुए लिखा था कि मुझे भारत का रूस के साथ क्या करना है, उसकी परवाह नहीं। वे अपनी मृत अर्थव्यवस्थाओं को साथ ले जा सकते हैं, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। उसी समय ट्रंप ने भारत को रूस से सैन्य उपकरण और ऊर्जा तेल खरीदने के लिए दंड लगाने की भी धमकी दी थी। ट्रंप का कहना था कि चीन के बाद भारत रूस का सबसे बड़ा ऊर्जा खरीदार है। जबकि अमेरिका यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए रूस पर दबाव डाल रहा है। ट्रंप का मत था कि भारत से तेल से मिलने वाले पैसों का इस्तेमाल रूस, यूक्रेन युद्ध में कर रहा है। इस घटनाक्रम में एक मजेदार मोड़ तब आया था जब स्वयं यूक्रेन ने कह दिया था कि उसे भारत रूस के व्यापारिक रिश्तों को लेकर कोई आपत्ति नहीं है। इसी तरह गजा में अमेरिकी संरक्षण में जिस तरह इस्राईल जनसंहार कर रहा है दुनिया के तमाम देश, संयुक्त राष्ट्र संघ, अंतर्राष्ट्रीय अदालत सब इस्राईल खासकर नेतन्याहू की जनविरोधी नीतियों के विरुद्ध हैं। बार-बार इस्राईली नीतियों के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव पास हो रहे हैं, नेतन्याहू के विरुद्ध वारंट जारी हो रहे हैं परन्तु इस्राईल का दमनचक्र जारी है और उसका परममित्र अमेरिका खामोश है?

दुनिया ने यह भी देखा कि इजराइल ने किस तरह मध्य एशिया में अमेरिका के परम् सहयोगी देश कतर पर हमास लीडरशिप को निशाना बनाकर ताबड़तोड़ हवाई हमले किए। इतना ही नहीं बल्कि जरूरत पड़ने पर आगे भी कतर पर हमले की चेतावनी दी। परन्तु अमेरिका इस कार्रवाई को भी देखता रह गया। गोया यह इजराईल व नेतन्याहू को दी जा रही अमेरिकी सरपरस्ती का ही परिणाम है कि इस्राईल के ही दो पूर्व प्रधानमंत्री एहुद बराक और एहुद ओल्मर्ट को यहां तक कहना पड़ चुका है कि नेतन्याहू इस्राईल को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अछूत बनाने की ओर ले जा रहे हैं। ऐसे में ईरान जैसे देश घोर अमेरिका विरोधी देश की तरफ नजर डालना भी जरूरी है। क्योंकि अमेरिका ने ईरान पर 1979 की ईरानी क्रांति के बाद से ही आर्थिक और राजनयिक प्रतिबंध लगाए हुए हैं। सबसे पहले 1979 में अमेरिकी ने अपने तेहरान दूतावास में बंधक संकट के बाद पहली बार व्यापक प्रतिबंध लगाए थे जिसमें ईरानी तेल आयात पर रोक लगा दी गई थी और ईरानी संपत्तियों को फीज कर दिया गया था। उसके बाद 1980-90 के दशक में ईरान को आतंकवाद का समर्थक बताकर और परमाणु कार्यक्रम की आशंकाओं का बहाना बनाकर इन प्रतिबंधों को और सख्त किया गया। इसके बाद 1995 में तत्कालीन राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने ईरान के साथ सभी व्यापारिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिए। इसी तरह 2000 के दशक में पुन: ईरान के परमाणु कार्यक्रम की आड़ में संयुक्त राष्ट्र और अमेरिका ने ईरान पर और नए प्रतिबंध लगा दिए। इन प्रतिबंधों का निशाना ईरान के वित्तीय संस्थान, तेल निर्यात और तकनीकी व्यापार थे। हालांकि ईरान द्वारा अपने परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने के वादे के बाद 2015 में संयुक्त व्यापक कार्य योजना द्धश्रब्च्व्।ऋ, यानी ईरान परमाणु समझौते के तहत, कई प्रतिबंध हटाए भी गए थे। परन्तु राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2018 में ईरान पर खासकर तेल निर्यात, बैंकिंग और शिपिंग सेक्टर पर फिर से कड़े प्रतिबंध लागू कर दिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# स्वच्छ ऊर्जा की दौड़ में चीन का बढ़ता वर्चस्व



विनीत नारायण

आज की दुनिया में ऊर्जा नीतियां सिर्फ आर्थिक निर्णय नहीं हैं, बल्कि वैश्विक वर्चस्व की कुंजी हैं। जब अमेरिका तेल और गैस पर दांव लगाकर पुरानी राह पर लौट रहा है, वहीं चीन स्वच्छ ऊर्जा क्रांति को गति दे रहा है। यह विरोधाभास न केवल आर्थिक असंतुलन पैदा कर रहा है, बल्कि भविष्य की तकनीकी दिग्गजोंकृजैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्धएआईऋकृके लिए बुनियादी ढांचे को भी प्रभावित कर रहा है। साइरस जेन्सेन की हालिया वीडियो 'अमेरिका जस्ट मेड द ग्रेटेस्ट मिस्टेक ऑफ द 21वीं सेंचुरी' इस मुद्दे को बेबाकी से उजागर करती है। य

अमेरिका, जो कभी नवाचार का प्रतीक था, अब अपनी ऊर्जा नीतियों में उल्टा चढ़ाव दिखा रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में, अमेरिका ने अलास्का में 44 अरब डॉलर का प्राकृतिक गैस प्रोजेक्ट शुरू किया था। जनरल मोटर्स जैसी कंपनियां इलेक्ट्रिक वाहनों ईवी की योजनाओं को रद्द कर रही हैं और वी8 गैस इंजनों पर लौट रही हैं। यहां तक कि ईवी खरीद पर टैक्स क्रेडिट भी समाप्त कर दिए गए हैं। यह सब तब हो रहा है जब दुनिया जलवायु परिवर्तन से जूझ रही है और नवीकरणीय ऊर्जा ही भविष्य का रास्ता दिख रही है।


जेन्सेन की वीडियो में साफ कहा गया है कि अमेरिका की यह रणनीति अल्पकालिक लाभ के लिए है। तेल और गैस निर्यात बढ़ाने से तत्काल आर्थिक फायदा तो मिलेगा, लेकिन लंबे समय में यह वैश्विक बाजारों में पीछे धकेल देगा। अमेरिका ने 1950 के दशक में सोलर पैनल विकसित किए थे, 1970 के दशक में लिथियम-आयन बैटरी का आविष्कार किया, लेकिन रोनाल्ड रीगन जैसे नेताओं ने जिमी कार्टर के व्हाइट हाउस सोलर पैनल हटाकर इसकी उपेक्षा की। आज भी वही पुरानी सोच हावी है। परिणामस्वरूप, अमेरिका ईवी निर्यात में मात्र 12 अरब डॉलर और बैटरी निर्यात में 3 अरब डॉलर पर सिमट गया है, जबकि सोलर पैनल निर्यात तो महज 69 मिलियन डॉलर का है।

यह भूल सिर्फ आर्थिक नहीं, भू-राजनीतिक भी है। वैश्विक दक्षिणकृजो सौर और पवन ऊर्जा के 70 प्रतिशत स्रोतों और महत्वपूर्ण खनिजों के 50 प्रतिशत का नियंत्रण रखता हैकृअब नवीकरणीय ऊर्जा की ओर मुड़ रहा है। अमेरिका का जीवाश्म ईंधन पर फोकस इन देशों को अलग-थलग कर देगा, जबकि चीन इनके साथ साझेदारी कर रहा है। वहीं, चीन ने स्वच्छ ऊर्जा को राष्ट्रीय प्राथमिकता बना लिया है। 2024 में चीन ने दुनिया के बाकी देशों से ज्यादा विंड टर्बाइन और सोलर पैनल लगाए। ईवी और बैटरी स्टोरेज में निवेश ने इसे वैश्विक नेता बना दिया है। पिछले साल चीन ने 38 अरब डॉलर के ईवी निर्यात किए, 65 अरब डॉलर की बैटरी बेचीं, और सोलर पैनल के 40 अरब डॉलर के निर्यात किए। स्वच्छ ऊर्जा पेटेंट में चीन के पास 7 लाख से ज्यादा हैं, जो दुनिया के आधे से अधिक हैं।

जेन्सेन उद्धृत करते हुए बताते हैं कि चीन की सफलता का राज समन्वित प्रयास है। सीएल के सह-अध्यक्ष शिएन पैन कहते हैं, ह्चीन को लंबे लक्ष्य पर प्रतिबद्ध करना मुश्किल है, लेकिन जब हम प्रतिबद्ध होते हैं, तो समाज के हर पहलूकृसरकार, नीति, निजी क्षेत्र, इंजीनियरिंग सभी एक ही लक्ष्य की ओर कड़ी मेहनत करते हैं। यह दृष्टिकोण अमेरिका की छिटपुट नीतियों से बिल्कुल अलग है।

चीन अब वैश्विक बाजारों में फैल रहा है। ब्राजील, थाईलैंड, मोरक्को और हंगरी में ईवी और बैटरी फैक्टरियां बना रहा है। हंगरी में 8 अरब डॉलर का कारखाना, इंडोनेशिया में 11 अरब डॉलर का सोलर प्लांटकृए निवेश न केवल आर्थिक, बल्कि भू-राजनीतिक लाभ भी दे रहे हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के हवाले से जेन्सेन कहते हैं, ईवी बैटरी बनाने वाले देश दशकों तक आर्थिक और भू-राजनीतिक फायदे काटेंगे। अभी तक का एकमात्र विजेता चीन है। पिछले 15 वर्षों में चीन ने बिजली उत्पादन में अमेरिका को पीछे छोड़ दिया है। यह आंकड़ा महत्वपूर्ण है क्योंकि एआई जैसी उभरती तकनीकें बिजली पर निर्भर हैं। चीन का स्वच्छ ऊर्जा निवेश न केवल पर्यावरण बचाएगा, बल्कि एआई क्रांति में भी नेतृत्व देगा। आरएमआई की 'पावरिंग अप द ग्लोबल साउथ' रिपोर्ट बताती है कि वैश्विक दक्षिण के 70 प्रतिशत सौर-पवन संसाधन चीन की रणनीति से जुड़ रहे हैं। यह संघर्ष सिर्फ दो महाशक्तियों का नहीं, बल्कि पूरी दुनिया का है। वैश्विक दक्षिण अफ्रीका, लैटिन अमेरिका, दक्षिण एशियाकृअब सस्ती और सतत ऊर्जा की तलाश में है। चीन ने इन देशों में सस्ते सोलर पैनल और ईवी तकनीक पहुंचाई है, जबकि अमेरिका के महंगे गैस प्रोजेक्ट इनके लिए बोझ साबित हो रहे हैं। परिणाम? यह देश चीन की ओर झुक रहे हैं।

भारत के संदर्भ में देखें तो यह चेतावनी स्पष्ट है। हमारी 'मेक इन इंडिया' और 'प्लेड्ज फॉर क्लाइमेट' पहलें स्वच्छ ऊर्जा पर केंद्रित हैं, लेकिन चीन का वर्चस्व चुनौती है। भारत सोलर और विंड में प्रगति कर रहा है, लेकिन बैटरी और ईवी चिप्स में आयात पर निर्भरता बनी हुई है। यदि हम चीन की तरह समन्वित नीति नहीं अपनाते, तो वैश्विक आपूर्ति श्रंखला में पीछे रह जाएंगे। अमेरिका की गलती से सबक लेते हुए, भारत को स्वदेशी नवाचार पर जोर देना चाहिएकृजैसे लिथियम खनन और बैटरी रिसाइक्लिंग में निवेश। अमेरिका की यह भूल नई नहीं है। 20वीं सदी में जापान ने इलेक्ट्रॉनिक्स में अमेरिका को पीछे छोड़ा था, क्योंकि अमेरिका ने अल्पकालिक लाभ को प्राथमिकता दी। आज चीन स्वच्छ ऊर्जा में वही कर रहा है। जेन्सेन की वीडियो एक चेतावनी हैरू जो देश बिजली उत्पादन में आगे होगा, वही एआई और अगली औद्योगिक क्रांति जीतेगा। अमेरिका को अपनी नीतियां पलटनी होंगीकृईवी सब्सिडी बहाल करनी होंगी, नवीकरणीय अनुसंधान में निवेश बढ़ाना होगा। लेकिन समय कम है। चीन का बढ़त 10 वर्षों का नहीं, बल्कि दशकों का हो सकता है। अमेरिका ने 21वीं सदी की सबसे बड़ी गलती कर दी हैकृजीवाश्म ईंधन पर दांव लगाकर स्वच्छ ऊर्जा के भविष्य को गंवा दिया। चीन का उदय एक सबक है समन्वित, दूरदर्शी नीतियां ही विजेता बनाती हैं। भारत जैसे देशों को इस दौड़ में शामिल होना चाहिए, ताकि हम न केवल पर्यावरण बचाएं, बल्कि आर्थिक स्वतंत्रता भी हासिल करें। समय आ गया है कि दुनिया एकजुट होकर स्वच्छ ऊर्जा को अपनाए। अन्यथा, इतिहास हमें माफ नहीं करेगा।



(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ट्रम्प के मंत्री बोले: हमे भारत को दुरुस्त करना होगा

## भारत ऐसे कदम न उठाए जिससे दोनों देशों का नुकसान हो

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने रविवार को एक इंटरव्यू में कहा कि उन्हें भारत समेत कई देशों को दुरुस्त करना है। इनमें स्विट्जरलैंड और ब्राजील शामिल हैं। लुटनिक ने चेतावनी दी कि ये देश अपने बाजार खोलें और ऐसे कदम न उठाएं जिससे अमेरिका को नुकसान हो, इसी वजह से हमारे रिश्तों में दिक्कत आ रही है।

न्यूज नेशन से बातचीत में उन्होंने ने कहा कि अगर भारत अमेरिका में सामान बेचना चाहता है तो उसे ट्रम्प प्रशासन की शर्तों को मानना पड़ेगा। अमेरिकी मंत्री ने ने भारत को सही तरीके से रिएक्ट करने की सलाह दी है। उन्होंने ने कहा कि समय के साथ ये मुद्दे सुलझ जाएंगे, लेकिन अगर आप अमेरिकी उपभोक्ताओं को अपना सामान बेचना चाहते हैं, तो आपको अमेरिका के राष्ट्रपति के साथ तालमेल बिठाना होगा। गौरतलब है कि 22 से 24 सितम्बर के बीच भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में



■ अगर भारत अमेरिका में सामान बेचना चाहता है तो उसे ट्रम्प प्रशासन की शर्तों को मानना पड़ेगा: लुटनिक

एक उच्च-स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल अमेरिका गया था। इस दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) और निवेश को लेकर अहम बातचीत हुई। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, पीयूष गोयल ने अमेरिकी ट्रेड प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीयर और भारत के लिए नामिनेट अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर से मुलाकात की। दोनों देशों ने माना कि व्यापार समझौते को जल्दी पूरा करने के लिए बातचीत जारी रखी जाएगी, ताकि यह दोनों देशों के लिए फायदेमंद साबित हो। लुटिनक ने 5 सितम्बर को भारत पर 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ हटाने के लिए तीन शर्त रखी थीं। उन्होंने कहा था कि भारत को रूस से तेल खरीदना बंद करना पड़ेगा, ब्रिक्स से अलग होना होगा और अमेरिका का सपोर्ट करना होगा। उन्होंने यह भी कहा था कि एक-दो महीने में भारत ट्रम्प के साथ बातचीत की टेबल पर आएगा और माफी मांगेगा। लुटिनक के मुताबिक, भारत ट्रम्प के साथ नया सौदा करने की कोशिश करेगा। यह सौदा ट्रम्प की शर्तों पर होगा और वे प्रधानमंत्री मोदी के साथ इसे अंतिम रूप देंगे। ट्रम्प के 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद पहली बार ट्रेड डील पर बातचीत के लिए 16 सितम्बर को अमेरिकी दल भारत पहुंचा था।

## हर नौ मिनट में रेबीज से होती है एक मौत: डब्ल्यूएचओ

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार विश्व में हर नौ मिनट में कहीं न कहीं रेबीज से एक व्यक्ति की जान जाती है। अगर जंगली जानवरों के काटने के बाद एंटी रैबीज सीरम और टीके के पूरे डोज ले लिए जाएं तो इससे बचाव मुमकिन है। हर साल 28 सितम्बर को विश्व रेबीज दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर आज डब्ल्यूएचओ ने इसके रोग के बारे को लेकर लोगों को आगाह किया है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक 150 से ज्यादा देश खासकर एशिया और अफ्रीका में रेबीज एक गंभीर समस्या है।



**लद्दाख।** हाल ही में राज्य के लिए विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा में मारे गए 24 वर्षीय स्टैनजिन नामग्याल के पार्थिव शरीर को लेह में कर्फ्यू के बीच अंतिम संस्कार के लिए ले जाते समय पहरा देते सुरक्षाकर्मी।

## संक्षिप्त समाचार

### गुटेरेस ने इज़रायल और हूती के बीच सैन्य तनाव की निंदा की

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने यमन में इजरायल और हूती समूह के बीच जारी सैन्य तनाव की निंदा की है। गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। दुजारिक ने बयान में कहा कि महासचिव इस क्षेत्र में तनाव बढ़ने के खतरे को लेकर बेहद चिंतित हैं और सभी पक्षों से अत्यधिक संयम बरतने का आग्रह करते हैं। बयान में कहा गया है कि गुटेरेस सभी पक्षों को यह सुनिश्चित करने के उनके दायित्वों की याद दिलाते हैं कि अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार नागरिकों का हर समय सम्मान और सुरक्षा हो।

### रूस ने 40 से अधिक यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए

**मॉस्को।** रूस की वायु सेना ने अलग अलग रूसी इलाकों में दागे गए 41 यूक्रेनी मानवरहित हवाई वाहन (यूएवी) को स्थानीय समयानुसार देर रात मार गिराया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 28 सितम्बर की रात हवाई रक्षा प्रणाली ने 41 यूएवी नष्ट कर दिये गए। मंत्रालय ने बताया कि कुर्स्क इलाके में 12, ब्रांस्क इलाके में 10, बेलगोरोद इलाके में आठ, तुला इलाके में चार, यारोस्लाव क्षेत्र में तीन, रोस्तव क्षेत्र में दो और नोवगोरोड क्षेत्र और समारा क्षेत्र में एक-एक यूएवी मार गिराया गया है।

### कैमरून में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव अभियान शुरू

**याउंडे।** कैमरून में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव अभियान शनिवार को आधिकारिक रूप से शुरू हो गया। एक महिला सहित 12 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। यह अभियान दो सप्ताह तक चलेगा और 12 अक्टूबर को मतदान होगा। प्रमुख उम्मीदवारों में सत्तारूढ़ कैमरून पीपुल्स डेमोक्रेटिक मूवमेंट के नेता एवं राष्ट्रपति पॉल बिया, इसा चिरोमा बाकरी और बेलो बौबा मैगारी शामिल हैं। प्रमुख विपक्षी दल सोशल डेमोक्रेटिक फ्रंट के उम्मीदवार जोशुआ ओसिह ने अंग्रेजी भाषी उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के प्रमुख शहर बामेंडा में अपना अभियान शुरू किया, जो 2017 से सशस्त्र अलगाववादी संघर्ष से त्रस्त है।

# यूएन में भारत की जिम्मेदारी बढ़ाने का चीन-रूस ने किया समर्थन

## टैरिफ युद्ध के बीच रूस और चीन ने एक बार फिर दिखाई भारत के साथ एकजुटता

**न्यूयॉर्क/मास्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ युद्ध के बीच रूस और चीन ने एक बार फिर भारत से करीबी का इजहार किया है। दरअसल रूस और चीन ने सुरक्षा परिषद में भारत और ब्राजील को ज्यादा जिम्मेदारी देने का समर्थन कर दिया है। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा की 80वीं बैठक से इतर ब्रिक्स देशों की बैठक में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि भारत, ब्राजील और अफ्रीकी देशों को सुरक्षा परिषद में स्थाई प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए, क्योंकि इन देशों की बड़ी आबादी और वैश्विक प्रभाव को ध्यान में रखा जाना जरूरी है। इसके बाद चीन ने भी इसी तरह के विचार रखते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में ज्यादा समावेशिता सुनिश्चित करना अंतर्राष्ट्रीय शांति और स्थिरता के लिए आवश्यक है। मजबूत वैश्विक भू-राजनीति के लिहाज से यह कदम इसलिए भी बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि हाल ही में जी-20 सम्मेलन के दौरान भारत-चीन व रूस के बीच एक मजबूत गठजोड़ देखने को मिला था। इस दौरान पीएम मोदी, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन व चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग एक साथ नजर आए थे और इन तस्वीरों ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा था। उधर भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार की अपील करते हुए भारत की स्थाई सदस्यता का खुला समर्थन किया है। तोबगे ने कहा कि परिषद में प्रतिनिधित्व बढ़ाया जाना वक्त की जरूरत है। ऐसे में भारत और जापान जैसे देशों को स्थाई सदस्य के रूप में संयुक्त राष्ट्र में शामिल किया जाना चाहिए। वहीं रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि भारत और रूस के बीच आर्थिक साझेदारी खतरे में नहीं है। भारतीय प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री ने साफ कर दिया है कि भारत अपने साझेदार खुद चुनता है। लावरोव भारत पर रूस से तेल खरीदने को लेकर अमेरिका की ओर से संभावित द्वितीयक प्रतिबंध लगाने के सवाल का जवाब दे रहे थे। लावरोव ने आगे कहा, श्यदि अमेरिका के पास भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार को समृद्ध करने के प्रस्ताव हैं, तो वे इसके लिए शर्तों पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं, चाहे अमेरिका जो भी शर्तें रखे। लेकिन जब बात भारत और तीसरे देशों के बीच व्यापार, निवेश, आर्थिक, सैन्य, तकनीकी और अन्य संबंधों की आती है, तो यह ऐसी चीज है जिस पर भारत केवल संबंधित देशों के साथ ही चर्चा करेगा। भारत और रूस संबंधों पर लावरोव ने कहा, हम भारत के राष्ट्रीय हितों का पूरा सम्मान करते हैं और पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा इन हितों को बढ़ावा देने वाली विदेश नीति का भी। हम उच्चतम स्तर पर नियमित संपर्क में रहते हैं। लावरोव ने आगे कहा कि भारत और अमेरिका या भारत और किसी अन्य देश के बीच जो भी परिस्थितियां पैदा हों, उन्हें रूस-भारत संबंधों का मानदंड नहीं माना जा सकता। हमारा भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी का लंबा अनुभव है।



दिसम्बर में भारत आएंगे पुतिन, लावरोव बोले: खतरे में नहीं दोनों देशों की आर्थिक साझेदारी

### भारत बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश: पुतिन



**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हाल ही में फोन पर बातचीत की और भारत-रूस संबंधों की मजबूती को दोहराया। पुतिन ने मोदी सरकार की उपलब्धियों और भारत की तेज आर्थिक वृद्धि की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश है। क्रेमलिन की वेबसाइट ने पिछले सप्ताह मोदी और पुतिन के बीच हुई बातचीत की जानकारी दी है। इस दौरान पुतिन ने कहा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत पूरी तरह स्वतंत्र और संप्रभु नीति अपना रहा है और सबसे अहम बात यह है कि वह अर्थव्यवस्था में बेहद अच्छे नतीजे हासिल कर रहा है। यह बातचीत पुतिन की ओर से पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन पर बधाई संदेश भेजने के कुछ दिन बाद हुई। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने मोदी के व्यक्तिगत योगदान की सराहना करते हुए कहा कि भारत-रूस की विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को मजबूत बनाने और आपसी सहयोग बढ़ाने में भारतीय पीएम ने अहम भूमिका निभाई है।

# यूएस नहीं, चीन है पाक का रणनीतिक भविष्य

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि वो अपने मुल्क का 'रणनीतिक भविष्य' अमेरिका नहीं बल्कि चीन के साथ देखते हैं। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य कारण चीन का भरोसेमंद होना है, जैसा अमेरिका के साथ नहीं है। खास बात यह है कि ख्वाजा आसिफ का यह बयान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात के अगले ही दिन आया है।

ख्वाजा आसिफ ने यह बात ब्रिटिश-अमेरिकी पत्रकार मेहदी हसन को दिए एक इंटरव्यू में कही। पत्रकार हसन ने ख्वाजा आसिफ से पूछा था कि पिछले चार वर्षों में पाकिस्तान ने अपने 80 प्रतिशत हथियार चीन से लिए हैं, ऐसे में अमेरिका के साथ दोस्ती क्या चीन के साथ संबंधों को खराब कर सकती है। आसिफ ने कहा कि चीन बहुत भरोसेमंद साथी है, उन्होंने हमें पनडुब्बियां और जेएफ-17 जैसे लड़ाकू विमान दिए हैं, चीन के साथ हमारा रक्षा सहयोग बढ़ रहा है। अमेरिका व अन्य देशों के साथ ऐसा नहीं हो रहा है क्योंकि वे गैर-भरोसेमंद हैं। आसिफ ने



■ ट्रम्प की शहबाज व मुनीर से मुलाकात के बाद पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का बयान

कहा कि पाकिस्तान और अमेरिका के संबंध हमेशा 'लेन-देन' जैसे रहे हैं, जबकि पाकिस्तान ने चीन को सदैव शीर्ष सहयोगी माना है। पत्रकार ने आसिफ से दोबारा पूछा कि क्या आपका रणनीतिक भविष्य चीन के साथ माना जाए। जवाब में आसिफ ने 'हां' कहते हुए जोड़ा कि चीन हमारा पड़ोसी है, हम एक दूसरे से सीमाएं और भूगोल साझा करते हैं। इंटरव्यू में आसिफ कई बार बेहद असहज दिखे। जब उनसे सवाल पूछा गया कि पाकिस्तान में असली ताकत राजनीतिक नेतृत्व के पास है या सेना प्रमुख आसिम मुनीर के पास, आसिफ हिचकिचाते हुए दिखाई दिए।

# यमन में एलपीजी टैंकर पर इजरायली ड्रोन हमला

■ 24 पाकिस्तानी सवार थे, हूती विद्रोहियों ने भी बंधक बनाया, 10 दिन बाद रिहा किया

**सना।** पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने बताया कि 17 सितम्बर को यमन के रास अल-ईसा बंदरगाह पर इजरायली ड्रोन ने एक पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) टैंकर पर हमला किया। यह बंदरगाह हूती विद्रोहियों के नियंत्रण में है।

टैंकर ईरान के बंदर अब्बास बंदरगाह से आ रहा था। इस टैंकर पर 27 चालक दल के सदस्य सवार थे, जिनमें 24 पाकिस्तानी, 2 श्रीलंकाई और 1 नेपाली नागरिक शामिल थे। टैंकर के कप्तान मुक्तार अकबर भी पाकिस्तानी हैं। नकवी ने अमेरिकी सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर बताया कि ड्रोन हमले के कारण टैंकर के एक एलपीजी टैंक में विस्फोट हुआ, जिससे आग लग गई। चालक दल ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया। हालांकि, इसके बाद हूती विद्रोहियों की नावों ने टैंकर को घेर लिया और चालक दल को जहाज पर ही बंधक बना लिया। नकवी ने बताया कि लंबे प्रयासों के बाद टैंकर और इसके चालक दल को हूतियों ने 10 दिन बाद रिहा कर दिया है, और अब वे यमन के इलाके से सुरक्षित बाहर निकल चुके हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने भी रविवार सुबह बताया कि टैंकर पर सवार 24 पाकिस्तानी नागरिक पूरी तरह सुरक्षित हैं और आगे बढ़ रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि 17 सितम्बर को यमन के तट पर टैंकर में आग लगने की सूचना मिलते ही पाकिस्तानी दूतावासों ने यमनी अधिकारियों से बात की।

# हमारा पड़ोसी देश आतंकवाद का सेंटर: भारत

## यूएन में जयशंकर बोले: बड़े आतंकी हमलों की जड़ें एक ही देश से जुड़ी

**न्यूयॉर्क।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार रात यूएन महासभा (यूएनजीए) को संबोधित किया। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की और पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा कि हमारा पड़ोसी आतंकवाद का सेंटर है।

भारतीय विदेश मंत्री ने बताया कि वहां आतंकवादियों का खुलेआम गुणगान किया जाता है। दशकों से, बड़े अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी हमलों की जड़ें उसी देश तक जाती हैं। जयशंकर ने आतंकवाद की फंडिंग रोकने की मांग की। उन्होंने कहा कि आतंकी ढांचों का खात्मा जरूरी है। आतंकियों से लड़ाई हमेशा से भारत की प्राथमिकता रही है। जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार की मांग करते हुए कहा कि यूएन के सदस्य 4 गुना बढ़ गए हैं। अब स्थाई सदस्यों की संख्या बढ़नी चाहिए। उन्होंने अपने भाषण में इंडिया की जगह भारत शब्द का इस्तेमाल किया। जयशंकर ने पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए कहा कि ये क्रास-बार्डर टेररिज्म का सबसे हालिया



■ आतंकी ढांचे का खात्मा जरूरी

उदाहरण है। भारत ने आतंकवाद से अपने लोगों की रक्षा करने का अधिकार का इस्तेमाल किया है। उन्होंने कहा कि भारत को आजादी के बाद से ही ऐसे पड़ोसी का सामना करना पड़ा है, जो आतंकवाद का ग्लोबल सेंटर है। यूएन की आतंकवादी सूचियों में उसके नागरिकों की भरमार है। जयशंकर ने जोर दिया कि जब कोई देश आतंकवाद को सरकारी नीति घोषित करता है, जब आतंकवादी ठिकाने इंडस्ट्री लेवल पर चलते हैं, जब आतंकवादियों को सार्वजनिक तौर पर महिमामंडित किया जाता है, तो ऐसे हमलों की बिना शर्त निंदा की जानी चाहिए। जयशंकर ने कहा कि हमें आतंकवाद का मुकाबला करने की खास जरूरत है क्योंकि यह कट्टरता, हिंसा, असहिष्णुता और डर को एक साथ जोड़ता है। जयशंकर ने कहा कि अपने अधिकारों पर जोर देने के साथ-साथ, हमें खतरों का भी बहादुरी से सामना करना चाहिए। आतंकवाद एक साझा खतरा है, इसलिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग जरूरी है।

जयशंकर ने चेतावनी दी कि जो देश आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले राष्ट्रों को छूट देंगे, आखिर में वही आतंकवाद उनके लिए भी खतरा बनकर लौटेगा। जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में तुरंत सुधार की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्थाई परिषद में स्थाई और अस्थाई दोनों सदस्यों की संख्या बढ़ानी चाहिए, ताकि यहां ज्यादा लोग बात रख सकें। जयशंकर ने विश्व नेताओं से कहा: हम चाहते हैं कि यूएनएससी में ज्यादा देशों को जगह मिले। भारत इसमें ज्यादा जिम्मेदारियां निभाने के लिए तैयार है।

## कांगो में इबोला प्रकोप से 42 लोगों की मोत

**किशासा।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) के कसाई प्रांत में इबोला विषाणु संक्रमण के कारण 64 दर्ज मामलों में से 42 लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों में शनिवार को इसकी जानकारी दी। इसे देखते हुए संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने 'वैश्विक स्तर पर रोकथाम' का आह्वान किया है। स्थानीय मीडिया के अनुसार प्रांतीय संचार एवं मीडिया मंत्री बाज़नि पेम्बे ने कहा कि 26 सितम्बर को दर्ज हुए 64 मामलों (जिनमें 53 पुष्ट और 11 संभावित मामले हैं) में से 42 लोगों की मौत हो गई है। इन 42 में से 31 पुष्ट मामले हैं। कांगो सरकार ने चार सितम्बर को इसे प्रकोप घोषित कर दिया था, जो देश का 16वां इबोला प्रकोप है। 1976 में पहली बार कांगों में इस विषाणु का पता चला था। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने कहा कि कसाई क्षेत्र देश के सबसे नाजुक क्षेत्रों में से एक है।

# अर्जेंटीना में 3 लड़कियों की इंस्टाग्राम पर लाइव दिखाई हत्या

## ड्रग गैंग ने बेरहमी से पीटा, उंगलियां काटीं, नाखुन उखाड़े, फिर गला घोंटकर मार डाला

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना में ड्रग गैंग ने तीन लड़िकयों की बेरहमी से हत्या कर दी और इस पूरी वारदात को इंस्टाग्राम पर लाइव दिखाया। घटना 19 सितम्बर की है। अब घटना के विरोध में प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। हत्या से पहले गैंग के गुर्गों ने लड़िकयों को बुरी तरह पीटा, उनकी उंगलियां काटीं, नाखून उखाड़े, इसके बाद गला घोंटकर मार डाला।

पुलिस के मुताबिक, तीनों को पार्टी में बुलाने के बहाने वैन में ले जाया गया और गैंग के 'नियम तोड़ने' की सजा के तौर पर मार दिया गया। वीडियो में गैंग लीडर को यह कहते सुना गया कि जो मेरे ड्रग्स चुराएगा, उसका यही हाल होगा। मृतक लड़िकयों में दो चचेरी बहनें मोरेना वेर्दी और ब्रेंडा डेल कास्टिलो (20-20 साल) और 15 साल की लारा गुटिएरेज थीं।



■ तीनों को पार्टी में बुलाने के बहाने वैन में ले जाया गया और गैंग के 'नियम तोड़ने' की सजा के तौर पर मार दिया गया: पुलिस

लड़िकयों की हत्या के विरोध में अर्जेंटीना में हजारों लोगों ने सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस अधिकारियों का आरोप है कि वीडियो को एक प्राइवेट अकाउंट पर लाइव चलाया गया था। इस लाइव को 45 लोग देख रहे थे। वहीं इंस्टाग्राम की पैरेंट कंपनी मेटा ने कहा कि उन्हें अपने प्लेटफार्म पर इस तरह की लाइवस्ट्रीम का कोई सबूत नहीं मिला। लड़िकयों की हत्या के विरोध में शनिवार को हजारों लोग न्याय की मांग करते हुए सड़कों पर उतर आए। पीड़ितों के परिवार वाले 'लारा, ब्रेंडा, मोरेना' लिखे बैनर और उनकी तस्वीरों वाले पोस्टर लेकर संसद तक मार्च पर गए। ब्रेंडा के पिता लियोनेल डेल कास्टिलो ने कहा कि लड़िकयों की सुरक्षा अब पहले से ज्यादा जरूरी है। उन्होंने बताया कि बेटी की लाश पहचानने तक की हालत में नहीं थी। ब्रेंडा के दादा एंटोनियो डेल कास्टिलो ने हत्यारों को खूनी दरिंदे कहा। राजधानी ब्यूनस आयर्स की सड़कों पर हजारों प्रदर्शनकारियों ने संसद तक विरोध मार्च निकाला। मामले में अब तक तीन पुरुष और दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से एक आरोपी को बोलीविया बार्डर सिटी विलाजोन से पकड़ा गया। उस पर कार से लाजिस्टिक सपोर्ट देने का आरोप है। पुलिस ने इस साजिश के मास्टरमाइंड की फोटो भी जारी की है। उसकी उम्र 20 साल और पेरू का नागरिक है। वह अभी फरार है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक तीनों लड़िकयों को पार्टी में प्रास्टिटयूट के तौर पर बुलाया गया था। हालांकि लारा की आंटी डेल वाले गाल्वन ने इन आरोपों को गलत बताया। उन्होंने कहा कि लारा का न तो ड्रग्स से और न ही देह व्यापार से कोई संबंध था।

## ट्रम्प ने पोर्टलैंड में सैनिकों की तैनाती का आदेश दिया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को ओरेगन राज्य के पोर्टलैंड में 'घरेलू आतंकवादियों' से निपटने के लिए सैनिकों की तैनाती का आदेश दिया। ट्रम्प ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मैं रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को युद्धग्रस्त पोर्टलैंड और घेराबंदी में फंसे हमारे किसी भी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) केंद्र को एंटीफा और अन्य घरेलू आतंकवादियों के हमले से बचाने के लिए सभी आवश्यक सैनिक उपलब्ध कराने का निर्देश दे रहा हूं। पोर्टलैंड के मेयर कीथ विल्सन ने सितम्बर की शुरुआत में एक बयान में कहा था कि देश भर के अन्य मेयरों की तरह उन्होंने 'संघीय हस्तक्षेप' का न तो अनुरोध किया था और न ही उन्हें इसकी आवश्यकता थी। विल्सन ने शनिवार को कहा कि ट्रम्प द्वारा शहर में 'सभी आवश्यक सैनिकों' को भेजने के आदेश के बाद कि पोर्टलैंड और किसी भी अन्य अमेरिकी शहर में आवश्यक सैनिकों की संख्या शून्य है। ट्रम्प ने इससे पहले लॉस एंजिल्स और वाशिंगटन, डीसी में सैनिकों की तैनाती की थी, जिसके विरोध में विरोध प्रदर्शन हुए थे।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108